■ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित
www.navbihartime.com
■ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात

वर्ष : 35, अंक : 276
पृष्ठ : 12
औरंगाबाद, शुक्रवार
7 मार्च 2025
मूल्य : 3.00 रुपये
रजि. नंबर : 52290/90

**देश और दुनिया के इतिहास में आज की प्रमुख घटनाएं**

**1509 :** फ्रांस ने वेनिस के खिलाफ युद्ध की घोषणा की।
**1827 :** ब्रिटिश रसायनशास्त्री जॉन वॉकर ने माचिस की बिक्री शुरु की।
**1969 :** अमेरिकी सेना की एक परियोजना के रूप में इंटरनेट का जन्म।
**1998 :** विश्व स्वास्थ्य दिवस को 'महिला चिकित्सा दिवस' के रूप में मनाने का विश्व स्वास्थ्य संगठन की घोषणा।
**2003 :** अमेरिकी सेना ने इराक की राजधानी बगदाद को अपने नियंत्रण में लिया।

**मनुष्य को हमेशा मौका नही ढूंढना चाहिए क्योंकि जो आज है वही सबसे अच्छा मौका है।**

# चुनावी वर्ष में सरकारी नौकरियों की भरमार

## बिहार में 1.40 लाख नई सरकारी नौकरियों की सौगात दे रही राज्य सरकार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार सरकार ने युवाओं को बड़ी सौगात देते हुए वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट में रोजगार को प्राथमिकता दी है। सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए यह बजट कई सुनहरे अवसर लेकर आया है। सरकारी नौकरियों की मांग हमेशा से ही अधिक रही है क्योंकि यह न केवल स्थायित्व प्रदान करती हैं बल्कि समाज में सम्मानजनक स्थान भी दिलाती हैं। खासकर बिहार जैसे राज्य में, जहां युवा बड़ी संख्या में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में जुटे रहते हैं, सरकार का यह कदम उनके सपनों को साकार करने में अहम भूमिका निभाएगा। वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट में बिहार सरकार ने 1.40 लाख नए पदों पर नियुक्ति का ऐलान किया है। यह राज्य के युवाओं के लिए रोजगार के नए द्वार खोलने की दिशा में एक बड़ा और महत्वपूर्ण कदम है। सरकारी नौकरियों की चाह रखने वाले उम्मीदवारों के लिए यह खबर निश्चित रूप से राहत भरी है। सरकार के इस निर्णय से ना केवल बेरोजगारी दर में कमी आएगी बल्कि राज्य की अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। पिछले वित्तीय वर्ष 2024-25 में, बिहार सरकार पहले ही 4,27,866 नियुक्तियां पूरी कर चुकी है, जो दर्शाता है कि सरकार ने बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन की दिशा में ठोस प्रयास किए हैं। अब नए वित्तीय वर्ष में सरकार ने और अधिक अवसर उपलब्ध कराने का निर्णय लिया है, जिससे योग्य और प्रतिभाशाली युवाओं को सरकारी नौकरी प्राप्त करने में



सहायता मिलेगी। सरकार ने नए वित्तीय वर्ष में रिक्त पदों के विरुद्ध नियमित नियुक्तियां करने की योजना बनाई है। इसके तहत विभिन्न सरकारी विभागों में रिक्त पदों को भरने के लिए अधियाचन (भर्ती प्रक्रिया शुरू करने का प्रस्ताव) विभिन्न आयोगों और चयन बोर्डों को भेजा गया है। इससे यह सुनिश्चित होगा कि योग्य उम्मीदवारों को समय पर नौकरी मिले और नियुक्ति प्रक्रिया में कोई अनावश्यक विलंब न हो। राज्य सरकार की यह पहल युवाओं को न केवल आर्थिक स्थिरता प्रदान करेगी बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर बनने में भी मदद करेगी। सरकारी नौकरियों की सुरक्षा, वेतनमान, भत्ते और अन्य सुविधाओं के कारण यह हमेशा से ही युवाओं की पहली पसंद रही है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सरकार ने हमेशा से ही युवाओं के हितों को प्राथमिकता दी है। रोजगार के नए अवसर पैदा करने की दिशा में सरकार गंभीरता से काम कर रही है। विभिन्न सरकारी विभागों में रिक्तियों को भरने के साथ-साथ सरकार कौशल विकास योजनाओं और स्वरोजगार को भी बढ़ावा दे रही है, जिससे राज्य के युवाओं को आत्मनिर्भर बनाया जा सके। बिहार में सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहे उम्मीदवारों के लिए यह एक सुनहरा अवसर है। वे विभिन्न आयोगों और भर्ती बोर्डों की आधिकारिक अधिसूचनाओं पर नजर बनाए रखें और परीक्षा की तैयारी में जुट जाएं। सरकार की यह पहल राज्य के युवाओं को रोजगार प्रदान करने के साथ-साथ राज्य की प्रगति में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। सरकारी नौकरी पाने का सपना देख रहे युवाओं के लिए यह बजट निश्चित रूप से एक बड़ी राहत लेकर आया है। अब जरूरत है कि वे अपनी तैयारी को मजबूत करें और इन अवसरों का भरपूर लाभ उठाएं।

# उच्च पदों पर बैठे भ्रष्ट तत्व, किराए के हत्यारों से भी बड़ी समस्या : सुप्रीम कोर्ट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट का कहना है कि उच्च पदों पर बैठे लोग बेखौफ होकर भ्रष्टाचार कर रहे हैं जिनके कारण देश में आर्थिक अशांति पैदा हुई है। न्यायालय ने लोक सेवा में लगे अधिकारियों के भ्रष्टाचार की निंदा की। अदालत ने कहा कि सरकार और राजनीतिक दलों के उंचे पदों पर बैठे लोग भ्रष्ट तत्व हैं और ऐसे तत्व किराए के हत्यारों से भी बड़ी समस्या है। जस्टिस जे बी पारदीवाला और आर महादेवन की बेंच ने देश में व्याप्त भ्रष्टाचार की गहरी जड़ें होने की निंदा की। बेंच ने कहा कि अगर भ्रष्टाचार के बारे में लोगों की धारणा का एक अंश भी सच है, तो यह सच से बहुत दूर नहीं है कि उच्च पदों पर बैठे लोगों द्वारा बेखौफ होकर किए जा रहे भ्रष्टाचार के कारण ही इस देश में आर्थिक अशांति पैदा हुई है। पीठ ने अपने आदेश में कहा, ''यदि किसी से पूछा जाए कि हमारे समाज की समृद्धि की ओर प्रगति को रोकने वाला एकमात्र कारक कौन सा है, तो निस्संदेह वह भ्रष्टाचार है। यदि विकासशील देश में समाज को कानून और व्यवस्था के लिए किराए के हत्यारों से भी बड़ी समस्या का सामना करना पड़ता है, तो वह सरकार और राजनीतिक दलों के उच्च पदों पर बैठे भ्रष्ट तत्वों से है।' सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब सरकार में ऑडिट इंस्पेक्टर देविंदर कुमार बंसल को अग्रिम जमानत देने से इनकार करते हुए ये तीखी टिप्पणियां कीं। बंसल पर एक ग्राम पंचायत द्वारा किए गए विकास कार्यों के ऑडिट के बदले रिश्वत मांगने का आरोप था। इस साल जनवरी में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम और भारतीय न्याय संहिता के प्रावधानों के तहत पटियाला के विजिलेंस ब्यूरो के पुलिस स्टेशन में अपीलकर्ता के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी। पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट द्वारा अग्रिम जमानत के लिए उनकी याचिका खारिज किए जाने के बाद उन्होंने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया।

## संक्षिप्त समाचार

### राजद नेता के बेटे को मारी गोली

**जामताड़ा (नबिटा ब्यूरो)।** झारखंड के जामताड़ा में गुरुवार को अपराधियों ने एक बड़ी वारदात को अंजाम दिया। राजद के पूर्व जिलाध्यक्ष भोला यादव के छोटे बेटे और पूर्व थाना प्रभारी प्रणय सत्यम के रिश्तेदार विनय यादव को चलती बाइक पर गोली मार दी गई। घटना मिहिजाम थाना क्षेत्र के एनएच 419 पर कान गोई इलाके में जेएमएम कार्यालय के पास हुई। विनय बाइक से खाना खाकर घर लौट रहे थे। इसी दौरान पहले से घात लगाए बैठे बाइक सवार दो बदमाशों ने उन पर गोली चला दी। घटना के बाद हमलावर पश्चिम बंगाल की सीमा की तरफ भाग निकले। गोली विनय की पीठ में रीढ़ की हड्डी में लगी है। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें पहले चिरेका के कस्तूरबा गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया। बाद में बेहतर इलाज के लिए दुर्गापुर के एक निजी अस्पताल ले जाया गया।

### 24 लाख के गांजा के साथ युवक गिरफ्तार

**मुजफ्फरपुर (नबिटा ब्यूरो)।** मुजफ्फरपुर रेल पुलिस ने जंक्शन पर होली के त्योहार को लेकर सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए भारी संख्या में पुलिस बलों की तैनाती की थी। इसी दौरान आपत्तिजनक सामान की जांच के क्रम में एक युवक को संदेह के आधार पर तलाशी ली गई। तलाशी में आरोपित के पास से 24 लाख रुपए की गांजा की खेप बरामद हुई, जिसके बाद आरोपित की जांच में उसकी निशानदेही पर अन्य तस्करों की भी पहचान करने की कोशिश जारी है। गिरफ्तार तस्कर की पहचान मोतिहारी जिला के राजेपुर थाना क्षेत्र के 20 वर्षीय सुमित कुमार के रूप में हुई है। पूछताछ के दौरान यह भी जानकारी मिली कि आरोपित ने विशेष तरीके से पैक की गई 21 किलोग्राम गांजा भी छुपाई थी, जिसे वह मुजफ्फरपुर और मोतिहारी के अलग-अलग क्षेत्रों में खपाने का षड्यंत्र रच रहा था। गिरफ्तारी के तुरंत बाद सुमित कुमार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### फाइनेंस कंपनी के ऑडिटर का शव बरामद

**समस्तीपुर (नबिटा ब्यूरो)।** समस्तीपुर के दलसिंहसराय में एक निजी फाइनेंस कंपनी के ऑडिटर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक की पहचान वैशाली जिले के राजा पाकड़ फरीदपुर निवासी विकास कुमार के रूप में हुई है, जो जाइलो माइक्रो केयर फाउंडेशन कंपनी में ऑडिटर के पद पर कार्यरत था। जानकारी के अनुसार विकास कुमार 3 मार्च को ऑडिट के लिए दलसिंहसराय शाखा आया था। कंपनी के कार्यालय में ही एक कमरे में रह रहा था। सुबह जब सफाई कर्मचारी कमरे में पहुंची, तो उसने विकास को बेड पर अचेत पाया।

# बुलडोजर एक्शन पर सुप्रीम कोर्ट ने यूपी सरकार को फटकारा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**प्रयागराज।** सुप्रीम कोर्ट ने बुलडोजर एक्शन को लेकर एक बार फिर यूपी सरकार को कड़ी फटकार लगाई है। कोर्ट ने कहा, वह प्रयागराज में गिराए गए मकानों को सरकार के खर्च पर दोबारा बनवाने का आदेश दे सकता है। बार एंड बेंच की रिपोर्ट के मुताबिक- प्रयागराज के वकील जुल्फिकार हैदर, प्रो. अली अहमद, दो महिलाओं और एक अन्य व्यक्ति ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। इन सभी के घर अगल-बगल में एक ही प्लॉट पर थे। मार्च 2021 में नोटिस मिलने के एक दिन बाद ही उनके घर गिरा दिए गए थे। न नोटिस देने का टाइम दिया गया, न ही कानूनी बचाव का मौका मिला। पीड़ितों का कहना है कि राज्य सरकार ने गलती से उनकी जमीन को गैंगस्टर अतीक अहमद की संपत्ति मान लिया था। 5 मार्च को इस मामले की सुनवाई हुई, जिसकी रिपोर्ट गुरुवार को सामने आई। जस्टिस अभय एस ओका और जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह की बेंच ने कहा, इस तरह की तोड़फोड़ चौंकाने वाली है और गलत संकेत देती है। इसमें सुधार की आवश्यकता है। राज्य सरकार की तरफ से अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी पेश हुए। उन्होंने कहा, उनके पास याचिकाकर्ताओं की संपत्ति को गिराने के लिए नोटिस देने के कारण मौजूद हैं। इस पर जस्टिस अभय एस ओका ने कहा कि अनुच्छेद 21 के तहत, किसी भी व्यक्ति को कानून में तय प्रक्रिया के मुताबिक ही उसके जीवन और व्यक्तिगत आजादी से वंचित किया जा सकता है।

# कन्नड एक्ट्रेस के फ्लैट से दो करोड़ का सोना जब्त

**बेंगलुरु (नबिटा ब्यूरो)।** कन्नड़ एक्ट्रेस रान्या राव को 3 मार्च को 14.2 किलो सोने के साथ बेंगलुरु इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर गिरफ्तार किया गया था। उन पर गोल्ड स्मगलिंग का केस दर्ज किया गया है। पुलिस ने रान्या के लावेल रोड स्थित आलीशान अपार्टमेंट की तलाशी ली। यहां से 2.1 करोड़ रुपए की ज्वेलरी और 2.7 करोड़ रुपए नकद भी बरामद किए। रान्या कर्नाटक पुलिस हाउसिंग कॉर्पोरेशन के डीजीपी रामचंद्र राव की सौतेली बेटी हैं। 3 मार्च की रात दुबई से बेंगलुरु लौटने के दौरान डायरेक्टरेट ऑफ रेवेन्यू इंटेलिजेंस ने उसे कैंपागौड़ा एयरपोर्ट पर 14.2 किलो सोने के साथ गिरफ्तार किया था। रान्या ने इसे अपने बेल्ट में छिपाकर लाई थी। डीजीपी रामचंद्र राव ने कहा कि उनका रान्या से कोई वास्ता नहीं है। गिरफ्तारी के बाद रान्या राव को कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा गया।

# बाबूलाल मरांडी होंगे झारखंड के नेता प्रतिपक्ष

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**रांची।** बाबूलाल मरांडी को भाजपा विधायक दल का नेता बनाया गया है। भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित विधायक दल के नेता की बैठक में इस पर सहमति बनी। बाबूलाल मरांडी को भाजपा विधायक दल का नेता बनाए जाने की घोषणा पार्टी द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक और केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने की। उन्होंने कहा कि भाजपा विधायकों की राय जानने के बाद सभी ने उनके नाम पर सहमति जताई है। विधायक दल का नेता बनाए जाने के बाद भूपेंद्र यादव और अन्य नेताओं ने बाबूलाल मरांडी को माला पहनाकर और लड्डू खिलाकर स्वागत किया। इस मौके पर बाबूलाल मरांडी ने मीडियाकर्मियों को संबोधित करते हुए केंद्रीय नेतृत्व के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व ने जो जिम्मेदारी दी है, उसे मैं पूरी ताकत से निभाऊंगा और विधायकों के साथ मिलकर संगठन को मजबूत करने का काम करूंगा। उन्होंने कहा कि सदन के अंदर और बाहर सभी को साथ लेकर चलूंगा। हम सभी विधायक मिलकर सदन के अंदर विपक्ष की भूमिका निभाने का काम करेंगे। मुझे उम्मीद है कि पार्टी के सभी बड़े नेताओं का मार्गदर्शन हमें मिलता रहेगा। इस अवसर पर केंद्रीय पर्यवेक्षक के रूप में आए के लक्ष्मण ने बाबूलाल मरांडी को बधाई देते हुए कहा कि राज्य गठन के बाद बाबूलाल झारखंड के पहले मुख्यमंत्री हैं। बाबूलाल मरांडी को नेता बनाया गया, उनके नेतृत्व में पार्टी आगे बढ़ेगी और सदन में भाजपा एक मजबूत विपक्ष के रूप में अपनी भूमिका निभाएगी। भाजपा केंद्रीय नेतृत्व द्वारा नामित पर्यवेक्षक भूपेंद्र यादव और के लक्ष्मण की मौजूदगी में हुई इस बैठक में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष रवींद्र राय, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी, संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी समेत कई नेता मौजूद रहे।

# जुबली पहाड़ी में लगी भीषण आग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गिरिडीह।** सीसीएल गिरिडीह कोलियरी के जुबली पहाड़ी में भीषण आग लग गई। गुरुवार की दोपहर लगी आग धीरे-धीरे पहाड़ी के कई हिस्सों में फैल गई। आग की लपट फैलते फैलते पहाड़ी के ऊपर स्थित मैगजीन हाउस तक पहुंचने लगी, जिसके बाद जिला प्रशासन और सीसीएल प्रबंधन एक्टिव हुआ और तुरंत ही अग्निशमन विभाग को दलबल के साथ भेजा गया। सूचना पर पहुंची दमकल की टीम निरंतर आग को बुझाने का प्रयास कर रही है। इधर जिस पहाड़ी में आग लगी है उस इलाके में वन विभाग के द्वारा हजारों पौधे लगाए गए हैं। आग लगने से सैकड़ों पौधे झुलस गए हैं। बताया जाता है कि आग लगभग 2 किलोमीटर इलाके में लगी है। आग की लपटें फैलते फैलते-फैलते नेशनल हाइवे 114 ए तक भी पहुंच गई हैं। आग लगने से पूरा क्षेत्र धुआं धुआं हो गया है। बता दें कि जुबली पहाड़ी का इलाका काफी संवेदनशील है।

# महागठबंधन को न मुख्यमंत्री बनने का मौका मिलेगा न मुख्यमंत्री तय करने का : नितिन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार के पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन ने विपक्षी महागठबंधन पर करारा प्रहार करते हुए कहा है कि इस बार के विधानसभा चुनाव के बाद न तो महागठबंधन को मुख्यमंत्री बनने का मौका मिलेगा न मुख्यमंत्री तय करने का। उन्होंने कहा कि बिहार को एनडीए सरकार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में ही चलना है। कांग्रेस और राजद के बीच चल रही बयानबाजी पर कमेंट करते हुए उन्होंने कहा कि पहले तेजस्वी यादव ने भरे सदन में कांग्रेस नेताओं का अपमान किया था। उस वक्त कांग्रेस के लोग भी तेजस्वी यादव की तरफ बैठे थे। श्री नवीन ने कहा कि कांग्रेस ने शायद अभी खुद को गिरवी नहीं रखा है और अपने अपमान का बदला लेने के लिए आज कांग्रेस नेताओं ने बयान दिया है कि गठबंधन का मुख्यमंत्री कौन



होगा- यह बात कांग्रेस का केंद्रीय नेतृत्व तय करेगा। हकीकत यह है कि महागठबंधन में शामिल राष्ट्रीय जनता दल और कांग्रेस दोनों को ही पता है कि सत्ता बहुत दूर है। ऐसी स्थिति में यह पूरी तरह स्पष्ट है की महागठबंधन को न मुख्यमंत्री तय करने का मौका मिलेगा और न मुख्यमंत्री बनने का।

● **रामगढ़।** रामगढ़ स्थित सीसीएल गिद्दी ए परियोजना कार्यालय में गुरुवार को सीबीआई ने बड़ी कार्रवाई की। सीबीआई की 15 सदस्यीय टीम सुबह 11 बजे कार्यालय पहुंची। छापेमारी से कार्यालय परिसर में हड़कंप मच गया। टीम सबसे पहले गिद्दी ए कोलियरी खदान पहुंची। वहां से सुरक्षा अधिकारी, पीओ, सेफ्टी ऑफिसर और एक माइनिंग सरदार को साथ लेकर गिद्दी कोलियरी परियोजना कार्यालय गई। सीबीआई अधिकारियों ने कार्यालय के बाहर बरामदे में सभी अधिकारियों और दर्जनों कर्मचारियों से पूछताछ की। कार्यालय से बाहर निकलने वाले लोगों के मोबाइल भी चेक किए गए। एक सप्ताह पहले भी 27 फरवरी को सीबीआई ने सीसीएल रेलीगढ़ा परियोजना में भी छापेमारी की थी। वहां रोड सेल में भ्रष्टाचार, कागजी गड़बड़ी और कांटाघर वजन से जुड़े मामलों की जांच की गई थी।




# पटना विश्वविद्यालय चुनाव को लेकर पुलिस एक्स्ट्रा अलर्ट मोड में

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पटना यूनिवर्सिटी के दरभंगा हाउस के कैंपस में बुधवार को बम धमाका हुआ था। संस्कृत विभाग के प्रो. लक्ष्मी नारायण की गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गई थी। गुरुवार को एसएसपी ने जानकारी देते हुए बताया कि आरोपितों की पहचान कर ली गई है। उनकी खोजबीन की जा रही है। बता दें कि जिस वक्त हमला हुआ, उस वक्त प्रोफेसर क्लास रूम में थे। बम ब्लास्ट की घटना से पूरा कैंपस सहम गया था। पटना एसएसपी अवकाश कुमार ने बताया कि- पुलिस पटना यूनिवर्सिटी के चुनाव को लेकर एक्स्ट्रा अलर्ट मोड में है। अतिरिक्त बल की प्रतिनियुक्ति की गई है। थानेदार और संबंधित पदाधिकारी



जांच के दौरान पीयू परिसर में पुलिस

आवश्यकता अनुसार बल का उपयोग कर सकते हैं। बम फेंकने की घटना में आरोपितों की पहचान हो गई है। उनके खिलाफ छापेमारी की जा रही है। पटना एसएसपी ने बताया कि सरस्वती पूजा के समय भी पटना यूनिवर्सिटी के एडमिनिस्ट्रेटर और संबंधित लोगों को छात्रावास खाली कराने के लिए कहा था। उस समय भी छापेमारी हुई थी। कार्रवाई के लिए उनके स्तर से पहल करनी है, जहां बल की आवश्यकता होगी, वहां बल हम देंगे।'' बता दें कि दो साल बाद पटना यूनिवर्सिटी के चुनाव की घोषणा हुई है। 29 मार्च को छात्रसंघ का चुनाव होना है। इससे पहले कैंपस का माहौल तनावपूर्ण हो गया है। छात्र वर्चस्व कायम करने के लिए इस तरह की हरकत करने लगे हैं। इससे पहले भी बमबाजी और गोलीबारी की घटना को लेकर पटना यूनिवर्सिटी सुर्खियों में रह चुका है।



# बिहार में भाजपा को बड़ी जीत दिलाने की तैयारी में जुटा संघ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ हरियाणा, महाराष्ट्र और दिल्ली की जीत के बाद अब बिहार में भाजपा को बड़ी जीत दिलाने के अभियान में जुट गया है। संघ परिवार इसके लिए शक्ति, शाखा और संपर्क के फार्मूले पर काम कर रहा है। इस फार्मूले के जरिए संघ की कोशिश बिहार के हर घर तक पहुंचने की है। संघ सूत्रों के अनुसार बिहार विधानसभा चुनाव से पहले आर एस एस ने गुप्त रूप से अपनी ओर से एक सर्वे कराया है। इसमें विशेष रूप से तीन चीजें जानने का प्रयास किया गया है। किन नेताओं से लोगों की नाराजगी है, कौन सा मुद्दा ज्यादा प्रभावी है और भाजपा के लिए कौन सा मुद्दा लाभदायक या नुकसानदेह हो सकता है। सूत्रों के मुताबिक चुनाव से पहले संघ बिहार में शाखा बढ़ाने की तैयारी कर रही है। दरअसल संघ के स्वयंसेवकों के लिए संपर्क का सबसे अच्छा माध्यम शाखा है। इसलिए संघ ने चुनाव से पहले बिहार में शाखाओं की संख्या बढ़ाने का निर्देश दिया है। शाखाओं के संचालन के लिए संघ ने बिहार को दो भागों उत्तर बिहार और दक्षिण बिहार में बांटा है। उत्तर बिहार की शाखाएं मुजफ्फरपुर से और दक्षिण बिहार की पटना से संचालित होता है। संघ अपने इस शताब्दी वर्ष पर उत्तर बिहार में संगठन का विस्तार और इसे हर तरह से चुस्त दुरुस्त बनाने की रणनीति पर विचार कर रहा है। इसी सिलसिले में संघ प्रमुख मोहन भागवत उत्तर बिहार के पांच दिवसीय दौरे पर आए हुए हैं। गुरुवार को सुपौल में विद्या भारती की ओर से संचालित सरस्वती विद्या मंदिर के भवन का उद्घाटन करने के बाद मोहन भागवत तीन दिनों तक मुजफ्फरपुर में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करेंगे। वह नौ मार्च को नागपुर चले जायेंगे। बिहार के चुनावी साल में संघ प्रमुख का यह पहला दौरा बहुत ही महत्वपूर्ण माना जा रहा है। सूत्रों के अनुसार मुजफ्फरपुर में होने वाली बैठक में यह तय किया जायेगा कि शाखाओं की संख्या बढ़ा कर कितनी करनी है और संपर्क को कितना सघन बनाना है। संघ सूत्रों ने बताया कि फिलहाल हर बस्ती में एक शाखा बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। इस दिशा में भी काम शुरू हो गया है। इसके साथ ही पंचायत स्तर पर एक केन्द्र बनाने का फैसला किया गया है। इसे शक्ति केंद्र का नाम दिया गया है। विधानसभा चुनाव से पहले संघ की इस तरह की साढ़े आठ हजार केन्द्र बनाने की तैयारी है।

# एनटीपीसी बाढ़ का धूमधाम से मना 27वां स्थापना दिवस

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**बाढ़।** एनटीपीसी बाढ़ में 27वां स्थापना दिवस बड़े हर्ष और उत्साह के साथ मनाया। इस विशेष अवसर पर पूरे बाढ़ टीम के साथ-साथ सीआईएसएफ, कल्याणकारी संगठनों और अन्य एजेंसियों के सदस्य भी शामिल हुए। समारोह की शुरुआत कार्यकारी निदेशक जी. श्रीनिवास राव द्वारा ध्वजारोहण के साथ हुआ साथ ही एनटीपीसी गीत का भी गायन हुआ। जी. श्रीनिवास राव ने सभा को संबोधित करते हुए एनटीपीसी बाढ़ की गौरवशाली यात्रा और ऊर्जा क्षेत्र में इसके महत्वपूर्ण योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने एनटीपीसी बाढ़ से जुड़े प्रत्येक व्यक्ति के समर्पित प्रयासों की सराहना की और कृतज्ञता व्यक्त की। इस भव्य समारोह में के. एन. रेड्डी (ईडी-पीएम), श्रीकांत केरहालकर (जीएम-ओएंडएम), ए. के. रजा (जीएम-मेंटेनेंस एंड एफएम), एस. बी. सिंह (जीएम-प्रोजेक्ट) और मंदाकिनी क्लब की अध्यक्ष कविता राव की गरिमामयी उपस्थिति रही। समारोह के समापन में गणमान्य व्यक्तियों द्वारा केक काटा गया और एनटीपीसी के प्रतीकात्मक रंग नीले और सफेद गुब्बारे आकाश में छोड़े गए।

# महागठबंधन में मुख्यमंत्री का चेहरा कोई भी हो, मुझे फर्क नहीं पड़ता : तेजस्वी यादव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना/कोलकाता।** बिहार में इस साल होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर सियासी दलों की ओर से चौसर बिछाया जाने लगा है। जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर ने पिछले दिनों दावा किया था कि अगर बिहार में उनकी सरकार बनी तो 24 घंटे के भीतर शराबबंदी को खत्म करेंगे। अब नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कहा है कि शरारबबंदी को सरकार ठीक ढंग से लागू नहीं कर पाई है। चुनाव के बाद महागठबंधन की सरकार बनी तो वह इस कानून में बदलाव कर ताड़ी को शराबबंदी से अलग करेंगे। राजद कार्यालय में गुरूवार को आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में तेजस्वी यादव ने कहा कि 1 अप्रैल 2016 से 31 अगस्त 2024 तक 12 लाख से ज्यादा लोगों की शराबबंदी के चलते गिरफ्तारी हुई है। तेजस्वी ने कहा कि महागठबंधन की सरकार बनी बिहार में 200 यूनिट फ्री में बिजली दिया जाएगा। इसी तरह बिहार में 100 फीसदी डोमिसाइल नीति लागू किया जाएगा। सरकारी नौकरी के लिए फॉर्म भरते हैं उस फॉर्म का भी पैसा नहीं देना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि सरकार प्रतियोगिता परीक्षा के लिए आने-जाने वाले परीक्षार्थियों को किराया भी देगी। तेजस्वी ने कहा कि बिहार के युवाओं को नौकरी-रोजगार देना हमारी पार्टी की प्राथमिकता रही है। प्रेस कांफ्रेंस के दौरान पत्रकारों ने तेजस्वी से महागठबंधन के मुख्यमंत्री के चेहरे पर सवाल किया तो उन्होंने कहा कि महागठबंधन में मुख्यमंत्री का चेहरा कोई भी हो, मुझे फर्क नहीं पड़ता। मैं अपने काम में लगा हूं।

# उद्यमिता विकास कार्यक्रम प्रशिक्षण के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** बिहार में उद्यमिता पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देने और सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों की क्षमताओं को मजबूत करने के लिए उद्योग विभाग ने प्रतिष्ठित संस्थानों के साथ उद्यमिता विकास कार्यक्रम प्रशिक्षण के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। यह पहल 'रेजिंग एंड एक्सेलरेटिंग' कार्यक्रम का हिस्सा है जिसका उद्देश्य एमएसएमइ को वैश्विक बाजार में अधिक प्रतिस्पर्धी बनाना है। इस एमओयू पर कई प्रतिष्ठित संस्थानों के साथ हस्ताक्षर किए गए हैं जिनमें चंद्रगुप्त प्रबंधन संस्थान पटना, भारतीय प्रबंधन संस्थान बोधगया, केंद्रीय पेट्रोकेमिकल इंजीनियरिंग एवं प्रौद्योगिकी संस्थान वैशाली और भागलपुर और एएमएसएसएससी शामिल हैं। ये प्रमुख संस्थान राज्य भर के 80,000 एमएसएमइ को गैर-आवासीय प्रशिक्षण प्रदान करेंगे जिससे उन्हें प्रतिस्पर्धात्मक व्यावसायिक वातावरण में सफल होने के लिए आवश्यक कौशल और ज्ञान से लैस किया जाएगा। प्रशिक्षण मॉड्यूल में डिजिटल और वित्तीय साक्षरता, लीन मैन्युफैक्चरिंग प्रथाएं और नेतृत्व विकास जैसे महत्वपूर्ण पहलू शामिल होंगे। इन मॉड्यूल का उद्देश्य एमएसएमइ की दक्षता को बढ़ाना, वित्तीय समावेश सुनिश्चित करना और नेतृत्व कौशल को मजबूत करना है जिससे वे राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा कर सकें। एमओयू हस्ताक्षर समारोह में उद्योग मंत्री नीतीश मिश्रा, निदेशक, तकनीकी विकास शेखर आनंद, सहायक उद्योग निदेशक निशा कुमारी एवं आरएएमपी कार्यक्रम टीम के सदस्य उपस्थित रहे। इस अवसर पर मंत्री ने कौशल विकास के महत्व पर जोर दिया जिसस एमएसएमइ क्षेत्र को और अधिक मजबूत बनाया जा सके। उन्होंने सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई कि वह उद्यमिता संस्कृति को बढ़ावा देने और सूक्ष्म और मध्यम उद्यमों को आवश्यक सहायता प्रदान करने के लिए लगातार प्रयासरत है। इसके साथ ही मंत्री नीतीश मिश्रा ने कहा बिहार सरकार द्वारा एमएसएमइ सेक्टर पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

# होली के रंग, स्वच्छता के संग



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पटना नगर निगम स्वच्छता टीम द्वारा होली गीतों के संग स्वच्छता के रंग कार्यक्रम का संचालन श्री कृष्णा पार्क और किदवई पुरी में किया गया। इसमें नगर निगम की ब्रांड एंबेसडर नीतू कुमारी नवगीत ने लोगों को बिहार के पारंपरिक होली गीतों को सुनाते हुए स्वच्छता सर्वेक्षण अभियान में हिस्सा लेने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि होली मन के मैल को मिटाने का त्यौहार है। होली तन के मैल को भी मिटाने का त्यौहार है। साथ ही यह महान त्यौहार शहर की गंदगी को मिटाने का भी त्यौहार है। हम सभी संकल्प लें और अपने-अपने मोहल्ले तथा पार्कों को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखें। स्वच्छता सर्वेक्षण जागरूकता कार्यक्रम में राजेश केसरी, शिखा, नवनीत सहित अनेक लोगों ने हिस्सा लिया।

# एचडीएफसी बैंक, भारतीय सेना और सीएससी अकादमी ने प्रोजेक्ट नमन का किया विस्तार




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** भारत के अग्रणी निजी क्षेत्र के बैंक एचडीएफसी बैंक, भारतीय सेना और सीएससी ई-गवर्नेंस ने भारतीय आर्मी के वेटरन्स के निदेशालय (डीआईएवी) के 26 स्थानों पर वेटरन्स को श्रद्धांजलि का विस्तार करने के लिए प्रोजेक्ट नमन समझौता ज्ञापन को नवीनीकृत किया है। प्रोजेक्ट नमन को सेना के दिग्गजों, उनके परिवारों और उनके निकट संबंधियों को सहायता और सेवाएं प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है। ये सीएससी केंद्र, जो सेना के दिग्गजों या उनके परिवारों या निकट संबंधियों द्वारा संचालित किए जाएंगे, रक्षा प्रतिष्ठानों के भीतर ही उनके दरवाजे पर पेंशन संबंधी सेवाएं, सरकार से नागरिक (जी2सी) सेवाएं और व्यवसाय से उपभोक्ता (बी2सी) सेवाएं प्रदान करने के लिए समर्पित हैं। एचडीएफसी बैंक के वैकल्पिक बैंकिंग चैनल और भागीदारी के कार्यकारी उपाध्यक्ष और व्यापार प्रमुख सत्येन मोदी, सीएससी अकादमी के सीईओ और भारतीय आर्मी के वेटरन्स के निदेशालय के ब्रिगेडियर प्रवीण चांदेकर ने स्मिता भगत, समूह प्रमुख - एचडीएफसी बैंक, सीएससी अकादमी के अध्यक्ष संजय राकेश, लेफ्टिनेंट जनरल, डीजी (डीसी एंड डब्ल्यू) - भारतीय सेना और भारतीय सेना, एचडीएफसी बैंक और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के सम्मानित गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। दूसरे चरण में परियोजना का विस्तार राजस्थान, पश्चिम बंगाल, हिमाचल प्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात, मध्य प्रदेश, पंजाब, जम्मू और कश्मीर, मेघालय, बिहार, ओडिशा और नई दिल्ली में 26 डीआईएवी स्थानों तक किया जाएगा। परियोजना के पहले चरण को सितंबर 2023 में 14 डीआईएवी स्थानों पर कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) की स्थापना के साथ हरी झंडी दिखाई गई थी।

# चलती ट्रेन से फेंका कचरा, चली गई नौकरी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** चलती ट्रेन से ट्रैक पर कूड़ा फेंकने वाले सफाई कर्मी का वीडियो जब सोशल मीडिया पर आया तो रेलवे ने मामले की पूरी जांच की। चलती ट्रेन से कूड़ा फेंकने वाले कर्मचारी की पहचान कंचन लाल के रूप में हुई। ऑन बोर्ड हाउसकीपिंग सर्विस प्रोवाइड करने वाली कंपनी के खिलाफ रेलवे ने कड़ा एक्शन लिया। कंपनी को सफाई कॉन्ट्रैक्ट के पारा 9 के उल्लंघन का दोषी पाया गया। इसके लिए प्रयागराज मंडल द्वारा ठेकेदार पर 25000 रुपए का जुर्माना लगाया गया। साथ ही ठेकेदार को कड़ी चेतावनी दी गई कि यदि भविष्य में इस प्रकार की गलती होती है तो और अधिक कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उधर कंपनी ने रेलवे को सफाई में कहा कि 28 फरवरी को गाड़ी संख्या 04115 सूबेदारगंज-लोकमान्य तिलक स्पेशल में कंचनलाल की ड्यूटी लगाई गई थी। उसे ट्रैक पर कचरा न फेंकने संबंधी हिदायत भी दी गई थी, लेकिन उसने काम पर लापरवाही बरती। इसके बाद सोशल मीडिया पर ए शिकायत के आधार पर उसे ड्यूटी से हटा लिया गया है। रेलवे ने ऑनबोर्ड हाउसकीपिंग सुविधा उपलब्ध कराने वाली सभी कंपनियों को निर्देश दिया है कि सभी कर्मचारियों को इधर-उधर कूड़ा निस्तारण न करने और चलती ट्रेन से कचरा न फेंकने के संबंध में प्रशिक्षित करें, कचरा कलेक्ट करने के लिए उन्हें बड़ा बैग दें और सारे कचरे को इकट्ठा करके नामांकित स्टेशन अथवा गाड़ी के समापन वाले स्टेशन पर गार्बेज कलेक्शन पॉइंट में जमा करें।

# इएसआइसी औषधालय सह शाखा कार्यालय गया द्वारा जागरुकता सत्र का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम बिहार क्षेत्र के कार्यालयों द्वारा इन दिनों आमजन तक योजना की जानकारी पहुंचाने के उद्देश्य से लगातार जागरूकता सत्र का आयोजन किया जा रहा है। इस क्रम में इएसआइसी औषधालय सह शाखा कार्यालय गया द्वारा रिवेंटिव हेल्थ चेक अप कैंप के अंतर्गत बेसिक लाइफ सपोर्ट एजुकेशन के बारे में बीमित लाभार्थियों एवं कर्मचारियों को जानकारी दिया गया। जागरूकता सत्र में वहां कार्यरत कर्मचारियों को इएसआइसी द्वारा प्रदान की जा रही सामाजिक सुरक्षा योजना से अवगत कराते हुए चिकित्सा एवं नकद हितलाभ को लेकर जागरुक किया गया। बीमारी की स्थिति में कैशलेस इलाज प्राप्त कर पाने की माध्यमों व किसी दुर्घटना के कारण, बीमारी या मातृत्व अवकाश पर रहने की स्थिति में वेतन नुकसान के कारण इएसआइसी द्वारा दी जाने वाली नकद हितलाभ के बारे में अवगत कराया गया। इस अवसर शाखा प्रबन्धक एवं अन्य कर्मी शामिल रहे। कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम के प्रावधान वैसे संस्थान जहां 10 या 10 से अधिक कर्मचारी कार्यरत हों उन पर लागू हो जाती है और इसके अंतर्गत उन कर्मचारियों को परिवार के आश्रित सदस्यों के साथ पूर्ण चिकित्सा सुविधा तथा नकद हितलाभ प्रदान करते हुए सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित की जाती है।

# तेजस्वी यादव का सपना मुख्यमंत्री बनना है : ललन सिंह

## राजद लालू परिवार तक ही सीमित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** जदयू के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री ललन सिंह ने गुरुवार को राजद को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि तेजस्वी यादव का सपना मुख्यमंत्री बनना है। सपना देखना बुरी बात नहीं, लेकिन बिहार की जनता ने उनके माता-पिता के 15 साल के शासन को देखा है। उनके शासन काल में कानून-व्यवस्था नाम की चीज नहीं थी। उन्होंने कहा कि लालू प्रसाद यादव ने 15 साल राज किया और चारा घोटाले में जेल जाने की नौबत आने पर अपनी पत्नी को मुख्यमंत्री बना दिया और अब अपने पुत्र को लेकर आगे बढ़ रहे हैं। उनकी पार्टी परिवार तक ही सीमित रही-पति, पत्नी और पुत्र। उनके शासन में सड़कों, बिजली और कानून व्यवस्था का अभाव था जबकि नीतीश कुमार ने सड़कों का जाल बिछाया, हर गांव तक बिजली पहुंचाई और सुशासन कायम किया। दरअसल, पिछले दिनों तेजस्वी ने बिहार विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान लालू-राबड़ी राज में बिहार में विकास के कई मानक स्थापित होने का दावा किया था। वहीं नीतीश कुमार के शासन काल में विकास नहीं होने की बातें कही थी। उन्होंने यहां तक कहा कि नीतीश कुमार 20 साल पुरानी बातों को दोहराते हैं जबकि उन्हें अपने कामकाज के बारे में बताना चाहिए। तेजस्वी के इन्हीं आरोपों पर ललन सिंह ने कहा कि राजद का मतलब ही पार्टी परिवार तक ही सीमित रही-पति, पत्नी और पुत्र।

# बख्तियारपुर बने नीतीश नगर , औरंगाबाद बने रामनगर : हरिभूषण ठाकुर

## बिहार में शहरों के नाम बदलने की मांग तेज, भाजपा विधायक ने उठाई आवाज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में ऐतिहासिक शहरों के नाम बदलने की मांग एक बार फिर जोर पकड़ रही है। भाजपा के फायरब्रांड विधायक हरिभूषण ठाकुर बचौल ने बख्तियारपुर, औरंगाबाद और बिहार शरीफ जैसे शहरों का नाम बदलने की मांग की है। उनका कहना है कि मुगल और इस्लामिक शासकों के नाम पर बसे शहरों का नाम बदलकर ऐसे नाम रखे जाने चाहिए जो बिहार की संस्कृति और गौरवशाली इतिहास को दर्शाएं। हरिभूषण ठाकुर बचौल ने कहा कि बख्तियारपुर का नाम बदलकर नीतीश नगर रखा जाना चाहिए क्योंकि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार इसी इलाके से आते हैं और उन्होंने राज्य के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि बख्तियार खिलजी ने नालंदा विश्वविद्यालय को जलाकर बर्बाद कर दिया था, इसलिए उनके नाम पर किसी भी स्थान का नाम नहीं रहना चाहिए। विधायक ने औरंगाबाद का नाम बदलकर राम नगर रखने की भी मांग की। उनका कहना था कि यह शहर औरंगजेब के नाम पर रखा गया था जिसे भारतीय इतिहास में क्रूर शासक के रूप में देखा जाता है। इसलिए इस जिले का नाम हिंदू संस्कृति के अनुरूप बदला जाना चाहिए। हरिभूषण ठाकुर बचौल ने कहा कि वह अपनी इस मांग को बिहार सरकार और केंद्र सरकार के समक्ष रखेंगे। उन्होंने कहा कि देश में कई स्थानों के नाम बदले गए हैं, इसलिए बिहार के ऐतिहासिक शहरों के नाम भी बदले जाने चाहिए। बिहार में नाम परिवर्तन की यह मांग कोई नई नहीं है, लेकिन अब यह एक बड़ा राजनीतिक मुद्दा बनता दिख रहा है। देखना होगा कि इस पर राज्य सरकार और प्रशासन क्या रुख अपनाते हैं।

# अवैध मिट्टी खनन के खिलाफ कार्रवाई, ट्रैक्टर जब्त

**मसौढ़ी (नबिटा सं.)।** धनरूआ में दरधा नदी से अवैध रूप से मिट्टी खनन धड़ल्ले से हो रहा है, ऐसे में लगातार मिल रहे शिकायत को देखते हुए धनरूआ पुलिस अवैध खनन को रोकने के लिए कार्रवाई कर रही है, गुरुवार को धनरूआ थाना क्षेत्र के मूसाना पर से दरधा नदी से खनन कर गौरीचक जाने के दौरान पुलिस ने मिट्टी लदा हुआ ट्रैक्टर को जब्त किया है, वहीं चालक को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। थानाध्यक्ष शुभेंदु कुमार ने बताया कि कई जगह से अवैध रूप से मिट्टी का खनन हो रहा है लगातार कार्रवाई हो रही है।

# छोटे बच्चों ने भी रखा रोजा, मुल्क की सलामती की मांगी दुआ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता / शशि तुलस्यान**

**मसौढ़ी।** माहे रमजान का पाक महीना चल रहा है। मुस्लिमों का पवित्र महीना रमजान को लेकर मुस्लिम समुदाय के हर घर में इन दिनों इबादत का दौर चल रहा है, बड़ों के साथ-साथ बच्चे भी रोजा कर रहे हैं। मसौढ़ी के मलिकाना, पुरानी बाजार, तारेगना डीह और रहमतगंज मोहल्ले में इस बार छोटे-छोटे बच्चों ने रोजा रखा और अपने परिवार और मुल्क की सलामती की दुआ मांगा है। कहते हैं कि हर रोजेदारों के लिए रमजान का यह महीना, इबादत का महीना है, कहा जाता है कि एक नेकी के बदले 70 नेकियों का सबाब मिलता है। बच्चे हो या बड़े सभी उत्साह के साथ रोजा रखते हैं। एक ओर जहां बड़े-बड़े लोग रोजा रख रहे हैं, वहीं छोटे-छोटे रोजेदार भी रोजा रख कर इबादत कर रहे हैं। मसौढ़ी के पुरानी बाजार, संगत पर मोहल्ला, मालिकाना मोहल्ले, रहमतगंज मोहल्ले में छोटे-छोटे रोजेदारों ने रोजा रखा, इस दौरान रोजा रख रहे इलतुतमिस जफिर, आयशा प्रवीण, इस्मत प्रवीण, खुशबू प्रवीण, शमसाद अली आदि ने कहा कि रोजा रखकर उन्हें काफी अच्छा लग रहा है।

# बजट के खिलाफ प्रतिवाद मार्च

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** धनरूआ में भाकपा माले की ओर से बिहार बजट के खिलाफ प्रतिवाद मार्च निकाला गया, यह प्रतिवाद मार्च धनरूआ भाकपा माले कार्यालय से निकलकर बाजार होते हुए बढ़िहा मोड़ पर नुक्कड़ सभा किया गया। नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए माले धनरूआ प्रखंड सचिव कामरेड अकलू पासवान ने कहा कि बिहार बजट में गरीबों किसानों से बेईमानी किया गया है, संघर्षरत आशा आंगनबाड़ी, जीविका, रसोइया, सफाई कर्मी, डाटा ऑपरेटर, किसान अपनी मांगों को लेकर बिहार सरकार के प्रति टकटकी लगाए हुए थे। पर उन लोगों को बजट में धोखा मिला है। इसके अलावे विकलांग, विधवा पेंशनधारी को 20वर्षों से मात्र 400 पेंशन मिलते आ रहा है। बिहार सरकार तमाम पेंशनधारियों को अपने बजट में धोखा दिया है, नुक्कड़ सभा में कामरेड वीरेंद्र प्रसाद, कामरेड निरंजन वर्मा, कामरेड खुर्शीद अंसारी, कॉमरेड सिद्धेश्वर दास, कामरेड दीपक पासवान, कामरेड उपेंद्र मांझी, कामरेड कमलेश यादव, कामरेड रामजीवन पासवान, समेत दर्जनों कार्यकर्ता नेता उपस्थित रहे।

# होली पर रेलवे का तोहफा : दक्षिण पूर्व रेलवे द्वारा विशेष ट्रेनों का संचालन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**कोलकाता।** होली के अवसर पर यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए दक्षिण पूर्व रेलवे ने कोलकाता-पुरी सहित कई अन्य मार्गों पर विशेष ट्रेनों के संचालन की घोषणा की है। ये ट्रेनें सीमित तिथियों में चलाई जाएंगी जिससे यात्रियों को उनके गंतव्य तक पहुंचने में सहूलियत मिलेगी।

**कोलकाता-पुरी विशेष ट्रेन**

03101 कोलकाता-पुरी विशेष ट्रेन 13, 18 और 20 मार्च को रात 11:50 बजे कोलकाता से रवाना होगी और अगले दिन सुबह 9:35 बजे पुरी पहुंचेगी। वापसी में, 03102 पुरी-कोलकाता विशेष ट्रेन 14, 19 और 21 मार्च को दोपहर 3:30 बजे पुरी से प्रस्थान करेगी और अगले दिन तड़के 2:00 बजे कोलकाता पहुंचेगी। यह ट्रेन अंदुल, खड़गपुर और बालेश्वर स्टेशनों पर रुकेगी। होली के दौरान यात्रियों की बढ़ती मांग को देखते हुए रेलवे ने विशेष ट्रेनों का संचालन सुनिश्चित किया है।

**चेन्नई सेंट्रल-सांतरागाछी विशेष ट्रेन (06077/06078)**

06077 एमजीआर चेन्नई सेंट्रल-सांतरागाछी विशेष ट्रेन 8 और 12 मार्च को रात 11:45 बजे चेन्नई से रवाना होगी और तीसरे दिन सुबह 7:15 बजे सांतरागाछी पहुंचेगी। वापसी में, 06078 सांतरागाछी-एमजीआर चेन्नई सेंट्रल विशेष ट्रेन 10 और 14 मार्च को सुबह 9:00 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन दोपहर 3:30 बजे चेन्नई पहुंचेगी। यह ट्रेन बालेश्वर और खड़गपुर स्टेशनों पर रुकेगी।

**पोदानूर-बेगूसराय विशेष ट्रेन (06055/06056)**

06055 पोदानूर-बाराठगक्र विशेष ट्रेन 8 और 15 मार्च को सुबह 11:45 बजे पोदानूर से चलेगी और तीसरे दिन दोपहर 2:30 बजे बाराठगक्र पहुंचेगी। वापसी में, 06056 बारा-पोदानूर विशेष ट्रेन 11 और 18 मार्च को रात 11:45 बजे रवाना होकर चौथे दिन तड़के 3:45 बजे पोदानूर पहुंचेगी। यह ट्रेन झारसुगुड़ा, राउरकेला, नुआगांव, हटिया, रांची, मुरी और बोकारो स्टील सिटी में रुकेगी।

**गोंदिया-पटना विशेष ट्रेन (08897/08898)**

08897 गोंदिया-पटना विशेष ट्रेन 11 और 12 मार्च को सुबह 11:00 बजे गोंदिया से रवाना होकर अगले दिन सुबह 11:00 बजे पटना पहुंचेगी। वापसी में, 08898 पटना-गोंदिया विशेष ट्रेन 12 और 13 मार्च को दोपहर 12:30 बजे पटना से चलेगी और अगले दिन दोपहर 2:30 बजे गोंदिया पहुंचेगी। यह ट्रेन भी झारसुगुड़ा, राउरकेला, हटिया, रांची, मुरी और बोकारो स्टील सिटी में रुकेगी।

**मालदा टाउन-चार्लापल्ली विशेष ट्रेन (03430/03429)**

03430 मालदा टाउन-चार्लापल्ली विशेष ट्रेन 18 मार्च को शाम 6:10 बजे रवाना होगी और तीसरे दिन सुबह 4:00 बजे चार्लापल्ली पहुंचेगी। वापसी में, 03429 चार्लापल्ली-मालदा टाउन विशेष ट्रेन 20 मार्च को शाम 4:50 बजे चलेगी और तीसरे दिन सुबह 5:10 बजे मालदा टाउन पहुंचेगी। यह ट्रेन अंदुल, खड़गपुर और बालेश्वर में ठहरेगी। रेलवे प्रशासन ने यात्रियों से अपील की है कि वे इन विशेष ट्रेनों में अपनी यात्रा के लिए अग्रिम आरक्षण कराएं और सफर के दौरान सुरक्षा नियमों का पालन करें।

# कामेश्वर सिंह की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

## 22 वीं पुण्यतिथि पर नेताओं ने दी श्रद्धांजलि



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** पुनपुन के कामेश्वर सिंह चौक परिसर में दिवंगत कामेश्वर प्रसाद सिंह की 22वीं पुण्यतिथि मनाई गई। इस मौके पर अमनौर विधायक सह मंत्री कृष्ण कुमार मंटू पटेल ने कहा कि कामेश्वर प्रसाद सिंह एक सामाजिक कार्यकर्ता थे। इनका कार्य हमेशा समाज के प्रति समर्पित रहा जिसकी पूर्ति संभव नहीं है। इसके पूर्व सभी कार्यकर्ताओं ने कामेश्वर प्रसाद सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। पुनपुन के चिनियाबेला निवासी कामेश्वर सिंह की 22 वर्ष पूर्व पुनपुन में अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। कामेश्वर सिंह मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बेहद करीबी थे और वर्ष 2006 में उन्होंने पुनपुन में कामेश्वर सिंह की प्रतिमा का अनावरण खुद किया था। दिवगंत कामेश्वर सिंह के बड़े भाई - सुमेश्वर सिंह, अंजनी सिंह, कामेश्वर सिंह के पोता, अमनौर विधायक कृष्ण कुमार मंटू पटेल, पूर्व मंत्री श्याम रजक, एमएलसी रवीन्द्र सिंह, पूर्व विधान पार्षद वालमीकि सिंह, पूर्व सांसद रामकृपाल यादव, अशोक सिंह जिलाध्यक्ष ग्रामीण, ओम सिंह, शत्रुघ्न पासवान, बंटी चंद्रवंशी उपस्थित रहे।

# पूर्वोत्तर क्षेत्र का संयुक्त राजभाषा सम्मेलन एवं पुरस्कार वितरण संपन्न

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग क्षेत्रीय कार्यालय (पूर्व क्षेत्र) द्वारा पूर्व एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र का संयुक्त राजभाषा सम्मेलन एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन गुवाहाटी, असम में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ जिसमें पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन स्वायत्तशासी संस्था केंद्रीय होटल प्रबंधन खान-पान प्रौद्योगिकी एवं अनुप्रयुक्त पोषाहार संस्थान हाजीपुर को क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय (पूर्व क्षेत्र) के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत 'क' क्षेत्र में संघ सरकार की राजभाषा नीति के उत्कृष्ट कार्यान्वयन हेतु वर्ष 2023-24 के लिए गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग द्वारा पुरस्कृत किया गया। सम्मेलन में बिजुली कलिता मेधी सांसद सदस्य, गुवाहाटी, दिलीप सैकिया सांसद सदस्य, उदालगुरी, अंशुली आर्य (सचिव, राजभाषा विभाग), डॉ. मीनाक्षी जॉली (संयुक्त सचिव, राजभाषा विभाग) आदि की गरिमामय उपस्थिति में कार्यक्रम में आमंत्रित मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री असम हेमंत बिस्वा सरमा तथा गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय के करकमलों द्वारा पुलक मंडल (प्राचार्य, होटल प्रबंधन संस्थान हाजीपुर) को शील्ड तथा मुर्तजा कमाल (सहायक प्रशासनिक अधिकारी सह राजभाषा अधिकारी) को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने 5 मार्च को गुवाहाटी में क्षेत्रीय राजभाषा सम्मेलन को संबोधित करते हुए हिंदी के महत्व पर जोर दिया, न केवल भारत की आधिकारिक भाषा के रूप में, बल्कि एक ऐसी एकीकृत शक्ति के रूप में भी जो सभी भारतीयों के दिलों में गूंजती है।

# बचपन बचाओ अभियान के तहत रोहतास में बड़ी कार्रवाई

## 41 बच्चियां सहित चार बच्चे भी हुए रेस्क्यू, आधा दर्जन लोगों को पुलिस ने लिया हिरासत में

### पुलिस कप्तान ने स्वयं संभाली छापेमारी की कमान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सासाराम।** बचपन बचाओ अभियान के तहत रोहतास जिले के नटवार बाजार स्थित रेड लाइट एरिया में गुरुवार को पुलिस ने छापेमारी कर लगभग 45 की संख्या में नाबालिग युवक-युवतियों को रेस्क्यू किया जिसमें 41 लड़कियां तथा चार लड़के शामिल हैं। फिलहाल पुलिस द्वारा एरिया से बरामद नाबालिगों के उम्र का सत्यापन किया जा रहा है। इसके अलावा उस एरिया से पांच अन्य



लोगों को भी पुलिस ने हिरासत में लिया है। जांचोपरांत में कार्रवाई के संकेत मिले हैं। छापेमारी अभियान की कमान स्वयं रोहतास पुलिस कप्तान रौशन कुमार संभाल रहे थे, काफी गोपनीयता बरतते हुए विशेष टीम के साथ जिले के कई थाना की पुलिस छापेमारी में शामिल हुए।

**दूसरे राज्यों से लाई गई थी लड़कियां**

रोहतास पुलिस अधीक्षक रौशन कुमार ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि जिले के नटवार थाना क्षेत्र में अन्य राज्यों से नाबालिक लड़कियों को लाकर स्टेज शो और डांस कलाकार के तौर पर पैसे का लालच देकर संलिप्त किया जाता है जिसके आधार पर सूचना संकलन एवं एनजीओ की मदद से छापामारी कर 45 नाबालिक युवक-युवतियों को रेस्क्यू किया गया है जिनके उम्र के साथ-साथ सही नाम पता का सत्यापन किया जा रहा है। इस दौरान पांच अभियुक्तों को भी हिरासत में लिए जाने की पुष्टि भी पुलिस कप्तान ने की है जिनकी भूमिका की जांच करायी जा रही है। जांचोपरांत विधि सम्मत कार्रवाई की बात एसपी ने कही है। लड़कियां का तार किस राज्य से जुड़ा है के सवाल पर कप्तान ने बताया है कि अधिकांश लड़कियां छत्तीसगढ़ इलाके की हैं, लेकिन किस अन्य अलग-अलग राज्यों से तार जुड़ता है यह नाम पता सत्यापन के बाद स्पष्ट होगा। नटवार से रेस्क्यू सभी युवक-युवतियों को जिला मुख्यालय सासाराम स्थित बाल कल्याण समिति के समक्ष पेश किया है। पुलिस की बड़ी कार्रवाई से जिले के कई रेड लाइट एरिया के इलाकों में हड़कंप मच गया है।

**बिहार की सबसे बड़ी कार्रवाई**

**डिहरी ऑन-सोन।** बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष संतोष उपाध्याय ने बताया कि बचपन बचाओ अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक रौशन कुमार के नेतृत्व में बिहार की सबसे बड़ी कार्रवाई है। यह आधुनिक यौन दास्तां का मामला है।

# डालमियानगर में घटना के बाद एसडीएम के आदेश पर नो एंट्री

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** डालमियानगर थाना क्षेत्र में बालू लदे वाहनों पर बुधवार की देर शाम से नो एंट्री लगा दिया गया है। बताया जाता है कि रतु बिघा स्थित अकोढ़ी गोला अंसार टोला निवासी कमालुद्दीन अंसारी के 3 साल के पुत्र कसिब रजा को बालू लदे हाइवे ने कुचल दिया था जिससे मौके पर मौत हो गई थी। हो-हंगामा के बाद अनुमंडल प्रशासन ने आनन-फानन में बालू लदे वाहनों पर नो एंट्री लगाकर प्रतिबंधित कर दिया है। शहर के लोगों ने बताया कि बालू लदे वाहनों की तेज रफ्तार की कई लोगों की जान जा चुकी है। एसडीएम सूर्य प्रताप सिंह ने बताया कि डालमियानगर थाना क्षेत्र में नो एंट्री सुबह 7 बजे से रात्रि 9 बजे प्रतिबंधित कर दिया गया है। बड़े वाहनों पर पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगा। उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई किया जायेगा। एसडीएम ने स्थानीय थाने की पुलिस को सख्ती से पालन करने का आदेश दिया है।

**14 आरोपित गिरफ्तार**

**डिहरी ऑन-सोन (नबिटा ब्यूरो)।** अपराधियों व शराब तस्करों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान में पुलिस ने विभिन्न कांडों के 14 आरोपितों को गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेज दिया। एसपी रौशन कुमार के अनुसार गिरफ्तार चोरी, विविध कांड, शराब तस्कर, वारंटी शामिल है। 144 लीटर देशी व दो लीटर अंग्रेजी शराब, एक बाइक, गैस सिलिंडर, चूल्हा बरामद किया गया।

# प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी ने डीलरों के साथ की बैठक

## 31 मार्च तक हर हाल में लाभुकों को इकेवाइसी करना अनिवार्य

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रामपुर।** प्रखंड बहुउद्देशीय भवन में गुरुवार को प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी तेजस्वी आनंद द्वारा डीलरों के साथ बैठक किया। प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी ने सभी डीलर को निर्देश दिया कि हर हाल में 31 मार्च तक ई केवाईसी करना अनिवार्य है नहीं करने पर विभाग द्वारा 31 मार्च 2025 के बाद राशन कार्ड से नाम हटा दिया जाएगा साथ ही अनुदानित खाद्यान्न की आपूर्ति नहीं की



जायेगी, अतएव जिनका - राशनकार्ड में नाम अंकित है तथा आधार जुड़ा हुआ है, परंतु ईकेवाईसी नहीं हुआ है, वैसे उपभोक्ता को ई केवाईसी करें जो बाहर हैं उनको निर्देशित करें कि नजदीकी पीडीएस दुकान पर जाकर ई पोश मशीन के माध्यम से ईकेवाईसी करवा लें। ईकेवाईसी राशनकार्ड में अंकित सभी सदस्यों का करवाना अनिवार्य है। ईकेवाईसी के लिए सदस्यों कार्डधारी को स्वयं अपना राशनकार्ड एवं आधार कार्ड के साथ पीडीएस दुकान पर जाकर ई पोश मशीन पर अपना अंगूठा लगवाकर बायोमेट्रिक सत्यापन करवाना पड़ेगा। विभाग द्वारा मोबाइल से भी ई केवाईसी की भी सुविधा दी गयी है जो कि प्ले स्टोर पर उपलब्ध है। अब राशनकार्ड उपभोक्ताओं को प्ले द स्टोर से फेशियल ईकेवाईसी एवं मेरा ईकेवाईसी एप्प डाउनलोड कर घर बैठे ईकेवाईसी किया जा सकता है। विदित है कि 31 मार्च 2025 के बाद बिना ईकेवाईसी वाले लाभुकों का नाम राशनकार्ड से हटा दिया जाएगा। बैठक में उपस्थित कंप्यूटर ऑपरेटर बनारसी शर्मा, डीलर राजेंद्र सिंह, कमलेश दुबे, सुशील प्रसाद, सुरेंद्र पासवान, भेली साह इत्यादि लोग मौजूद रहे।

# डिहरी पहुंची स्नेह लता कुशवाहा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह राज्य सभा सांसद उपेंद्र कुशवाहा की धर्मपत्नी स्नेह लता कुशवाहा आज डिहरी विधानसभा अंतर्गत ललित पैलेस भवन में पूर्व एनडीए प्रत्याशी रिंकू सोनी की मौसेरी बहन प्रीति सोनी संग विशाल सोनी के विवाह समारोह में सम्मिलित होने के लिए पटना से चलकर आईं। पूर्व उप मुख्य पार्षद सुनीता देवी ने पुष्प भेंट कर स्वागत किया। स्नेह लता कुशवाहा ने कहा कि रिंकू सोनी की बहन हमारी अपनी बहन की समान



है और सौभाग्य है। हम अपने परिवार के घर में शादी समारोह में उपस्थित हुए मीडिया के सवालों के जवाब में उन्होंने कहा कि यह पारिवारिक माहौल है और हर परिवार को हर खुशी में पहुंचना जग जाहिर है। इस मौके पर रिंकू सोनी, सुनीता देवी, आलोक कुमार सोनी, सत्येंद्र कुशवाहा, विराट कुशवाहा आदि लोग शामिल थे।

# जदयू जिला प्रवक्ता बने बैरिस्टर सिंह, पार्टी नेतृत्व का जताया आभार

## विकास कार्यों को जन-जन तक पहुंचाना हमारा लक्ष्य : बैरिस्टर सिंह

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** जदयू मुख्यालय स्थापना पटना के द्वारा डालमियानगर निवासी वरिष्ठ अधिवक्ता बैरिस्टर सिंह कुशवाहा को जिला प्रवक्ता नियुक्त किया गया है। जिला प्रवक्ता का आद्यतन सूची चन्दन कुमार सिंह के द्वारा जारी किया है। बैरिस्टर सिंह कुशवाहा ने कहा कि पुनः मुझे जिला प्रवक्ता जदयू रोहतास नियुक्त किया गया है। पार्टी के सभी साथियों ने शुभ कामनाएं दी हैं और मैंने प्रदेश नेतृत्व और जिला अध्यक्ष को धन्यवाद दिया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के विकास कार्यों को को जन- जन तक पहुंचाने का कार्य करना है। यही मेरा लक्ष्य है और पुनः एनडीए गठबंधन की सरकार बने जिसका नेतृत्व हमारे नेता नीतीश कुमार



करें। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना सबके लिए अपना बने और बिहार की तरक्की हो बिहारियों का मान बढ़े। बैरिस्टर सिंह कुशवाहा को जदयू नेताओं ने बधाई दी है उनमें जिलाध्यक्ष अजय सिंह कुशवाहा, बिन्दा चन्द्रवंशी, अमरेश चौधरी, गुड्डू पटेल, कृष्णा पटेल, मुमताज अंसारी, शोभा चन्द्रवंशी, डॉ निर्मल कुशवाहा सहित कई लोग शामिल हैं।

# कुंभ स्नान से नहीं लौटा युवक

**डिहरी ऑन-सोन (नबिटा ब्यूरो)।** शहर के न्यू डिलिया मोहल्ला से कुंभ स्नान को गया युवक 15 दिनों बाद घर वापस नहीं लौटा। डिहरी नगर थाना में गुमशुदगी की प्राथमिकी कराया गया है। पुलिस के अनुसार गैरेज में काम करने वाला 28 वर्षीय उपेन्द्र कुमार शर्मा गत 19 फरवरी को कुंभ स्नान करने प्रयागराज गया था। उसकी मां सुशीला देवी ने गुमशुदगी का प्राथमिकी कराया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# 13 लीटर शराब जब्त

**डिहरी ऑन-सोन (नबिटा ब्यूरो)।** नगर थाना क्षेत्र के पूर्वी मोहन बिगहा से 13 लीटर देशी शराब बरामद किया। पुलिस के अनुसार धंधेबाज टिंकू सोनी फरार हो गया है। पुलिस उसकी तलाश कर रही है।

# जमानिया गंगाजल उद्वह योजना से मिलेगा बड़ा लाभ




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**भभुआ।** जमानिया गंगाजल उद्वह योजना की साइट पर पहुंचे डीएम सावन कुमार ने बताया कि कर्मनाशा नदी में उत्पन्न जल की कमी के कारण प्रभावित सिंचाई का पुनर्स्थापन किया जाएगा। कैमूर जिला अंतर्गत रामगढ़ दुर्गावती एवं नुआं प्रखंड में लगभग 10000 हेक्टेयर तक सिंचाई क्षमता का पुनर्स्थापना एवं वृद्धि होगी। सतही जल के उपयोग को प्रोत्साहित किया जाएगा तथा क्षेत्रीय भूगर्भ जल को रिचार्ज करके जलस्तर को बढ़ाया जा सकता है। उन्होंने बताया कि इस योजना के सफलीभूत होने के पश्चात भूमिगत पाइपलाइन के उपयोग से भू अर्जन की समस्या से निजात होगी तथा वेट के माध्यम से सिंचाई योग्य भूमि को सीधे जल उपलब्ध सुनिश्चित किया जाएगा। इस दौरान जल संसाधन विभाग के सभी वरीय पदाधिकारी, स्थानीय नागरिक तथा बड़ी संख्या में प्रेस के प्रतिनिधि भी मौजूद थे।

# 35 वें दिन जारी रहा भाकपा माले का धरना

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कुदरा।** प्रखंड के बजरकोना गांव में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की मूर्ति हटाने के खिलाफ भाकपा-माले का धरना गुरुवार को 35वें दिन धरना जारी रहा। कार्यकर्ताओं का कहना है कि जब तक संबंधित पदाधिकारी द्वारा उनके मांगों पर विचार नहीं किया जायेगा तब तक कार्यकर्ता धरना पर बैठे रहेंगे। धरना का नेतृत्व सचिव मटर माला कुंवर ने की। धरना में धर्मदेव राम, जीवतराम पासवान, झलाहारा देवी, फूलमती देवी समेत कई कार्यकर्ता शामिल थे। मालूम हो कि मांगों के समर्थन में 31 जनवरी 2025 से ही कार्यकर्ता बजरकोना गांव में धरना पर बैठे हैं।

# अवैध शराब सहित धंधेबाज गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अकोढ़ीगोला।** रोहतास पुलिस अधीक्षक रौशन कुमार के निर्देश पर आगामी होली पर्व को लेकर जिले में अवैध शराब के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में आयरकोठा थाना की पुलिस ने मिली गुप्त सूचना के आधार पर बुधवार की संध्या में थाना क्षेत्र के पडुहार स्थित बगीचा से कुछ दूरी पर राजबली चौधरी के दलान के समीप से छापेमारी कर 35 लीटर अवैध महुआ शराब सहित एक धंधेबाज को गिरफ्तार किया। जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष कुसुम कुमार केसरी ने बताया कि गिरफ्तार धंधेबाज सरोज चौधरी पिता राजाराम चौधरी ग्राम पडुरी थाना नासरीगंज जिला रोहतास के रहने वाले के विरुद्ध बिहार मद्य निषेध अधिनियम के तहत कांड संख्या 26/25 दर्ज कर पुलिस हिरासत में बृहस्पतिवार को जेल भेजा गया।

### तिलौथू से भी उच्च शिक्षा की उड़ान

# गरीब और आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों को मिलेगा लाभ

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**तिलौथू (रोहतास)।** शिक्षा के क्षेत्र में एक नई क्रांति लाते हुए तिलौथू में 'उड़ान एजुकेशन कंसल्टेंसी' ने आईआईटी कंप्यूटर संस्थान में अपना नया केंद्र खोला है। यह केंद्र उन गरीब और आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों के लिए एक सुनहरा अवसर प्रदान करेगा जो इंजीनियरिंग, मेडिकल और मैनेजमेंट के क्षेत्र में अपना करियर बनाना चाहते हैं। इस अवसर पर केंद्र के संचालक सत्यानंद कुमार ने कहा कि संस्थान का मुख्य उद्देश्य प्रतिभाशाली लेकिन संसाधनों से वंचित छात्रों को उच्च शिक्षा के बेहतर अवसर उपलब्ध कराना है। उन्होंने बताया कि दसवी, बारहवीं व स्नातक पास कर चुके और अपने करियर को लेकर गंभीर



छात्र इस केंद्र से जुड़ सकते हैं।

**आर्थिक तंगी नहीं बनेगी बाधा**

संस्थान विशेष रूप से उन छात्रों की मदद करेगा जिनके अभिभावक आर्थिक रूप से सक्षम नहीं हैं। ऐसे विद्यार्थियों को स्कॉलरशिप और बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के माध्यम से आसानी से शिक्षा लोन उपलब्ध कराया जाएगा जिससे वे भारत के शीर्ष विश्वविद्यालयों, इंजीनियरिंग कॉलेजों और मेडिकल कॉलेजों में दाखिला ले सकें।

**रेगुलर और डिस्टेंस मोड की सुविधा**

संस्थान छात्रों को रेगुलर और डिस्टेंस मोड दोनों में पढ़ाई करने की सुविधा प्रदान करेगा। इससे वे अपनी सुविधा और परिस्थितियों के अनुसार उच्च शिक्षा प्राप्त कर सकेंगे।

**बेरोजगारी कम करने में मिलेगी मदद**

यह संस्थान न केवल उच्च शिक्षा को प्रोत्साहित करेगा बल्कि तिलौथू और आसपास के इलाकों में बेरोजगारी कम करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। योग्य छात्रों को सही मार्गदर्शन और संसाधन उपलब्ध कराकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाया जाएगा।

**छात्रों के लिए सुनहरा अवसर**

जो छात्र इंजीनियर, डॉक्टर या मैनेजमेंट प्रोफेशनल बनना चाहते हैं, लेकिन आर्थिक तंगी के कारण अपने सपनों को साकार नहीं कर पा रहे हैं, उनके लिए यह संस्थान एक बड़ी राहत लेकर आया है। अब तिलौथू के छात्र भी बेहतर शिक्षा और सुनहरे भविष्य की ओर अग्रसर हो सकेंगे।

# सम्राट ने तेजस्वी पर जमकर साधा निशाना

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने गुरुवार को विधानसभा में विपक्ष पर जम कर हमला बोला। सदन बजट पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए उन्होंने लालू प्रसाद यादव के कार्यकाल में प्रदेश में क्या होता था इसके बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि लालू जी के राज में 1990 से लेकर 2005 तक बिहार में काम हुआ होता तो आज बिहार में नीतीश जी को काम करने की जरूरत नहीं होती। सम्राट चौधरी ने तेजस्वी यादव पर निशाना साधते हुए उन्हें बचवा बताया। उन्होंने कहा कि जो कुछ बचवा को लिख कर दिया जाता है वह वही पढ़ता है। नीतीश कुमार आज भी तेजस्वी यादव से तीन गुना ज्यादा काम कर सकते हैं। तेजस्वी यादव को 13 साल की उम्र में खेल पुरस्कार मिला था, वे तो पहले से ही घोटालों में शामिल रहे हैं। सम्राट चौधरी ने लालू-राबड़ी राज की याद दिलाते हुए कहा कि 15 साल तक कोई काम ही नहीं हुआ, सिर्फ नाच गाना और लौंडा का नाच होता रहा। यही था लालू जी का राज। कोई विकास की बात नहीं हो रही थी। बिहार में विकास की चर्चा भी नहीं होती थी। आज नीतीश कुमार के 20 साल का हिसाब ये लोग लेते हैं पूछते हैं कि बिहार में क्या हुआ? वर्तमान में 34 प्रतिशत गरीबी रेखा के लोग है। जब लालू को सत्ता मिली थी तब 54 प्रतिशत बिहार के लोग गरीब थे। लालू जी का पूरा परिवार पता नहीं किस असत्य में जुटा हुआ है और किस भ्रम में अपने जीवन को जी रहा है। उन्होंने तेजस्वी पर सीधा हमला बोलते हुए कहा कि नेता प्रतिपक्ष ने सदन में असत्य फैलाया। बचपन में पढ़े नहीं और क्रिकेट खेलते वक्त तो पानी ही ढोते रह गए बेचारे। खेलने का भी मौका नहीं मिला। क्रिकेट खेलने के पूरे समय में मात्र 37 रन ही बनाया था।


बिहार सरकार

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय

**लघु सिंचाई प्रमंडल, औरंगाबाद**

''हर खेत तक सिंचाई का पानी''

**निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–16/2024–25**

केवल ई० निविदा पद्धति के अनुसार वेबसाईट (www.eproc2.bihar.gov.in) पर संवेदकों से दर प्रतिशत दर पर निविदा

पत्रांक–745

| | | |
|---|---|---|
| 1. | विज्ञापनदाता का नाम | कार्यपालक अभियन्ता, लघु सिंचाई प्रमंडल, औरंगाबाद। |
| 2. | विज्ञापन निर्गत करने की तिथि | दिनांक–04.03.2025 |
| 3. | परिमाण विपत्र प्राप्त करने की तिथि एवं समय | दिनांक–26.03.2025 से 04.04.2025 को अपराह्न 05:00 बजे तक। सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in ) पर |
| 4. | प्री–बीड मीटिंग का स्थान, तिथि एवं समय | दिनांक–02.04.2025 को पूर्वाहन 11:00 बजे से अपराहन् 03:00 बजे तक मुख्य अभियंता, लघु जल संसाधन विभाग, पटना, का कार्यालय जल भवन का सभागार, राईडिंग रोड, शेखपुरा, पटना। (जिसमें भाग लेना अनिवार्य है।) |
| 5. | निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि एवं समय | दिनांक– 05.04.2025 को अपराह्न 05:00 बजे तक। सिर्फ वेबसाईट (www.eproc2.bihar.gov.in ) पर |
| 6. | तकनीकी निविदा खोलने की तिथि एवं समय | दिनांक–07.04.2025 को 10:00 बजे पूर्वाह्न को संबंधित प्रमंडलीय कार्यालय में। |
| 7. | वित्तीय वीड खोलने की तिथि | सक्षम प्राधिकार द्वारा बाद में घोषित किया जाएगा। |
| 8. | निविदा की वैद्यता अवधि | 120 दिन |

09 कार्य की विवरणी

| क्र० सं० | योजना का नाम | जिला | प्रखण्ड | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (लाख में) | परिमाण–विपत्र का मूल्य (अप्रत्यर्पणीय) (केवल ऑन लाईन मोड में भुगतेय) (रूपये में) | बेल्ट्रॉन को देय बीड प्रोसेसिंग मूल्य, सेवा शुल्क सहित (अप्रत्यर्पणीय) (केवल ऑन लाईन मोड में भुगतेय) (रूपये में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1. | चाँद बिगहा चेक डैम का निर्माण कार्य | औरंगाबाद | मदनपुर | 1006.619 | 20.133 | 10000 | 5900 | 12 (बारह) माह |

विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

PR- 021010 (MWRD) 2024-25

कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, औरंगाबाद

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार



**JHARKHAND URJA SANCHARAN NIGAM LTD.**

(CIN No.:U40108JH2013SGC001704)

**Office of The General Manager**

Transmission Zone-I, Kusai Colony, Doranda, Ranchi

Phone No..: 9431707301, Email ID- gm.jusnl@gmail.com

**e-Tender Notice**

e-tender notice in two parts i.e. Technical (Part-I) and Financial (Part-II) is invited from the reputed parties, having adequate financial and technical resources to undertake the following work :-

| Sl No | NIT No. | Description of Work | Earnest Money Deposit(Rs.) | Cost of Tender (Non Refundable) ( Rs) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 519/PR/JUSNL/2024-25 | Work for Carrying out Routine Patrolling, Preventive /Breakdown /shutdown maintenance of 132KV Transmission Lines under Transmission Sub -Division, **Khunti** from01.04.2025 to 31.03.2026 of F.Y. –2025-26 | Rs. 35,000/- | Rs. 5900/- (including 18 % GST) |
| 2. | 520/PR/JUSNL/2024-25 | Work for Carrying out routine Patrolling, Preventive/Breakdown/shutdown maintenance of 132 KV Transmission Lines under jurisdiction Transmission Sub - Division **Simdega** from 01.04.2025 to 31.03.2026 of F.Y. - 2025-26 | Rs. 58,500/- | Rs. 5900/- (including 18 % GST) |
| 3. | 521/PR/JUSNL/2024-25 | Work for Carrying out Routine monthly Patrolling, Preventive /Breakdown shutdown maintenance work of 132 KV Transmission Lines under Transmission Sub -Division **Namkum** from01.04.2025 to 31.03.2026 of F.Y. - 2025-26 | Rs. 65,500/- | Rs. 5900/- (including 18 % GST) |
| 4. | 522/PR/JUSNL/2024-25 | Work for Carrying out Routine Patrolling, Preventive /Breakdown shutdown maintenance of 220 KV & 132 KV Transmission Lines under Transmission Sub -Division Hatia -II from01.04.2025 to 31.03.2026 of F.Y. - 2025-26 | Rs. 73,500/- | Rs. 5900/- (including 18 % GST) |
| 5. | 523/PR/JUSNL/2024-25 | Work for Carrying out Routine Patrolling, Preventive /Breakdown /shutdown maintenance of 132KV Transmission Lines under Transmission Sub -Division, **Lohardaga** from01.04.2025 to 31.03.2026 of F.Y. –2025-26. | Rs. 68,500/- | Rs. 5900/- (including 18 % GST) |
| 6. | 524/PR/JUSNL/2024-25 | Work for Carrying out Routine Patrolling, Preventive /Breakdown /shutdown maintenance of 132KV Transmission Lines under Transmission Sub-Division, Tamar from01.04.2025 to 31.03.2026 of F.Y. –2025-26 | Rs. 13500/- | Rs. 1476/- (including 18 % GST) |
| 7. | 525/PR/JUSNL/2024-25 | Work for Carrying out routine Patrolling, Preventive / Breakdown /shutdown maintenance of 132 KV Transmission Lines under jurisdiction Transmission Sub -Division **Kamdara** from 01.04.2025 to 31.03.2026 of F.Y. - 2025-26 | Rs. 41,000/- | Rs. 5900/- (including 18 % GST) |
| 8. | 526/PR/JUSNL/2024-25 | Work for Carrying out routine Patrolling, Preventive/Breakdown/shutdown maintenance of 132 KV Transmission Lines under jurisdiction Transmission Sub - Division Gumla from 01.04.2025 to 31.03.2026 of F.Y. - 2025-26 | Rs. 33,500 | Rs. 5900/- (including 18 % GST) |
| 9. | 527/PR/JUSNL/2024-25 | Work for Annual Maintenance of 132/33KV Grid Sub -Station **Simdega** from 01.04.2025 to 31.03.2026 of F.Y. – 2025-26 | Rs. 56,000/- | Rs. 5900/- (including 18 % GST) |
| 10. | 528/PR/JUSNL/2024-25 | Work for Annual Maintenance of 132/33KV Grid Sub -Station **Gumla** from 01.04.2025 to 31.03.2026 of F.Y. – 2025-26 | Rs. 54,000/- | Rs. 5900/- (including 18 % GST) |
| 11. | 529/PR/JUSNL/2024-25 | Work for Annual Maintenance of 132/33KV Grid Sub -Station **Kamdara** from 01.04.2025 to 31.03.2026 of F.Y. – 2025-26 | Rs. 60,000/- | Rs. 5900/- (including 18 % GST) |
| 12. | 530/PR/JUSNL/2024-25 | Work for Carrying out Routine Patrolling, Preventive /Shutdown Maintenance of 220 KV D/C Lohardaga – Latehar Transmission line under the jurisdiction of Transmission Sub - Division, Lohardaga w.e.f. 01.04.2025 to 31.03.2026 | Rs. 36,000/- | Rs. 5900/- (including 18 % GST) |

| | |
|---|---|
| Availability of T ender Documents on website | **From 07.03.2025 at 03.00 PM to 27.03.2025 upto 03:00 PM** |
| Last Date & Time for uploading of e-Tender | 27.03.2025 upto 03:00 PM |
| Last date & Time of submission of hard copy of bid. | 27.03.2025 upto 05:00 PM |
| BID Opening date for Technical (Part – I) | 28.03.2025 at 03.00 PM |
| BID Opening date for Financial (Part – II) | Will be communicated later on. |
| Tendering Officer, address for communication & submission of tender documents | General Manager, Transmission Zone – I, Kusai Colony, Doranda, Ranchi |

**TERMS & CONDITIONS :-**

1.0 A complete set of bidding documents may be downloaded by any interested bidder from website https://jharkhandtenders.gov.in. Interested bidders have to necessarily register themselves on https://jharkhandtenders.gov.in to participate in the bidding under this NIT. It shall be the sole responsibility of the interested bidders to get themselves registered at the aforesaid website and apprise themselves adequately regarding all the relevant procedures and provisions related to uploading of the bids on the aforesaid website.

2.0 Bidder shall pay the EMD and BOQ cost through online mode , as a proof of payment towards e-Tender fee, copy of online receipt of e-Tender( UTR/Reference no. of online payment) must be submitted along with the technical bid before opening date and time of the bid as mentioned in tender document failing which bid will not be considered.

3.0 The detailed Qualifying Requirements (QR) are given in the bidding document.

4.0 e-Tender document and BOQ including terms & conditions, tender specification can be downloaded from website https://jharkhandtenders.gov.in. Any details required in this regard can also be had from the office of the undersigned during office hours. NIC helpline no.**0651-2400178**.

5.0 The bids will be received through electronic tendering mode only.

6.0 No claim shall be entertained on account of disruption of internet services being used by bidders. Bidders are advised to upload their bids well in advance to avoid last minute technical snag.

7.0 JUSNL reserves the right to accept or reject any bid partly or fully or cancel the bidding without assigning any reasons thereof and in such case no bidder/ intending bidder shall have any claim arising out of such action.

8.0 Address for Communication:

**GENERAL MANAGER,**
TRANSMISSION ZONE-I,
JHARKHAND URJA SANCHARAN NIGAM LIMITED
KUSAI COLONY, P.O.-DORANDA, RANCHI, PIN -834002
**Telephone no. 0651-2490513 (O)/ 9431707300 (Mobile)**

स्वहित एवं राष्ट्र हित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को टॉल फ्री नं० 1800 345 6570 पर दर्ज करायें।

PR 348003 Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd(24-25)D

Sd/-
General Manager
Trans. Zone-I, Ranchi

# बाल मजदूरी उन्मूलन और महिला उत्थान को लेकर बाल मित्र ग्राम कार्यक्रम आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली (नवादा)।** प्रखंड के जोगियामारण पंचायत में हैंड इन हैंड इंडिया के द्वारा बाल मित्र ग्राम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन बिहार-झारखंड के उपमहाप्रबंधक रवि रंजन, ग्राम पंचायत की मुखिया चिंता देवी, मुखिया प्रतिनिधि मुकेश यादव, सरपंच प्रतिनिधि अर्जुन यादव, वार्ड सदस्य विमला देवी और आंगनबाड़ी सेविका रीना देवी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। सहायक परियोजना पदाधिकारी राजेश कुमार ने बताया कि हैंड इन हैंड इंडिया पिछले दो वर्षों से बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य और महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए इस क्षेत्र में कार्य कर रही है। संस्थान द्वारा– स्कूलों में बच्चों का नामांकन बढ़ाने और बीच में पढ़ाई छोड़ चुके बच्चों को दोबारा स्कूल भेजने का प्रयास किया जा रहा है। आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों को शैक्षणिक सहायता प्रदान की जा रही है। महिलाओं के उत्थान के लिए स्वास्थ्य, शिक्षा और आजीविका के क्षेत्र में कार्य किया जा रहा है।




**बाल मजदूरी उन्मूलन पर जोर**

उपमहाप्रबंधक रवि रंजन ने कहा कि हैंड इन हैंड इंडिया पिछले 20 वर्षों से बाल मजदूरी उन्मूलन के लिए कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि बच्चों के शत-प्रतिशत नामांकन और उपस्थिति सुनिश्चित करना, उनके स्वास्थ्य की देखभाल करना और सरकारी योजनाओं का लाभ उन तक पहुंचाना संस्था का मुख्य उद्देश्य है। इसके लिए विद्यालय प्रबंधन समिति, आंगनबाड़ी अनुश्रवण एवं सहयोग समिति और बाल अधिकार संरक्षण समिति का गठन किया गया है।

**मुखिया ने पंचायत को बताया बाल मित्र पंचायत**

मुखिया चिंता देवी ने कहा कि हैंड इन हैंड इंडिया के प्रयासों से पंचायत के लगभग सभी बच्चे स्कूल जा रहे हैं और महिलाएं आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर हो रही हैं। उन्होंने कहा कि हमारा पंचायत अब बाल मित्र पंचायत बन चुका है, जहां बच्चों के लिए सुरक्षित और भयमुक्त माहौल उपलब्ध है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के द्वारा कुपोषित और कमजोर बच्चों को पोषण पाउडर, किशोरियों को सैनिटरी पैड, नवविवाहित महिलाओं को स्वास्थ्य किट प्रदान की गई। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अभय कुमार ने किया और धन्यवाद ज्ञापन सुमंत कुमार ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में जितेंद्र कुमार, संतोष कुमार, गुड्डू कुमार, आनंदी कुमार, सुमित्रा कुमारी, चंदन कुमार, दिव्या पूजा और पायल कुमारी आदि ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# सरमेरा में कृषि अनुसंधान केंद्र का निर्माण शुरू

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** जिले के सरमेरा प्रखंड स्थित राजकीय बीज गुणन परिक्षेत्र में समेकित कृषि अनुसंधान केंद्र के निर्माण कार्य की शुरुआत हो चुकी है। तीन करोड़ रुपये की लागत से बन रहे इस केंद्र में अब तक तीन यूनिट पॉली हाउस का निर्माण पूरा कर लिया गया है। यह अनुसंधान केंद्र किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों और उन्नत खेती की जानकारी देने के उद्देश्य से स्थापित किया जा रहा है। गुरुवार को जिलाधिकारी शशांक शुभंकर ने अनुसंधान केंद्र के निर्माण कार्य की प्रगति का निरीक्षण किया। उन्होंने जिला कृषि पदाधिकारी राजीव कुमार को निर्देश दिया कि किसानों को इस केंद्र से जोड़ने के लिए जागरूकता अभियान चलाया जाए और किसानों के समूह बनाए जाएं। इसके अलावा, 1.60 करोड़ रुपये की लागत से अनुसंधान केंद्र में किसान प्रशिक्षण केंद्र एवं मिट्टी जांच केंद्र भी बनाया जाएगा। इससे किसान अपनी मिट्टी की उर्वरता की जांच कर उचित फसल चयन कर सकेंगे। निरीक्षण के दौरान डीडीसी श्रीकांत कुंडीलीक खंडवाकर, बीडीओ रोशन भूषण, सीओ समीना खातून, विनोद कुमार रविदास और प्रमुख संकेत कुमार भी उपस्थित रहे। डीएम ने अनुसंधान केंद्र के साथ-साथ प्रखंड कार्यालय एवं प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन इकाई का भी निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



**किसानों को होंगे ये लाभ:** आधुनिक कृषि तकनीकों, उन्नत बीजों और जैविक खेती की जानकारी मिलेगी। मिट्टी जांच केंद्र से किसान अपनी मिट्टी के अनुसार उपयुक्त फसलों का चयन कर सकेंगे।

# होली पर ट्रेन टिकट की भारी किल्लत, प्रवासी परेशान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** होली से पहले घर लौटने की तैयारी कर रहे प्रवासी कामगारों को ट्रेन टिकट की भारी किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, चेन्नई, गुजरात और केरल से बिहार और पूर्वी उत्तर प्रदेश आने वाली लगभग सभी ट्रेनों में टिकट फुल हो चुके हैं। स्लीपर से लेकर एसी कोच तक की सीटें पहले ही बुक हो जाने के कारण यात्रियों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। त्योहार में अभी 15 दिन शेष हैं, लेकिन टिकट की जद्दोजहद अभी से शुरू हो गई है। रेलवे स्टेशनों पर लंबी कतारें लगी हैं, लेकिन वेटिंग लिस्ट इतनी लंबी हो चुकी है कि कन्फर्म टिकट मिलना नामुमकिन सा लग रहा है। यात्रियों को उम्मीद थी कि रेलवे स्पेशल ट्रेनों की घोषणा करेगा, लेकिन अब तक कोई आधिकारिक सूचना नहीं आई है। प्रवासी यात्रियों का कहना है कि हर साल होली के बाद विशेष ट्रेनें चलाई जाती हैं, लेकिन इस बार रेलवे की चुप्पी उनकी चिंता बढ़ा रही है। जिन यात्रियों को कन्फर्म टिकट नहीं मिल रहा, वे मजबूरी में जनरल कोच में सफर करने की योजना बना रहे हैं, जिससे ट्रेनों में भीड़ और अव्यवस्था बढ़ने की आशंका है। दिल्ली, मुंबई, सूरत और अन्य महानगरों में रहने वाले प्रवासियों ने रेल मंत्रालय से जल्द से जल्द होली स्पेशल ट्रेनों की घोषणा करने की मांग की है। उनका कहना है कि त्योहार के मौके पर अपनों के पास लौटना हर किसी की चाहत होती है, लेकिन टिकट न मिलने से उनकी खुशियां अधूरी रह जाएंगी।



# स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण को लेकर नगर निगम का अभिनव अभियान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** नगर निगम ने स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए एक अभिनव अभियान शुरू किया है। इस पहल का उद्देश्य नागरिकों में जागरूकता बढ़ाना और टिकाऊ विकास को प्रोत्साहित करना है। अभियान के तहत पूरे शहर में होर्डिंग और पोस्टर लगाए जा रहे हैं ताकि लोगों को स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया जा सके। नगर निगम ने प्लास्टिक बैग के उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया है और इसके स्थान पर जूट व पर्यावरण-अनुकूल बैग को बढ़ावा दिया जा रहा है। यह कदम प्लास्टिक प्रदूषण को कम करने और पर्यावरण संरक्षण में सहायक साबित होगा।

**आरआरआर केंद्र के तहत जरूरतमंदों तक पहुंच रहा अनुपयोगी सामान**

रिड्यूस, रीयूज, रीसाइकल (टटट) केंद्र के तहत नगर निगम घर-घर से अनुपयोगी सामान एकत्र कर जरूरतमंदों तक पहुंचा रहा है। इस पहल से न केवल कचरे में कमी आएगी, बल्कि समाज में सहयोग और समरसता भी बढ़ेगी।

**स्वच्छता और कचरा प्रबंधन को लेकर जागरूकता**

नगर निगम क्लीन सिटी, ग्रीन सिटी अभियान के तहत नागरिकों को कचरे के पृथक्करण और उचित प्रबंधन के लिए प्रोत्साहित कर रहा है। शहरवासियों को नीले डिब्बे में सूखा कचरा और हरे डिब्बे में गीला कचरा डालने की आदत विकसित करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। बिहारशरीफ नगर निगम की यह पहल शहर को स्वच्छ, स्वस्थ और हरित बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# खेल से होता है बच्चों का बौद्धिक व शारीरिक विकास : डॉ. धनंजय

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** स्थानीय ब्रिलिएंट ग्रुप द्वारा खेल सप्ताह का आयोजन किया गया। यह आयोजन बिहारशरीफ के दीपनगर स्टेडियम में संपन्न हुआ, जिसमें कक्षा पंचम से कक्षा नवम तक के सभी छात्रों ने विभिन्न खेल स्पर्धाओं में भाग लिया। यह खेल सप्ताह 27 फरवरी से प्रारंभ हुआ था और आज इसका समापन ब्रिलिएंट ग्रुप के सभागार में किया गया। समापन समारोह में विद्यालय के निदेशक डॉ. धनंजय कुमार ने कहा कि खेल बच्चों के बौद्धिक एवं शारीरिक विकास के लिए आवश्यक हैं। खेलों के माध्यम से न केवल मानसिकता का विकास होता है, बल्कि शारीरिक क्षमता और खेल भावना भी प्रबल होती है। विद्यालय के अध्यक्ष डॉ. शशि भूषण कुमार ने कहा कि खेल हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा हैं। बिना खेल के जीवन अधूरा लगता है। उन्होंने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि यदि नाम कमाना है, तो पहले खेल के मैदान में कुछ कर दिखाना होगा।



**प्रतियोगिता के विजेता:**

बालिका वर्ग की कक्षा 6 की कबड्डी टीम ने कक्षा 9 को हराकर विजेता ट्रॉफी हासिल की। बालक वर्ग के क्रिकेट मुकाबले में कक्षा 8 विजेता रही, जबकि कक्षा 9 उपविजेता बनी।

इस पूरे आयोजन में शिक्षकों ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। विद्यालय के शिक्षक रंजय कुमार सिंह ने रेफरी की जिम्मेदारी निभाई, जबकि पवन कुमार, किशोर कुमार पांडेय, नाजिम, दूरक्षा, मिलन एवं नाजिया खान ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

# पीएम आवास योजना की सूची में नाम जुड़वाने को महिलाओं ने लगाई गुहार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नारदीगंज,नवादा।** प्रखंड के हंडिया पंचायत के सीतारामपुर गांव के अनुसूचित परिवार पीएम आवास के सूची में नाम जोड़ने के आस लगाए हुए हैं ताकि उन्हें पीएम आवास योजना का लाभ मिल सके। इसी कड़ी में गुरुवार को आवास सहायक दीपमाला कुमारी व विकास मित्र बाल चंद कुमार सदा सीतारामपुर गांव पहुंचे और पीएम आवास से वंचित लाभुकों का नाम सूची में जोड़ने में लग गए। काफी संख्या में लाभुक नाम जोड़वाने के लिए आवास सहायक के पास आये। इस गांव के लाभुक पावो देवी, नन्हक मांझी, गोविंद मांझी, कारी देवी, शंभू मांझी, राजेन्द्र मांझी, बीरू कुमार, सीता देवी, भदानी देवी, नीरू देवी, चमेलवा देवी, सरस्वती देवी, मालो देवी, लालती देवी, ममता देवी, कारी देवी, संगीता देवी, सुनैना देवी, बुगली देवी, शांति देवी, रजरंति देवी, नीतू देवी, जूली देवी, सुशील देवी, कौशल्या देवी, सोनी देवी, सरस्वती देवी, परवतिया देवी, अंजनी देवी, गीता देवी, शरीफा देवी, मंती देवी, रिंकू देवी, सितविया देवी, पूनम देवी, धन्यमंति देवी, रिंकू देवी समेत अन्य लाभुकों ने कहा हमलोग अनुसूचित जाति के हैं। मेहनत मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करते हैं। रोजगार के अभाव में बंगाल, सहरसा, दरभंगा के अलावा उतर प्रदेश राज्य में स्थित ईंट भट्ठा पर कार्य कर रहें हैं। जब जानकारी प्राप्त हुई कि पीएम आवास योजना के तहत लाभुकों का आवास के लिए सूची तैयार हो रही है। इसके लिए जाब कार्ड भी बन रहा है। तब यह लाभ लेने के लिए गांव आये हैं। जाब कार्ड भी बन गया है। इसके लिए सभी तरह का कागजात रखे हुए हैं ताकि आवास के लिए सूची में नाम जुट जाएं लेकिन काम छोड़कर आने के बाद भी अभी तक नाम नहीं जुट पाया है। मुखिया अजय पंडित कहते हैं कि सभी लाभुक आवास योजना के लिए पात्रता रखते हैं। उन्हें लाभ मिलना चाहिए। आवास सहायक दीपमाला कुमारी कहती है कि सर्वे का कार्य चल रहा है। पात्रता रखने वाले सभी लाभुकों को सर्वे कर पीएम आवास के लिए सूची में नाम जोड़ा जाएगा। इसका ख्याल रखा जा रहा है। वैसे लाभुक एक भी वंचित नहीं रह पाएंगे। सनद रहे है यह हाल अन्य पंचायतों में भी देखने को मिल रहा है।

# युवक का शव बरामद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नारदीगंज,नवादा।** थाना क्षेत्र के वनगंगा केसौरिया सड़क मार्ग में राजगीर पहाड़ी के समीप डोहरा खंदा में एक 22 वर्षीय युवक का शव गुरुवार को सुबह में पुलिस ने बरामद किया है। मृतक की पहचान केसौरिसा निवासी स्व .अखिलेश यादव का पुत्र संदीप कुमार के रूप में की गई है। थानाध्यक्ष प्रभा कुमारी ने बताया केसौरिया निवासी स्व.अखिलेश यादव का पुत्र संदीप कुमार बीते तीन मार्च 2025 को घर से बाहर निकला था। बताया जाता है कि पारिवारिक कलह से तंग आकर युवक आत्म हत्या कर लिया। शव सड़ा गला अवस्था में था। पुलिस ने शव को जब्त कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल नवादा भेज दिया है। इस बाबत यूडी केस दर्ज किया गया है।

# पूर्व जिप अध्यक्ष पिंकी भारती बनी राजद महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश उपाध्यक्ष

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** बिहार विधानसभा चुनाव नजदीक है, ऐसे में सभी राजनीतिक पार्टियां नेताओं और कार्यकर्ताओं को जिम्मेवारी देकर अपनी तैयारी पूरी करने में लगे हैं। ऐसे में राजद द्वारा एक बड़ी जिम्मेवारी नवादा की चर्चित राजद नेत्री व पूर्व जिला परिषद अध्यक्षा पिंकी भारती को दिया गया है। राजद महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष रितु जयसवाल ने नवादा के पूर्व जिला परिषद अध्यक्षा पिंकी भारती को महिला राजद की प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया है ।

**पिंकी भारती की राजनीति में रहा पकड़ :** आपको बता दें कि पिंकी भारती को रजौली विधानसभा क्षेत्र समेत पूरे जिले में राजनीतिक पकड़ रहा है। त्रिस्तरीय पंचायतीराज चुनाव 2011 में रजौली विधानसभा अंतर्गत सिरदला प्रखंड की प्रमुख बनी तथा 2016 में जिला पार्षद निर्वाचित हुई । 2019 में जिला परिषद नवादा की अध्यक्ष भी बनी। पिंकी भारती 2011 से ही जदयू से जुड़ी रही और 2014 से जदयू की प्रदेश सचिव के पद पर रही । अपने सामाजिक कार्यों और महिलाओं के उत्थान को लेकर वे जिले में एक अलग पहचान बना रखी हैं। पार्टी के स्थानीय एवं प्रदेश नेताओं के साथ इनका गहरा संबंध रहा है। जिला से लेकर प्रदेश स्तर तक किसी कार्य में पिंकी भारती बढ़ -चढ़कर हिस्सा लेती हैं।

**तेजस्वी के आह्वान पर थामा राजद का हाथ :** बता दें कि जदयू में शामिल वरिष्ट नेत्री व पूर्व जिला परिषद अध्यक्षा पिंकी भारती पिछले लोकसभा चुनाव के दौरान नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के आह्वान पर राजद की सदस्यता ग्रहण की और पार्टी की मजबूती में लग गयी। बहुत ही कम समय में राजद में अपनी पहचान बनाने वाली पिंकी भारती ने लम्बी छलांग लगाई और महिला राजद में प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त हो गयी। तेजस्वी के चुनावी एजेंडे में माई-बहिन सम्मान योजना प्रमुख एजेंडा है,ऐसे में पिंकी भारती पर भरोसा जताना उसके कंधे पर बड़ी जिम्मेदारी मानी जा रही है।

पिंकी भारती ने अपनी प्रतिक्रिया में राजद के शीर्ष नेतृत्व राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव, नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव, राबड़ी देवी, तेज प्रताप यादव, मीसा भारती, प्रदेश अध्यक्ष जगदानन्द सिंह, महिला राजद की प्रदेश अध्यक्ष, रितु जयसवाल के प्रति आभार व्यक्त की और कहा कि मैं इनके उम्मीदों पर खरा उतरने की पूरी कोशिश करूंगी। इनके महिला प्रकोष्ठ के प्रदेश कमिटी में उपाध्यक्ष बनने पर नवादा समेत पूरे प्रदेश की महिला नेत्रियों समेत अन्य नेता और कार्यकर्ताओं ने बधाई और शुभकामना दिया है।

# बिहार बजट को गरीब विरोधी बताकर भाकपा माले ने जलाई प्रतियां

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल।** भाकपा माले की कौआकोल अंचल इकाई के द्वारा गुरुवार को बजट प्रतिरोध मार्च निकाला गया। यह प्रतिरोध मार्च कौआकोल बाजार से ब्लॉक गेट तक निकाला गया। जहां भाकपा माले के वरिष्ठ साथी दिलीप कुमार ने प्रतिरोध मार्च का नेतृत्व किया। इस अवसर पर उन्होंने राज्य सरकार द्वारा पेश किए गए बिहार बजट को गरीब, महिला, किसान, नौजवान एवं मजदूर विरोधी बताया। उन्होंने कहा कि इस बजट में तमाम गरीबों को कर्ज माफी, पांच डिसमिल जमीन और पक्का मकान दिया जाने, महिलाओं को प्रतिमाह 3000 बेरोजगारी भत्ता तथा तमाम नौजवानों को रोजगार की गारंटी एवं शिक्षा में सुधार, तमाम गरीबों को सरकारी मेडिकल के द्वारा इलाज की गारंटी का कोई योजना नहीं पास किया गया है।

# सुगा बाबा वक्तावर पूजनोत्सव के लिए कलश स्थापना 8 मार्च को

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नारदीगंज,नवादा।** सुगा बाबा वक्तावर का तीन दिवसीय पूजनोत्सव के लिए अगामी आठ मार्च 2025 को कलश स्थापना व पूजन कार्यक्रम शुरू किया जायेगा। कार्यक्रम का आयोजन हिसुआ प्रखंड के खानपुर गांव स्थित पुल के समीप मंदिर में होगी। यह जानकारी सोहजना निवासी उपेन्द्र भगत ने दिया। उन्होंने बताया आठ मार्च 2025 को कलश स्थापना व पूजन नौ मार्च को अखाडा का पूजन होगा।वही दस मार्च 2025 को पूजा का पूर्णाहुति व प्रसाद का वितरण किया जायेगा। पूजनोत्सव पूर्णाहुतिं कार्यक्रम में उद्घाटनकर्ता के रूप में पूर्व विद्यायक कौशल यादव, गोविन्दपुर पूर्व विद्यायक पूर्णिमा यादव के अलावा जिला पार्षद रंजीत कुमार उर्फ चुन्नू सिंह,जदयू जिला उपाध्यक्ष विनय यादव शिरक्त करेंगे। उसके उपरांत प्रसाद का वितरण किया जायेगा। कहा गया कि आठ मार्च से दस मार्च तक प्रतिदिन रात्रि में 8 बजे से जागरण व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए स्वागताध्यक्ष के रूप में रामरक्षा यादव के अलावा महादेवबिगहा निवासी सेवानिवृत शिक्षक कैलाश प्रसाद यादव, ओड़ो निवासी अर्जुन प्रसाद यादव, मस्तानगंज निवासी पवन यादव, हिसुआ के मनोज कुमार, जय शंकर प्रसाद उर्फ सूरज सिंह यादव को रखा गया है। वही सहयोगी कार्यकर्ताओ में महेश भगत, केरमणी भगत, विनोद भगत, सचिन भगत, कैलाश भगत, अरूण भगत, उपेन्द्र भगत, चिन्टु भगत,रविन्द्र भगत, मुखिया जी, सनोज भगत, राजू भगत, रामबालक भगत,नवल भगत, सतोष भगत,महावीर भगत, अवधेश व अन्य 31 भगत की भूमिका पूजनोत्सव कार्यक्रम में होगी। आयोजित पूजनोत्सव व हवन में 100 मन देवदार,111 किलो शुद्ध घी, 51 किलो तिल और 51 किलो जौ की आहुति दी जाएगी।

# श्रद्धा के साथ मनी होमियो चिकित्सक शशि भूषण प्रसाद सिन्हा की 21वीं पुण्यतिथि

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** होम्यो चिकित्सक डॉ शशि भूषण प्रसाद सिन्हा की 21वीं पुण्यतिथि गुरुवार को श्रद्धा के साथ मनाई गई। जिला मुख्यालय के विजय सिनेमा रोड स्थित ओम होमियो चिकित्सालय के प्रांगण में आयोजित पुण्यतिथि समारोह की अध्यक्षता जिले के प्रसिद्ध होम्यो चिकित्सा सुधीर कुमार ने किया। इस मौके पर शशि भूषण प्रसाद सिंह के चित्र पर आगत अतिथियों द्वारा पुष्प चढ़कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। इसके अलावा भक्ताओं ने उनके व्यक्तित्व व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वर्गीय सिन्हा न सिर्फ एक चिकित्सक थे बल्कि सामाजिक व्यक्ति भी थे। चिकित्सा के लिए आने वाले हर गरीब और विद्यार्थियों की निःशुल्क सेवा किया करते थे। आज इनके अनुज भ्राता डॉ सुधीर कुमार भी चल रहे हैं। इनके द्वारा भी गरीब व विद्यार्थियों की सेवा मुक्त की जाती है। इस मौके पर डा अशोक कुमार, डॉ सुबोध कुमार, सुबोध कुमार के अलावा बड़ी संख्या में गन्यमान्य लोग उपस्थित थे।

# बच्चों के बीच खेल प्रतियोगिता का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पकरीबरावां।** प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय रेवार पश्चिमी में खेल मेला का आयोजन किया गया। यह आयोजन नव चेतना विकास केंद्र के द्वारा छलांग परियोजना के कोऑर्डिनेटर पूजा कुमारी के नेतृत्व में किया गया। खेल मेला का उदघाटन प्रधानाध्यापक महेंद्र प्रसाद सिंह ने किया। नोडल शिक्षक संतोष कुमार ने बताया कि खेल मेला के अंतर्गत स्टैंडिंग खो -खो, क्लैप द ट्रेजर, रैली रेस, रस्सी खींच, अंधा ड्राइवर जैसे खेल कराया गया, जिसमें विद्यालय के सभी बच्चे एवं शिक्षक शिक्षिका काफी उत्साहपूर्वक भाग लिए। उन्होंने बताया कि इस तरह के खेल से बच्चों का मानसिक एवं शारीरिक विकास के साथ-साथ बौद्धिक विकास भी होता है। छलांग परियोजना के माध्यम से पूरे प्रखंड के 12 विद्यालयों में इस तरह का कार्यक्रम एक वर्ष से चल रहा है। आयोजन को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षक प्रहलाद कुमार, सुनीता कुमारी, शोभा कुमारी, संतोष कुमार, उजाला कुमारी, प्रीति कुमारी एवं धीरज कुमार की भूमिका काफी सहयोगात्मक एवं सराहनीय रहा।

**विद्यालयों में प्रतियोगिता आयोजित:** प्रखण्ड के विभिन्न विद्यालयों में गुरुवार को बच्चों के बीच विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। बच्चों के बीच गणित ओलंपियाड, क्विज प्रतियोगिता एवं पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। वर्ग एक से पांच तक के बच्चों का एक समूह जबकि वर्ग छह से आठ तक के बच्चों का दूसरा समूह बनाकर प्रतियोगिता आयोजित की गई। विद्यालय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले बच्चे प्रखण्ड स्तर पर 8 मार्च को आयोजित प्रतियोगिता में शामिल होंगे।

# शोभा की वस्तु बनी जल मीनार, एक साल से ग्रामीणों को नहीं मिल रहा पानी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली।** प्रखंड क्षेत्र के सुदूरवर्ती सवैयाटांड़ पंचायत के झलकडीहा गांव में जल मीनार बीते एक वर्ष से बंद पड़ा है, जिसकी खोज खबर लेने वाला कोई नहीं है। ग्रामीणों की मानें तो जल मीनार गांव के लिए एक शोभा की वस्तु बना हुआ है।झलकडीहा गांव के ग्रामीण सोनी खातून कहती हैं कि हमारा गांव पहाड़ एवं जंगलों के बीच है।बीते कुछ वर्षों पूर्व गांव के लोगों को जल सुविधा दिलाने को लेकर पीएचईडी विभाग से जल मीनार लगवाया गया था किंतु कुछ दिनों के बाद यह जल मीनार बंद पड़ गया।इसको लेकर शिकायत भी दर्ज कराई गई, किंतु स्थिति यथावत बनी हुई है।साथ ही बताई कि जल मीनार के बंद रहने से घरेलू कार्यों से लेकर दैनिक कार्यों में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं ग्रामीण मजहर अली ने बताया कि झलकडीहा गांव में लगभग 80 से 100 घर हैं एवं छोटे बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक 1000-1200 लोग गांव में रहते हैं। वहीं बीते लगभग एक वर्ष से भी अधिक समय से बिजली रहने के बावजूद जल मीनार बंद पड़ा हुआ है।

# बैंकिंग क्षेत्र में युवाओं को रोजगार देने का प्रयास

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हिलसा (नालंदा)।** एसयू कॉलेज, हिलसा में गुरुवार को बीबीए, बीएससी, बायोटेक और स्नातक पार्ट-3 के विद्यार्थियों के लिए एम्प्लॉयमेंट ट्रेनिंग प्रोग्राम और ओपन कैंपस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्राचार्य और शिक्षकों ने दीप प्रज्वलित कर किया।

प्राचार्य डॉ. गजेंद्र प्रसाद गद्कर ने अपने संबोधन में कहा कि कॉलेज शिक्षा का मंदिर है, जिसे विद्यार्थियों और समाज को शिक्षित व रोजगारोन्मुखी बनाने में योगदान देना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को मेहनत और लगन से अध्ययन करने की सलाह दी। कॉलेज के मनोविज्ञान विभाग की अध्यक्ष डॉ. पिंकी कुमारी ने उपस्थित छात्र-छात्राओं को ट्रेनिंग कार्यक्रम के महत्व पर विस्तृत जानकारी दी।



उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक और जॉइन स्किल्स एकेडमी से आए निशांत कुमार ने बैंकिंग क्षेत्र में ट्रेनिंग और जॉब प्लेसमेंट की प्रक्रिया समझाई। उन्होंने बताया कि 8 और 9 मार्च को विद्यार्थियों को ट्रेनिंग दी जाएगी, जबकि 10 मार्च को प्लेसमेंट के जरिए योग्य उम्मीदवारों का चयन किया जाएगा।

कार्यक्रम का मंच संचालन प्रो. वंदना रानी ने किया और धन्यवाद ज्ञापन कर्मचारी संघ के अध्यक्ष डॉ. राजीव नयन सिंह ने दिया। मौके पर ट्रेनिंग और प्लेसमेंट सेल के सहायक, गणित के प्राध्यापक डॉ. प्रभात कुमार, डॉ. पी.सी. चौरसिया, डॉ. रविंद्र साह, डॉ. शिव प्रसाद ठाकुर, प्रो. राजमणि कुमार, लेखापाल रोनित रॉय, तकनीकी कर्मी राजा कुमार, नवीन कुमार, गुड्डू कुमार, प्रदीप सहित सैकड़ों छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# पारिवारिक विवाद में मारपीट, महिला घायल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हिलसा (नालंदा)।** हिलसा थाना क्षेत्र के मलवां गांव में गुरुवार को पारिवारिक विवाद को लेकर मारपीट हो गई, जिसमें एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल महिला की पहचान दौलती देवी (25), पति संजीत कुमार के रूप में हुई है। परिजनों ने उन्हें इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल, हिलसा में भर्ती कराया। इलाज के दौरान दौलती देवी ने बताया कि पारिवारिक विवाद के कारण यह घटना घटी। इस संबंध में परिजनों ने हिलसा थाना पुलिस को सूचना दे दी है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

CMYK

# प्रमंडलीय आयुक्त ने किया अम्बेडकर कल्याण छात्रावास एवं ज्योतिबा फूले छात्रावास का निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**गया।** आयुक्त, मगध प्रमंडल, गया प्रेम सिंह मीणा द्वारा गुरुवार को डॉ0 भीम राम अम्बेडकर कल्याण छात्रावास रामपुर, गया एवं उसी परिसर में अवस्थित ज्योतिबा फूले छात्रावास का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम विसंगति सामने आयी जो है कि छात्रावास परिसर में गंदगी और अव्यवस्था पाया गया, जैसे साफ-सफाई का अभाव, ईंट-बालू इधर-उधर रखा पाया जाना, बच्चों के रूम में मकड़ी का जाला पाया जाना, छात्रावास के पीछे स्थित शौचालय अकार्यरत पाया जाना। अम्बेडकर कल्याण छात्रावास रामपुर-1 का भवन पुराना है जिसे रंग-रोगन एवं मरम्मति कराने तथा अतिरिक्त किचेन रूम, डाइनिंग हॉल एवं पुस्तकालय की आवश्यकता है। इस हेतु अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, गया को प्राक्कलन बनाने का निदेश दिया गया। छात्रावास में छात्रों के द्वारा साइकिल इधर-उधर रखा पाया गया। इस हेतु जिला कल्याण पदाधिकारी, गया को शेड बनाकर साईकिल स्टैंड बनाने का निदेश दिया गया। छात्रावास परिसर में ओपन जिम उबड़-खाबड़ स्थिति में पाया गया जिसे समतल कराने का निदेश जिला कल्याण पदाधिकारी, गया को दिया गया। बिजली का ट्रॉन्सफर्मर पुराना है एवं बिजली का तार यहां-वहां लटका पाया गया है तथा सोलर लाइट भी अकार्यरत पाया गया जिसे ठीक कराने हेतु जिला कल्याण पदाधिकारी, गया को निदेश दिया गया।

# गया जंक्शन के टिकट सह रिजर्वेशन भवन का बदलेगा स्वरूप

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गया।** गया जंक्शन का टिकट सह रिजर्वेशन भवन का स्वरूप बदलेगा। इसके लिए रेलवे द्वारा पहल तेज कर दी गई है। जंक्शन परिसर में करीब आठ साल पूर्व निर्मित टिकट सह रिजर्वेशन भवन को आधुनिकीकरण करने की योजना पर जल्द काम करने की तैयारी की जाएगी। इस संबंध में रेल कंट्रक्शन कंपनी के साथ रेलवे के अधिकारियों के बीच विचार-विमर्श हुआ। पूर्व मध्य रेलवे के पीसीसीएम इंदु दुबे ने भी निरीक्षण के दौरान टिकट सह रिजर्वेशन भवन का स्वरूप में बदलाव की आवश्यकता बतायी थी। गया जंक्शन का टिकट सह रिजर्वेशन भवन में प्रतिदिन हजारों यात्री टिकट की सुविधा प्राप्त करते हैं। मिली जानकारी के अनुसार बताया गया कि गया जंक्शन का विश्व स्तरीय स्वरूप दिए जाने के तहत नए स्टेशन भवन का निर्माण के साथ सभी यात्री सुविधाओं में बदलाव किया जा रहा है। लेकिन, टिकट सह रिजर्वेशन भवन को इसमें शामिल नहीं किया जा सका था जबकि टिकट सह रिजर्वेशन भवन की व्यवस्था को अत्याधुनिक लुक दिए जाने की आवश्यकता है। ऐसी स्थिति को लेकर अब गया जंक्शन का टिकट सह रिजर्वेशन भवन की व्यवस्था को और सुदृढ किये जाने के तहत कार्य किया जाएगा। जंक्शन के महत्वपूर्ण स्थल पर स्थित इस भवन की सुंदरता बढ़ाने, फ्लोर बढ़ाने, लिफ्ट लगाने, यात्रियों के लिए तथा ड्यूटी करने वाले कर्मियों के लिए भी सुविधाएं बढ़ायी जाएगी।

## एक नजर

### संयुक्त अभियान के दौरान वांछित नक्सली गिरफ्तार

**गया(नबिटा ब्यूरो)।** एसएसबी 29 वीं बटालियन गया के कमांडेंट एच के गुप्ता को गुरुवार को विश्वनीय सूत्रों की आसूचना के आधार पर तथा मार्गदर्शन एवं दिशानिर्देश पर एसएसबी 29 वीं बटालियन की ए समवाय भलुआही, औरंगाबाद (बिहार) एवं स्थानीय पुलिस (थाना-आमस एवं ढिबरा) के साथ संयुक्त अभियान के दौरान एक वांछित नक्सल सुदामा राम (32 वर्ष), पिता गोबर्धन राम, ग्राम- कर्माडीह, थाना-नबीनगर, जिला-औरंगाबाद (बिहार) को ग्राम- धनाडी, थाना-नबीनगर, जिला-औरंगाबाद (बिहार) से गिरफ्तार किया गया। उक्त नक्सली के विरूद्ध थाना- आमस, जिला- औरंगाबाद,(बिहार) में अपराध संख्या 196/17 दिनांक 19/09/2023 धारा 147/148/149/323 /341/342/427/435/436/440/504/506/120 उ भा0द0स0, 3/4 एक्सप्लोसिव एक्ट-1908 और 13,16,18,19,20,38 यूपीए एक्ट - 1967 के तहत वांछित था। गिरफ्तार नक्सली को थाना-आमस, जिला-औरंगाबाद (बिहार) में अग्रिम कार्यवाही के हेतु सौंप दिया गया।

### छात्रा की सड़क दुर्घटना में मौत, भाई घायल

**कोंच (नबिटा सं.)।** थाना क्षेत्र के अदई गांव की छात्रा का सड़क दुर्घटना में मौत गया में हो गया। वहीं, भाई घायल हो गया और परिवार में गुरुवार को कोहराम मचा हुआ है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम अदई निवासी नाथुन चौधरी की पुत्री काजल कुमारी (21) गया में अपने भाई रिंटू की पत्नी के बहन के घर रहकर बी. ए. पार्ट वन की परीक्षा देने बुधवार के दोपहर अपने भाई रिंटू के साथ बाइक से जा रही थी। तभी किसी वाहन के चपेट में आने से काजल कुमारी की मौत हो गई। वहीं, उसके भाई रिंटू कुमार को पैर टूट गया और वह इलाजरत है। शव का पोस्टमार्टम कराया गया उसके बाद गांव में स्वजनों को सौंप दिया गया है।

### दो पक्षों के बीच मारपीट, 11 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज

**कोंच(नबिटा सं.)।** थाना क्षेत्र के रौना पंचायत अंतर्गत पलांकी सुल्तानी गांव में दो पक्षों के बीच मारपीट में 11 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज गुरुवार को हुआ है। दर्ज प्राथमिकी में प्रथम पक्ष के वादी तुला यादव ने अपने गांव के ही अरुण कुमार, अनिल यादव, गोविंद कुमार, सुनील कुमार एवं अनिल यादव के पत्नी को आरोपी बनाया है। वहीं, दूसरे पक्ष के वादी अनिल यादव पिता स्व.सूर्यदेव यादव ने कन्हाई यादव, जयप्रकाश कुमार, ओम प्रकाश कुमार, दयानंद कुमार, दारा यादव एवं तुला यादव को आरोपी बनाया है। इस संबंध में कोंच थानाध्यक्ष धनंजय सिंह ने बताया कि कोंच थाना कांड संख्या 143/25 एवं 144/25 दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई जारी है।

### सिटी एसपी ने किया सुदूरवर्ती और नक्सल प्रभावित क्षेत्र का दौरा

**गया (नबिटा ब्यूरो)।** सिटी एसपी रामानंद कुमार कौशल के द्वारा गुरुवार को थानाध्यक्ष रौशनगंज और अन्य पुलिस पदाधिकारियों तथा कर्मियों के साथ गया जिले के सुदूरवर्ती और नक्सल प्रभावित क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरे का मुख्य उद्देश्य रौशनगंज थाना अंतर्गत नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में कानून व्यवस्था, अपराध नियंत्रण और पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों की कार्यशैली का निरीक्षण करना था। निरीक्षण के दौरान सिटी एसपी सैफगंज पुलिस चौकी पहुंचे और वहां का गहन निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने चौकी में तैनात पुलिस पदाधिकारी और कर्मियों की सतर्कता और सजगता की बारीकी से जांच की तथा उन्हें अपने कर्तव्यों के निर्वहन में और भी अधिक सक्षम बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही सीटी एसपी ने आधुनिक और बेहतर पुलिसिंग के लिए जरूरी संसाधनों की पूर्ति हेतु संबंधित पदाधिकारी को निर्देश जारी किए।

# सीयूएसबी के स्कूल ऑफ फार्मेसी ने मनाया राष्ट्रीय फार्मेसी शिक्षा दिवस

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**टिकारी(गया)।** दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय के फार्मेसी विभाग ने राष्ट्रीय फार्मेसी शिक्षा दिवस के अवसर पर विशेष संगोष्ठी का आयोजन किया। कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह के संरक्षण में, फार्माकॉन क्लब के बैनर तले, फार्मेसी विभाग, स्कूल ऑफ हेल्थ साइंसेज ने एंटरप्रेन्योरशिप एंड स्टार्टअप्स इन फार्मा एंड फार्मेसी प्रैक्टिस - इनकरेजिंग इनोवेशन, इन्क्यूबेशन सेंटर्स एंड फार्मास्यूटिकल स्टार्टअप्स विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया। संगोष्ठी ने युवा दिमागों को प्रेरित करने, फार्मेसी में नवाचार को प्रोत्साहित करने और फार्मास्युटिकल स्टार्टअप और इनक्यूबेशन सेंटर के भविष्य पर चर्चा करने के लिए एक उचित मंच प्रदान किया। मुख्य भाषण सामाजिक उद्यमी, विचारक, पत्रकार, सलाहकार और शोधकर्ता रंजन मिस्त्री ने दिया। उन्होंने फार्मास्युटिकल क्षेत्र में उद्यमिता और स्टार्टअप पर अपने विचार साझा किए जिससे सभागार में उपस्थित छात्र काफी प्रेरित हुए। सीयूएसबी के भौतिक एवं रासायनिक विज्ञान संकाय के डीन प्रोफेसर अमिया प्रियम ने थेराग्नोस्टिक अनुप्रयोगों के लिए प्लास्मोनिक एवं ल्यूमिनसेंट नैनोमटेरियल्स पर एक आकर्षक व्याख्यान दिया जिसमें उन्होंने विषय से जुड़े कई आयामों को साझा किया। इससे पहले कार्यक्रम की शुरुआत फार्मेसी विभाग के प्रमुख प्रो विवेक दवे के स्वागत भाषण से हुई जिसमें उन्होंने संगोष्ठी के विषय और उद्देश्य को साझा किया। इसके पश्चात स्कूल ऑफ फार्मेसी के डीन प्रो सुब्रत कुमार भट्टामिसरा ने अतिथि वक्ता का स्वागत करते हुए राष्ट्रीय फार्मेसी शिक्षा दिवस के इतिहास को साझा किया।

# मोरहर नदी पर कोठी वीयर के निर्माण कार्य की घोषणा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गया।** बिहार के मुख्यमंत्री द्वारा गया जिले में प्रगति यात्रा के दौरान अनेकों जन कल्याण से जुड़ी घोषणाएं की गई जिसका सीधे रूप से फायदा गया जिले की जनता को पड़ेगा। गया जिला पहाड़ी क्षेत्र के साथ सुखारग्रस्त क्षेत्र भी है। जिले में सिंचाई का साधन, वर्ष जल को संग्रहित से ही सालों भर किसान खेती करते हैं। किसानों की इन्ही समस्या को देखते हुए प्रगति यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री ने इमामगंज प्रखंड के बीकोपुर पंचायत में मोरहर नदी पर कोठी वीयर के निर्माण एवं इससे निःसृत पईन का पुनर्स्थापन कार्य संबंधित घोषणा की गयी जिसकी प्राक्कलित रशि 88.1249 करोड़ रुपये है। इस योजना से लाभान्वित इमामगंज क्षेत्र के लोगों को काफी फायदा मिलेगा। यह योजना का क्रियान्वयन सिंचाई प्रमण्डल गया द्वारा करवाया जा रहा है। इस योजनान्तर्गत गया जिलान्तर्गत इमामगंज प्रखंड के बिकोपुर पंचायत में मोरहर नदी पर कोठी वीयर के निर्माण एवं इससे निःसृत पइन के पुनर्स्थापन कार्य का प्रावधान है। मोरहर नदी पूर्णतः वर्षा आधारित है। इस नदी का उद्गम स्थान झारखंड राज्य में है। इस नदी में उपलब्ध पानी से खरीफ सिंचाई में वृद्धि की काफी संभावनायें हैं। इस योजना के माध्यम से इमामगंज प्रखंड के लगभग 26 गांवों की कुल 2690 हे0 भूमि सिंचित होगी।

**इस योजना के निर्माण से ग्रामीणों को ये लाभ होंगे**

इस योजना के निर्माण से इमामगंज प्रखंड के बिकोपुर, विराज, लावाबार, सिद्धपुर एवं झिकटियाकला पंचायत के ग्रामीणों को ये लाभ होंगे- खरीफ सिंचाई के लिए जल की उपलब्धता, घटते भू-जल स्तर में वृद्धि, पर्यटन के क्षेत्र में वृद्धि, आसपास के क्षेत्रों में जीविका के अवसर उत्पन्न होने से नकस्लवाद में कमी, नदी में सीडीमेंट का प्रबंधन एवं नियंत्रण, नदी के जलस्तर को नियंत्रित कर बाढ़ का प्रबंधन का लाभ मिलेगा।

# बजट की दिशा बिहार की बदहाली दूर करने की नहीं : भाकपा माले

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गया।** बिहार की संघर्षशील ताकतों की लोकप्रिय मांगों को दरकिनार करने वाले 2025-26 के बजट के खिलाफ भाकपा माले के राज्यव्यापी कार्यक्रम के तहत गया में गुरुवार को विरोध मार्च निकाला गया। इस दौरान बजट की प्रतियां भी जलाई गईं। अंबेडकर पार्क से निकला मार्च समाहरणालय तक पहुंचा जहां सभा किया गया। सभा को संबोधित करते हुए पार्टी नगर प्रभारी तारिक अनवर ने कहा कि बिहार सरकार द्वारा पेश किए गए बजट में आशा, जीविका, रसोइया, आंगनबाड़ी, माइक्रोफाइनेंस कंपनियों से जुड़ी महिलाओं की कर्ज माफी, आउटसोर्सिंग पर काम कर रहे सफाईकर्मी, कार्यपालक सहायक और अन्य स्कीम वर्करों सहित ठेका पर काम कर रहे लाखों लोगों की लोकप्रिय मांगों को कोई जगह नहीं मिली है। 200 यूनिट फ्री बिजली, सामाजिक सुरक्षा की राशि 2500 रु. करने, महिलाओं को 3000 रु. सहायता राशि देने, गरीबों के वास-आवास, पक्का मकान आदि सवालों को भी बजट में संबोधित नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि आज बिहार मानव विकास सूचकांक के सभी पैमाने पर पिछड़ गया है। बिहार की जगह निचले पायदान पर बनी हुई है। यह स्थिति तब तक नहीं सुधरेगी जब तक बजट में राज्य की बुनियादी जरूरतों पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। लाखों लाख स्कीम वर्कर्स बहुत कम मानदेय पर काम करने को मजबूर हैं। कार्यक्रम में जिला कमेटी सदस्य रीता वर्णवाल, रामचंद्र प्रसाद, आइसा नेता मो. शेरजहां, विद्यालय रसोइया संघ जिलाध्यक्ष विभा भारती, अर्जुन सिंह, बरती चौधरी, नवल किशोर यादव, पिंटू यादव, शंभु शरण सिन्हा समेत कई लोग शामिल थे।

# एबीवीपी द्वारा गया कॉलेज में खेलो भारत के तहत बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गया।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने गुरुवार को गया कॉलेज, गया में खेलो भारत अभियान के तहत एक दिवसीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य युवाओं में खेल भावना का विकास करना और शारीरिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाना था। कार्यक्रम का शुभारंभ गया कॉलेज के प्रोफेसर डॉ. मनीष कुमार, बीएड विभाग के शिक्षक शादिर आलम, एमसीए विभाग के शिक्षक अमरजीत सिंह, स्पोर्ट्स इंचार्ज अंजनी कुमार, एसएफडी प्रांत संयोजक सूरज सिंह, महानगर मंत्री विनायक कुमार एवं एनएसएस सह संयोजक प्रतिभा पांडे द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर कॉमर्स विभाग के प्रोफ़ेसर डॉ. मनीष कुमार ने कहा कि खेल न केवल शारीरिक विकास में सहायक हैं, बल्कि मानसिक विकास और अनुशासन को भी प्रोत्साहित करते हैं। ऐसे आयोजनों से छात्रों में टीम वर्क और प्रतिस्पर्धात्मक भावना का विकास होता है। बीएड विभाग के शिक्षक शादिर आलम ने कहा कि खेल केवल मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि शारीरिक, मानसिक और सामाजिक विकास का महत्वपूर्ण आधार है। नियमित खेल-कूद से शरीर स्वस्थ रहता है, मन प्रसन्न रहता है और कार्यक्षमता बढ़ती है। स्पोर्ट्स इंचार्ज अंजनी कुमार ने कहा कि खेलों से अनुशासन, टीम वर्क, सहनशीलता और नेतृत्व क्षमता विकसित होती है, जो जीवन में सफलता के लिए आवश्यक गुण हैं। खेल युवाओं में आत्मविश्वास बढ़ाने के साथ-साथ प्रतिस्पर्धात्मक भावना भी विकसित करता है। खेल न केवल व्यक्तिगत विकास करता है, बल्कि समाज और राष्ट्र की उन्नति में भी योगदान देता है। इसलिए, खेलों को जीवन का अभिन्न अंग बनाना चाहिए। एसएफडी प्रांत संयोजक सूरज सिंह ने कहा कि खेलो भारत अभियान के तहत इस तरह के आयोजन पूरे देश में किए जा रहे हैं जिससे युवा खेलों के प्रति जागरूक हों और शारीरिक फिटनेस को अपनी दिनचर्या में शामिल करें।

# धान से भरा ट्रक गायब

**गया(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के खिजरसराय में एक धान कारोबारी के 8 लाख रुपए की फसल पर संकट मंडरा रहा है। बीते 2 मार्च को किसान से खरीदा गया धान ट्रक से रक्सौल भेजा गया था, लेकिन अब तक गंतव्य तक नहीं पहुंचा। कारोबारी शिवराज चौधरी का कहना है कि ट्रक को 4 या 5 मार्च तक पहुंच जाना चाहिए था, लेकिन अब उसका कोई अता-पता नहीं। शिवराज ने जब ट्रक ड्राइवर से संपर्क करने की कोशिश की तो उसका फोन बंद मिला। यहां तक कि उसके घर जाकर पूछताछ की, लेकिन वहां भी कुछ पता नहीं चला।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गढ़वा**
सहिजना मोड़, गढ़वा (झारखण्ड) पिन नं0 822114 • Email : eedwsd.garhwa1@gmail.com

**अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–DWSD/GAR-RM-08 / 2024–25 दिनांक–06.03.2025**

1- विभाग का नाम :– पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड, रांची
2. विज्ञापनदाता का नाम :– कार्यपालक अभियन्ता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा
3- परिमाण विपत्र (BOQ) प्राप्ति की तिथि एवं समय :– 08-03.2025 को 12-30 बजे अपराह्न से
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– 13.03.2025 को 03-30 बजे अपराह्न तक
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 13-03.2025 को 04.30 बजे अपराह्न में
6. परिमाण विपत्र (BOQ) प्राप्ति का स्थान :– विभागीय वेबसाइट dwsd.jharkhand.gov.in/Office of the Executiv Engineer, D.W.&S. Division, Garhwa से प्राप्त किया जाना है।
7. निविदा प्राप्ति का स्थान :– (1) कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा। (2) अधीक्षण अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता अंचल, मेदिनीनगर।
8. निविदा खोलने का स्थान :– कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा।
**9. कार्य का नाम :– नलकूपों के साधारण मरम्मति कर चालू करने का कार्य (स्पेयर पार्ट्स की आपूर्ति प्रमंडल स्तर से की जायेगी)**

**10. कार्य का विवरण :–**

| क0 | प्रखण्ड का नाम | ग्रुप संख्या | नलकूपों की सं0 (अनुमानित) | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | डंडई, मझिआँव एवं बरडीहा | GAR/RM-01 | 300 Nos. | 2,91,837/- | 6,000/- | 750/- | 04 Months |
| 2 | भवनाथपुर, केतार एवं खरौन्धी | GAR/RM-02 | 300 Nos. | 2,91,837/- | 6,000/- | 750/- | 04 Months |
| 3 | मेराल, रमकंडा एवं चिनियाँ | GAR/RM-03 | 400 Nos. | 3,89,116/- | 8,000/- | 750/- | 04 Months |
| 4 | गढ़वा, डंडा, एवं रंका | GAR/RM-04 | 450 Nos. | 4,37,755/- | 9,000/- | 750/- | 04 Months |
| 5 | कांडी, भंडरिया एवं बड़गड | GAR/RM-05 | 450 Nos. | 4,37,755/ | 9,000/- | 750/- | 04 Months |
| 6 | नगर उंटारी, रमना, विशुनपुरा, धुरकी एवं सगमा | GAR/RM-06 | 450 Nos. | 4,37,755/ | 9,000/- | 750/- | 04 Months |

नोट– (i) निविदा की प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है, तत्पश्चात अग्रधन की राशि देय होगा।
(ii) निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी विभागीय वेबसाईट dwsd.jharkhand.gov.in तथा कार्यालय के सूचना पटट से प्राप्त किया जा सकता है।

PR 347968 (Drinking Water and Sanitation) 24-25 (D)

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा।


# सुप्रसिद्ध साहित्यकार की 9वीं पुण्यतिथि पर पुष्पांजलि समारोह का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**वजीरगंज(गया)।** सत्यवंती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कारीसोवा में गुरूवार को पूर्व प्रधानाध्यापक सह मगही रचनाकार एवं साहित्यकार स्व रामनाथ बाबू की 9वीं पुण्यतिथि मनायी गई। सर्वप्रथम उपस्थित प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रभाकर सिंह एवं बीपीआरओ कुमार गौरव एवं अन्य उपस्थित आगत अतिथियों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि कर नमन किया। सेवानिवृत शिक्षक कृष्णनन्दन सिंह ने बांसुरी वादन एवं अभिनंदन गीत से श्रद्धांजलि देते हुए उनके जीवन वृत का गुणगान किया। बीडीओ प्रभाकर सिंह ने विद्यालय के पुस्कालय में पुस्तकों के रखरखाव से प्रभावित होकर छात्र - छात्राओं को उससे लाभ उठाने को प्रेरित किया। रामनाथ बाबू के छात्र रहे दुर्जय गौरव ने उनके पढ़ाने की शैली एवं उनकी मगही रचनाओं को प्रसारित करने की कार्यशैली के बारे में विस्तार पूर्वक बताते हुए कहा कि उनकी रचित नाट्य काव्य को रटना नहीं पड़ता था, वह इतना सरल होता था कि मात्र एक प्रयास में ही हमलोग उसे मंच पर उकेरने के लिये सक्षम हो जाते थे। सेवानिवृत प्रधानाध्यापक रवीन्द्रनाथ सिंह एवं शिक्षक उपेन्द्र पथिक ने कहा कि हमने उनसे पढ़ा था और उनका पढ़ाये पाठ को याद नहीं करना पड़ता था, अगर आज के शिक्षकों में उनका मात्र 25 प्रतिशत भी क्षमता आ जाये तो सभी प्राईवेट स्कूलों के गेट में ताला लटक जायगा। उनके पौत्र सह पंचायत समिति सदस्य आनंद मिलींद ने बताया कि उनकी रचनाएं संग्रहित की जा रही है जिसका जल्द हीं लोकार्पण किया जायगा।

# भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता का किया स्वागत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गया।** भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला का भारतीय जनता पार्टी बिहार प्रदेश किसान मोर्चा के बागवानी प्रकोष्ठ के सह संयोजक डॉ. मनीष पंकज मिश्रा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता, एवं जिला मीडिया प्रभारी संतोष ठाकुर ने स्वागत किया। इस स्वागत के क्रम में बिहार में पार्टी संगठन की मजबूती, किसानों की उन्नति, और पार्टी की आगामी रणनीतियों परविस्तृत चर्चा की गई मुलाकात के दौरान शहजाद पूनावाला ने बिहार में पार्टी संगठन की सफलताओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय नेतृत्व के मार्गदर्शन में बिहार में निरंतर मजबूत हो रही है। उन्होंने संगठन के कार्यकर्ताओं की मेहनत की सराहना करते हुए कहा कि जमीनी स्तर पर कार्यकर्ताओं की सक्रियता ही भाजपा को और सशक्त बना रही है।

# बीएसएनल के 1325 बकायेदारों को नोटिस जारी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गया।** भारत संचार निगम लिमिटेड के सभी उपभोक्ताओं को जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत आठ मार्च को सुनिश्चित किया गया है। बीएसएनएल के 1325 बकायादारों को 88 लाख बकाया वसूली को नोटिस जारी किया गया है।

# सीयूएसबी में विकसित भारत युवा संसद महोत्सव के जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन

## 18 से 25 वर्ष के हर इच्छुक युवा पोर्टल पर कर सकते हैं पंजीकरण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**टिकारी(गया)।** दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय में मार्च के महीने में विकसित भारत युवा संसद महोत्सव 2025 के आयोजन का दायित्व मिला है। कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह के संरक्षण में इस कार्यक्रम का आयोजन सीयूएसबी के राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक प्रो. बुधेंद्र कुमार सिंह के द्वारा किया जाएगा।जन सम्पर्क पदाधिकारी मोहम्मद मुदस्सीर आलम ने गुरुवार को बताया कि युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आयोजित किये जाने वाले विकसित भारत युवा संसद महोत्सव 2025 के तहत भारत के चयनित 300 नोडल जिलों में गया जिला भी नोडल जिला के रूप में चयनित किया गया है। गया नोडल जिला में गया के साथ संबद्ध जिलों में जहानाबाद, नवादा और औरंगाबाद भी शामिल है। गया नोडल जिले के कार्यक्रम अध्यक्ष और सीयूएसबी के राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक प्रो बुधेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि यह कार्यक्रम तीन चरणों में आयोजित किया जायेगा। चयनित प्रतिभागियों को नई दिल्ली में राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम में संसद भवन में भाग लेने का अवसर मिलेगा जहां वे नीति निर्माताओं और राष्ट्रीय नेताओं के साथ संवाद कर सकेंगे।

# बच्चों और किशोर-किशोरियों में एनीमिया को लेकर सीएस की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गया।** एनीमिया का प्रभाव व्यक्ति के स्वास्थ्य और सामाजिक आर्थिक जीवन पर पड़ता है। एनीमिया का खास असर महिलाओं पर पड़ता है। एनीमिया के कुचक्र को तोड़ने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयरन एवं फॉलिक एसिड सीरप व गोली का सेवन कराया जाता है। दवा सेवन के साथ- साथ खानपान संबंधी व्यवहार परिवर्तन, कृमि दूर करने के लिए दवा का सेवन, हीमोग्लोबिन की जांच आदि शामिल है। स्कूलों में टी थ्री यानि टेस्ट, ट्रीट एंड टॉक कैंप का आयोजन होता है। जिला में हीमोग्लोबिन की जांच को बढ़ाना है ताकि बच्चों तथा किशोर- किशोरियों में एनीमिया के स्तर की मॉनिटरिंग कर इससे बचाव के लिए दवा दी जा सके। यह बातें सिविल सर्जन डॉ राजाराम प्रसाद ने गुरुवार को एनीमिया मुक्त भारत कार्यक्रम को लेकर बोधगया में आयोजित समीक्षा सह प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान कही। सिविल सर्जन ने कई प्रखंडों द्वारा आइएफए दवा सेवन कराने में बेहतर कार्य की प्रशंसा की। ऑल इंडिया इस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल सांइसेज के सहयोग से एक दिवसीय समीक्षात्मक बैठक एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान सिविल सर्जन के साथ डीआइओ डॉ राजीव अंबष्ट, जिला अनुश्रवण एवं मूल्यांकन पदाधिकारी जयशंकर, यूनिसेफ से पोषण पदाधिकारी डॉ संदीप घोष तथा राज्य सलाहकार प्रकाश सिंह सहित विभिन्न प्रखंडों के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, आइसीडीएस प्रतिनिधि व शिक्षा विभाग से अधिकारी मौजूद रहे। डॉ संदीप घोष ने बताया बच्चों में एनीमिया रोकथाम के लिए एनीमिया मुक्त भारत कार्यक्रम स्वास्थ्य, शिक्षा और समाज कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में जिले में क्रियान्वित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम की मदद से छह से 59 माह के बच्चों को आयरन फॉलिक एसिड सीरप सप्ताह में दो बार तथा पांच से नौ वर्ष के बच्चों को आइएफए गुलाबी गोली प्रत्येक सप्ताह तथा दस से 19 वर्ष के किशोर किशोरियों को आइएफए नीली गोली का सेवन कराया जाता है।

**दवा सेवन कराने में कई प्रखंड शीर्ष स्थानों पर**

छह से 59 माह के आयुवर्ग के बच्चों को जनवरी माह में आयरन एवं फॉलिक एसिड दवा का सेवन कराने में शीर्ष पांच प्रखंडों में गुरुआ, अतरी, बेलागंज और बांकेबाजार प्रखंड शामिल हैं। पांच से नौ वर्ष आयुवर्ग के बच्चों को आइएफए दवा सेवन कराने में शीर्ष पांच प्रखंडों में टनकुप्पा, टिकारी, कोंच, फतेहपुर और बेलागंज प्रखंड शामिल हैं। 10 से 19 वर्ष के किशोरियों में आइएफए दवा सेवन कराने में शीर्ष पांच प्रखंडों में टिकारी, कोंच, बेलागंज, शेरघाटी और टनकुप्पा शामिल हैं।


**अभिहित अधिकारी–सह–अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी पलामू**

**विज्ञापन**

पत्रांक........../खा0सु0 दिनांक................../

एतद् द्वारा पलामू जिला अन्तर्गत सभी खाद्य कारोबारीयों को सूचित किया जाता है कि खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अन्तर्गत खाद्य कारोबार शूरू करने के पहले FSSAI FOOD License And Registeration सक्षम प्राधिकार से प्राप्त किया जाना वैद्यानिक अनिवार्य है। बिना वैद्य अनुज्ञप्ति/पंजीयन धारी खाद्य कारोबारकर्ता के विरूद्ध खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 की धारा –63 के अन्तर्गत 10 लाख रूपये तक के जुर्माना का प्रावधान है।। इस संदर्भ में पलामू जिले के सभी खाद्य कारोबारियों के लिए पलामू जिले में FSSAI FOOD License /registrastion कैम्प का आयोजन अद्योहस्ताक्षरी द्वारा निर्धारण किया गया है, जिसका निम्न प्रकार है–

| आयोजन स्थल का नाम | दिनांक | आवेदन का प्रकार | खाद्य कारोबारियों का प्रकार | शुल्क | समय |
|---|---|---|---|---|---|
| खाद्य सुरक्षा कार्यालय पलामू | 08.3.2025 (षनिवार) | FSSAL FOOD License And Registeration | 1. 12 लाख से अधिक सालाना विक्रय वाले दुकानदारों के लिए FOOD License. 2. 12 लाख से कम सालाना विक्रय वाले दुकानदारों के लिए FOOD Registeration | 2000–3000/– रूपया सालाना। 100/-रूपया सालाना। | 10.00 बजे पूर्वा0 से 04.00 बजे अप्रा0 तक |
| सा0 स्वा0 केन्द्र, चैनपुर, पलामू। | 10.03.2025 (सोमवार) | | | | |
| अनुमण्डलीय अस्पताल छत्तरपूर (पलामू) | 17.03.2025 (सोमवार) | | | | |
| अनुमण्डलीय अस्पताल हुसैनाबाद (पलामू) | 20.03.2025 (गुरूवार) | | | | |

**लाइसेंस हेतु आवश्यक दस्तावेज विवरणी**
1. आवेदन/प्रोपराईटर की सम्पूर्ण विवरणी (नाम, पता, मोबाईल नं0, ईमेल आईडी आदि)।
2. आवेदन/प्रोपराईटर का पहचान–पत्र (आधार कार्ड/ वोटर कार्ड/ पैन कार्ड)।
3. ब्यवसाय स्थल के स्वामित्व का प्रमाण–प= (सेल डील/अद्यतन सेल डील/बिजली बिल/राजस्व रसीद आदि)।
4. प्रोपराईटरसीप से संबंधित स्वघोशणा पत्र/पार्टनसीप डील।
**5. मैनुफैकचरीग युनिट हेतु अतिरिक्त दस्तावेजः–**
**क) मैनुफैकचरीग युनिट का फोटो प्रोसेसिग एरिया सहित। ख) मैनुफैकचरीग युनिट का ले आउट/ब्लु प्रिंट।**
**ग) मैनुफैकचरीग उत्पादन की सूचि, मशीन उपकरण की सूचि। घ) रिकॉल प्लान।**
6. होटल/कैटरर/रेस्टूरेन्ट/ मैनुफैकचरीग के लिए उपयोग में लाये जा रहे पेय जल की शुद्धता रिर्पोट।
7. प्रतिष्ठिानों से संबंधित सभी कागजात में प्रतिष्ठिान का मोहर एवं प्रतिष्ठिान के संचालन का हस्ताक्षर होना चाहिए।

**रजिस्ट्रेशन हेतु आवश्यक दस्तावेज विवरणी**
**1. आवेदन/प्रोपराईटर का पासपोर्ट साइज फोटो। 2. आवेदक/ प्रोपराईटर का पहचान–पत्र।**
**3. प्रतिष्ठानों का पता हेतु कोई भी कागजात( सेल डील, बिजली बिल राजस्व रसीद आदि)।**

अतः पलामू जिला के सभी खाद्य कारोबारी–फुटकर, विक्रेता, वितरक, भण्डारक, उत्पादक, परिवाहक, होटल, रेस्टूरेंट, होटल, कैंटरर, मछली दुकान, अण्डा दुकान, फुड सप्लिमेंट बेचने वाले दुकान, सरकारी एवं अर्ध–सरकारी कार्यालय परिसर में संचालित कैन्टीन इत्यादि के संचालक/मालिक/प्रोपराईटर/पार्टनर आदि को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त तिथि को आयोजित कैम्प में सभी कागजातों के साथ उपस्थित होकर लाईसेंस/रजिस्ट्रेशन के पूजीकरण हेतु आवेदन समर्पित कर सकते है।

अभिहित अधिकारी–सह–
अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, पलामू।

PR.NO.348002 District (24-25):D

संपादकीय

# रोहित शर्मा पर अनावश्यक विवाद

भारतीय वन डे टीम के कप्तान रोहित शर्मा की फिटनेस और कथित रूप से बढ़ते वजन को लेकर कांग्रेस प्रवक्ता डॉ. शमा मोहम्मद द्वारा सोशल मीडिया पर की गई अनावश्यक टिप्पणी और उस पर छिड़ा राजनीतिक बवाल नहीं होता अगर वो कांग्रेस की अधिकृत प्रवक्ता नहीं होतीं। रोहित शर्मा की बॉडी फिटनेस और खेल प्रदर्शन को लेकर हर किसी भी अपनी राय हो सकती है। इस नाते डॉ. शमा मोहम्मद ने भी अपना मत जाहिर करके कोई अपराध नहीं किया, लेकिन शमा यह बात भूल गईं कि वो एक राष्ट्रीय पार्टी की प्रवक्ता भी हैं और बतौर प्रवक्ता उनके द्वारा व्यक्त हर बात को कांग्रेस की राय माना जा सकता है। जाहिर है कि कांग्रेस किसी खिलाड़ी और वो भी रोहित शर्मा जैसे बड़े क्रिकेट खिलाड़ी पर कोई भी टिप्पणी कर जबरन विवाद में नहीं फंसना चाहेगी। क्योंकि इससे कोई राजनीतिक हित नहीं सधता और रोहित देश के अत्यंत लोकप्रिय तथा सम्माननीय खिलाड़ी है। लिहाजा पार्टी ने डॉ. शमा को अपना कमेंट सोशल मीडिया पर से डिलीट करने को कहा। प्रवक्ता डॉ शमा ने उसे हटा भी लिया, लेकिन तब तक राजनीतिक तलवारबाजी शुरू हो चुकी थी। जिसके पीछे खेल भावना कम और राजनीतिक हित साधने का भाव ज्यादा था। हालांकि शमा ने जो पोस्ट डाली थी, उसकी वास्तविकता समझना भी जरूरी है। शमा ने लिखा 'एक खिलाड़ी के लिए मोटा ! वजन कम करने की जरूरत है ! और निश्चित रूप से, भारत का अब तक का सबसे खराब कप्तान !' उन्होंने रोहित की तुलना भारत के पूर्व क्रिकेट खिलाड़ियों सचिन तेंदुलकर, सौरव गांगुली और राहुल द्रविड़ जैसे दिग्गजों से की थी। जिसका मकसद यह बताना था कि रोहित मोटे होने के साथ-साथ उनसे बेहतर खिलाड़ी नहीं है। शमा पेशे से डेंटिस्ट हैं और उन्हें क्रिकेट की कितनी समझ है, पता नहीं। लेकिन वो क्रिकेट की प्रशंसक तो हो ही सकती हैं। जहां तक रोहित के बतौर बैटर परफार्मेंस की बात है तो इस चैम्पियंस ट्रॉफी में उनका कोई खास प्रदर्शन नहीं रहा है। उन्होंने 3 मैचो में मात्र 76 रन ही बनाए हैं। लेकिन कप्तान के रूप में उनकी भूमिका सराहनीय रही है। उन्होंने अपनी कुशल रणनीति, समझ और दूरदर्शिता के साथ तीनों लीग मैच जीते हैं। इसके अलावा रोहित देश के ऐसे दूसरे कप्तान है, जिनके नेतृत्व में भारत ने पिछले साल टी 20 विश्व कप जीता। शमा ने रोहित की तुलना जिन पूर्व क्रिकेट खिलाड़ियों से की, उनमें से कोई भी भारत को किसी फार्मेट का वर्ल्ड कप नहीं जिता सका है। ऐसे में रोहित को उनसे कमतर ठहराना शमा का पूर्वाग्रह हो सकता है। रहा सवाल सियासत का तो शमा के साथ टीएमसी ने भी रोहित की आड़ में दिल्ली में सत्तारूढ़ मोदी सरकार पर निशाना साधने में कोई देर नहीं की। लेकिन ज्यादातर राजनेताओं ने शमा की टिप्पणी को अनावश्यक बताया। भाजपा ने तो शमा के बयान पर सीधे कांग्रेस पर पलटवार किया और कहा कि कांग्रेस खेल विरोधी है। गंभीरता से सोचें तो यह पूरा विवाद ही अनावश्यक था। दिक्कत तब खड़ी होती है, जब खेल और खिलाड़ियों के बारे में व्यक्ति की निजी राय को राजनीतिक पार्टी के मुलम्मे में पेश करने की कोशिश की जाती है। यहां राजनीतिक दलों से भी यही अपेक्षा है कि उन्हें अपने प्रवक्ताओं को प्रशिक्षित करना चाहिए कि कब कहां और कैसे रिएक्ट करना है। अगर किसी में ऐसी समझ नहीं है तो उसके पार्टी प्रवक्ता होने पर पुनर्विचार किया जाना चाहिए। वैसे भी खेल और खिलाड़ियों को राजनीति की दलदल में घसीटना और वो भी आधी अधूरी जानकारी के आधार पर न तो किसी राजनीतिक दल और न ही देश के हित में है।

# दागी नेताओं के चुनाव लड़ना और लोकतंत्र पर विश्वास

**देश का प्रत्येक नागरिक स्वयं को सच्चा देशभक्त मानता है। वह राजनीति, समाज और अर्थव्यवस्था से जुड़ी नीतियों पर बड़े ज्ञानवर्धक विचार प्रकट करता है और देश में फैले भ्रष्टाचार, अनैतिकता, बेईमानी व रिश्वतखोरी पर कठोर आक्रोश व्यक्त करता है, मानो उससे बड़ा राष्ट्र हितैषी कोई और नहीं। किन्तु, विडंबना यह है कि उसे ये सारी बुराइयाँ केवल दूसरों में ही दिखाई देती हैं, स्वयं में नहीं। वह अपने आपको ईमानदार, सत्यनिष्ठ, निष्कलंक और आदर्शवादी मानता है, जबकि उसके विचार और कर्म प्रायः इसके विपरीत होते हैं। ऐसे व्यक्तित्व के लोग अपने दोहरे मापदंडों के कारण राजनीति में बड़ी सफलता प्राप्त करते हैं। यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि हम जिस नैतिकता की अपेक्षा दूसरों से रखते हैं, उसी को अपने आचरण में अपनाने से कतराते हैं।**

**बलदेव राज भारतीय**

हमारे देश का लोकतंत्र विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्रों में से एक है, जिसकी नींव संविधान और विधि के शासन पर टिकी हुई है। यह प्रणाली नागरिकों को समान अधिकार, स्वतंत्रता और न्याय की गारंटी देती है। लेकिन जब अपराधी प्रवृत्ति के लोग राजनीति में प्रवेश करते हैं और कानून बनाने की शक्ति प्राप्त कर लेते हैं, तो यह व्यवस्था के मूल्यों पर एक गंभीर प्रश्नचिह्न लगा देता है। हाल ही में, सर्वोच्च न्यायालय ने यह टिप्पणी की कि दागी नेताओं पर आजीवन चुनाव लड़ने से प्रतिबंध लगाने की मांग पर विचार होना चाहिए, जबकि केंद्र सरकार ने इसका विरोध किया। यह विवाद एक बड़े प्रश्न को जन्म देता है–क्या आपराधिक पृष्ठभूमि वाले व्यक्तियों को चुनाव लड़ने से रोका जाना चाहिए? या उन्हें संसद और विधानसभाओं में भेजकर कानून बनाने की शक्ति दे देनी चाहिए? लोकतंत्र का आधार 'जनता द्वारा, जनता के लिए और जनता की सरकार' की अवधारणा पर टिका होता है। इसमें प्रत्येक नागरिक को मताधिकार और अपनी पसंद का प्रतिनिधि चुनने का अधिकार होता है। भारतीय संविधान में यह सुनिश्चित किया गया है कि कोई भी नागरिक, जब तक वह कानूनी रूप से अयोग्य घोषित नहीं किया गया हो, चुनाव लड़ सकता है और जनता का प्रतिनिधित्व कर सकता है। हालांकि, यदि जनता के प्रतिनिधि स्वयं गंभीर आपराधिक मामलों में लिप्त हों, तो क्या वे समाज में कानून और न्याय की स्थापना कर सकते हैं? संविधान का उद्देश्य योग्य, ईमानदार और जनसेवा को समर्पित लोगों को शासन में शामिल करना है, न कि वे लोग जो स्वयं कानून तोड़ते हैं।




आज चुनाव लड़ना गरीब व्यक्ति के लिए एक असंभव सपना बन गया है। गांव की सबसे निचली प्रशासनिक इकाई, पंचायत, में सरपंच बनने के लिए भी प्रत्याशी लाखों रुपये खर्च करते हैं, तो विधायक और सांसद बनने के लिए करोड़ों की जरूरत होती है। धन के अभाव में एक आम नागरिक चाहकर भी चुनावी राजनीति में प्रवेश नहीं कर सकता।

इसके विपरीत, अपराधी प्रवृत्ति के लोग भ्रष्टाचार और अवैध साधनों से अर्जित धन के बल पर न केवल चुनाव लड़ते हैं, बल्कि जेल में रहते हुए भी जीत हासिल कर लेते हैं। विडंबना यह है कि गरीब और शोषित वर्ग, जो स्वयं व्यवस्था परिवर्तन का इच्छुक होता है, भय और दबाव में आकर ऐसे दागी प्रत्याशियों को ही अपना नेता चुन लेता है। यह प्रवृत्ति लोकतंत्र के मूल्यों को क्षीण कर रही है और चुनावी प्रक्रिया को धनबल एवं बाहुबल का खेल बना रही है। देश में कई ऐसे राजनेता हैं जिन पर गंभीर आपराधिक आरोप लगे हुए हैं। 2019 के लोकसभा चुनावों में लगभग 43 प्रतिशत सांसदों पर आपराधिक मामले लंबित थे, जिनमें से कई संगीन अपराधों से जुड़े थे, जैसे हत्या, बलात्कार, अपहरण और भ्रष्टाचार। यह न केवल लोकतांत्रिक मूल्यों को ठेस पहुंचाता है, बल्कि जनता का विश्वास भी कम करता है। यदि कोई आम नागरिक मामूली अपराध में भी दोषी पाया जाता है, तो उसे सरकारी नौकरी से वंचित कर दिया जाता है। वहीं, जिन पर हत्या, दंगा और घोटालों के आरोप हैं, वे चुनाव लड़ सकते हैं और संसद या विधानसभा का हिस्सा बन सकते हैं। यह असमानता एक गंभीर चिंता का विषय है।

सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि चुनावी राजनीति में आपराधिक तत्वों की भागीदारी को रोकने के लिए कठोर नियम बनाए जाने चाहिए। इस पर केंद्र सरकार ने आपत्ति जताते हुए कहा कि अगर दागी नेताओं पर आजीवन चुनाव लड़ने से प्रतिबंध लगाया गया, तो यह विधायिका को कमजोर कर देगा और कानून निर्माण की प्रक्रिया को प्रभावित करेगा। इस तर्क से कई असहमतियां हैं। क्या अपराधी लोगों को राजनीति में रोकने से राजनीति गंदा होने से नहीं बचेगी? अपराधी प्रवृत्ति के लोग किस प्रकार के कानून का समर्थन करेंगे, यह जगजाहिर है। संसद और विधानसभा में बैठने वाले प्रतिनिधियों का नैतिक और कानूनी रूप से स्वच्छ होना आवश्यक है। यदि किसी व्यक्ति को गंभीर आपराधिक मामलों में दोषी ठहराया गया है, तो उसे जनता की सेवा करने का अधिकार नहीं मिलना चाहिए। मिल भी कैसे सकता है, जो स्वयं अपराधी हो वह समाज सेवा कैसे कर सकता है।

आजीवन प्रतिबंध लगाने का विरोध करने वाले यह तर्क देते हैं कि चुनाव लड़ने का अधिकार मौलिक अधिकारों का हिस्सा है और किसी भी व्यक्ति को राजनीतिक अधिकारों से वंचित नहीं किया जाना चाहिए। उनका कहना है कि यदि कोई व्यक्ति अपनी सजा पूरी कर चुका है, तो उसे पुनः समाज में योगदान देने का अवसर मिलना चाहिए।

लेकिन, राजनीति कोई साधारण नौकरी नहीं है; यह देश और समाज की सेवा का एक पवित्र कार्य है। यदि सरकारी सेवाओं में नौकरी करने के लिए किसी व्यक्ति का चरित्र प्रमाणपत्र आवश्यक होता है, तो विधायिका में प्रवेश के लिए भी नैतिकता और कानूनी स्वच्छता की कसौटी होनी चाहिए।

चुनाव आयोग को और अधिक शक्तियां दी जानी चाहिए, जिससे वह आपराधिक पृष्ठभूमि वाले उम्मीदवारों पर सख्त निर्णय ले सके। ऐसे नेताओं पर चलने वाले मामलों को विशेष न्यायालयों में रखा जाए, ताकि फैसले शीघ्रता से हों और दोषी पाए जाने पर उन्हें तुरंत अयोग्य घोषित किया जा सके। नेताओं के लिए शिक्षा, ईमानदारी और नैतिकता को अनिवार्य किया जाए। जो नेता स्वयं ईमानदार और देश और संविधान के प्रति निष्ठावान नहीं होगा तो वह जनता के लिए कैसे और किस प्रकार आदर्श सिद्ध हो सकता है। चुनाव आयोग और स्वयंसेवी संस्थाएं मतदाताओं को जागरूक करें कि उन्हें बिना किसी लालच में आए स्वच्छ छवि वाले उम्मीदवारों को ही चुनना चाहिए। जो भी उम्मीदवार या दल उन्हें किसी प्रकार का लालच या प्रलोभन दें उनकी शिकायत चुनाव आयोग से करें। लोकतंत्र की सफलता उसके नेताओं की स्वच्छता और जनता के विश्वास पर निर्भर करती है। यदि राजनीति अपराधियों का अड्डा बन जाएगी, तो यह पूरे शासन तंत्र को भ्रष्ट कर देगी। इसलिए, यह आवश्यक है कि दागी नेताओं पर आजीवन चुनाव लड़ने से प्रतिबंध लगाया जाए, ताकि लोकतंत्र की गरिमा बनी रहे और जनता का विश्वास मजबूत हो।

अध्यात्म

## यह सच है कि वह सच है ?

राजा जनक एक बार गरमी के दिनों में दोपहर भोजन के बाद विश्राम कर रहे थे। सेवक पँखे से उन्हें हवा कर रहे थे और दरवाजे पर सुरक्षा में प्रहरी तैनात। जनक ने एक स्वप्न देखा– वह शत्रु राजा से युद्ध करते हुए अपना राज्य और समस्त सम्पत्ति हार गए। पीछा करती शत्रु सेना से अपनी जान बचाने के लिए जंगल की ओर भाग निकले। काफी दूर तक भागते रहे, शाम हो गई। भूख-प्यास से व्याकुल उन्होंने देखा एक जगह कोई दानदाता भिखारियों को उबले हुए चावल बाँट रहा है। जनक भी उस पंक्ति में लग गए। जब उनकी बारी आई तो चावल बाँटने वाले ने कहा पात्र तो लाओ जिसमें भोजन डाल सकें। कटोरे के अभाव में वे बिना चावल लिए पंक्ति से निकल आए। थके-हारे हताश जनक उस चूल्हे के पास बैठ गये जहाँ भोजन बन रहा था। एक नौकर बर्तन साफ कर रहा था, उसने दया करके बर्तन से खुरच कर कुछ बचे-खुचे पानी मिले हुए चावल खाने को दिए। इतने में वहाँ दो सांड़ लड़ते हुए आए और उनकी भिड़ंत में उनका पात्र गिरकर टूट गया। जनक अपने दुर्भाग्य से इतने दुखी हुए कि दहाड़ मारकर रो पड़े। इतने में स्वप्न समाप्त हो गया जनक की आँख खुल गई। लेकिन इस स्वप्न ने उनके मन को बहुत गहरे तक हिला दिया। उन्होंने मंत्रियों को बुलाया और अपना स्वप्न बताने के बाद यह प्रश्न पूछा– यह सच है कि वह सच है ? मेरी स्वप्न की वह दशा या आज की स्थिति कि मैं राजा हूँ ? सबने अपने-अपने तरीके से जनक को संतुष्ट करना चाहा। लेकिन राजा का हृदय बेचैन रहा। उन्होंने सोचा हो सकता है मैं हताश और भूखा बैठा हूँ और स्वप्न में राजा बना हुआ हूँ। कौन कह सकता है कि वास्तविक रूप क्या है ? ऐसी ही दशा में राजा के दरबार में ऋषि अष्टावक्र का आगमन हुआ। अष्टावक्र ने अद्भुत वचन कहे– ''राजन! आप किसी एक दशा को सत्य मानने की कोशिश कर रहे हैं ? क्या आपने यह सोचा कि कहीं दोनों ही स्थितियाँ स्वप्न हों।'' जनक और अष्टावक्र के बीच हुए इस संवाद को अद्वैत दर्शन का सर्वश्रेष्ठ ज्ञान माना जाता है। उनका संवाद 'अष्टावक्र महागीता' में संकलित है। आदि शंकराचार्य ने अपने गुरु गौड़पाद से प्राप्त परंपरागत ज्ञान को पुनः प्रस्थापित किया। इस सदी में रामकृष्ण परमहंस और रमण महर्षि इसके जीवंत उदाहरण हैं। अष्टावक्र के वचन - बंधन तब होता है जब मन में पदार्थ के प्रति कामना है, किसी वस्तु के अभाव में शोक करता है। किसी के प्रति अस्वीकार का भाव और किसी के प्रति अनुरक्त है, किसी भाव को लेकर प्रसन्न होता है या किसी भाव के लिए दुखी होता है। मुक्ति तब होती है जब मन में कोई वांछा नहीं है, न किसी के खोने का दुःख है, न किसी पदार्थ के बारे में शोक करता है, न ही किसी का निषेध करता है, या किसी वस्तु का आग्रह है, और किसी चीज के बारे में प्रसन्न नहीं होता है।

# पचास साल बाद होने वाली परिसीमन को लेकर चिंताएँ

**प्रगतिशील राज्यों की घटती भूमिका संघवाद और निष्पक्ष राजनीतिक प्रतिनिधित्व को नुक़सान पहुँचाती है। प्रभावी शासन वाले दक्षिणी राज्यों का प्रभाव कम हो सकता है, जिससे ठोस नीति प्रबंधन के लिए प्रेरणा कम हो सकती है। केरल की उच्च साक्षरता दर से प्रेरित विकास पर्याप्त सीट आवंटन में तब्दील नहीं हो सकता है, जिससे अन्य राज्य समान रणनीति अपनाने से हतोत्साहित हो सकते हैं। अधिक आबादी वाले राज्यों के लिए अधिक प्रतिनिधित्व केंद्रीकृत नीति निर्माण की ओर रुझान को जन्म दे सकता है, जो क्षेत्रीय शासन स्वायत्तता को प्रतिबंधित कर सकता है। कृषि राज्यों के पक्ष में विधायी समायोजन औद्योगिक क्षेत्रों की ज़रूरतों की उपेक्षा कर सकते हैं, जिससे आर्थिक संतुलन बाधित हो सकता है। यह राजनीतिक पुनर्संरेखण वित्त आयोग द्वारा करों के आवंटन को प्रभावित कर सकता है, जो संभावित रूप से बड़ी आबादी वाले राज्यों के पक्ष में हो सकता है।**

**डॉ. सत्यवान सौरभ**

उचित प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने के लिए अधिक आबादी वाले राज्यों के लिए अधिक सीटें जोड़ते हुए वर्तमान सीट अनुपात को बनाए रखना महत्वपूर्ण है। राज्यसभा के समान एक मॉडल प्रगतिशील राज्यों को नुक़सान पहुँचाए बिना एक संतुलित दृष्टिकोण प्रदान कर सकता है। सीटों का पुनर्वितरण करते समय, हमें आर्थिक योगदान, विकास मीट्रिक और शासन प्रभावशीलता को ध्यान में रखना चाहिए। सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) को प्राप्त करने वाले राज्यों को विशेष राजनीतिक प्रतिनिधित्व दिया जा सकता है, जो अच्छे शासन को पुरस्कृत करता है। क्षेत्रीय संतुलन बनाए रखने और तेजी से बढ़ते राज्यों के प्रभुत्व को रोकने के लिए कानूनी उपाय किए जाने चाहिए। संसद के भीतर एक क्षेत्रीय परिषद की स्थापना से कम प्रतिनिधित्व वाले राज्यों के हितों की वकालत करने में मदद मिल सकती है।

2031 की जनगणना के बाद एक क्रमिक दृष्टिकोण हितधारकों के साथ चर्चा और एक सहज संक्रमण की अनुमति देगा। किसी भी परिसीमन से पहले, एक राष्ट्रीय आयोग को संभावित प्रभावों का आकलन करना चाहिए और आवश्यक सुरक्षा उपाय सुझाने चाहिए। राज्य सरकारों के लिए स्थापित चैनलों के माध्यम से परिसीमन वार्ता में सक्रिय रूप से भाग लेना महत्वपूर्ण है। सहकारी संघवाद को प्रोत्साहित करने के लिए किसी भी सीट पुनर्वितरण को अंतिम रूप देने से पहले अंतर-राज्य परिषद के साथ अनिवार्य परामर्श होना चाहिए। एक सुनियोजित परिसीमन प्रक्रिया जनसांख्यिकीय वास्तविकताओं को संघवाद की अखंडता से जोड़ सकती है। क्षेत्रीय असमानताओं से बचने के लिए, हमें दोहरे प्रतिनिधित्व मॉडल, भारित मतदान या राज्यसभा की शक्तियों को बढ़ाने जैसी नवीन रणनीतियों पर विचार करना चाहिए।

राजकोषीय संघवाद और संस्थागत ढांचे को मज़बूत करके, हम यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि राजनीतिक निष्पक्षता जनसांख्यिकीय परिवर्तनों के साथ संरेखित हो, जिससे एक सुसंगत और एकजुट भारत को बढ़ावा मिले। लोकसभा सीटों की संख्या बढ़ाने से नागरिकों को बेहतर प्रतिनिधित्व मिलेगा, जिससे निर्वाचन क्षेत्रों का आकार छोटा होगा और शासन में सुधार होगा। संसदीय सीटों को 543 से बढ़ाकर 800 से अधिक करने से संसद सदस्य मतदाताओं की ज़रूरतों को अधिक प्रभावी ढंग से सम्बोधित कर सकेंगे। निश्चित सीट आवंटन के कारण उत्तरी राज्यों को कम प्रतिनिधित्व का सामना करना पड़ा है और परिसीमन इन ऐतिहासिक असंतुलनों को सुधारने का एक मौका प्रदान करता है।

बिहार का प्रतिनिधित्व अभी भी 1971 के आँकड़ों पर आधारित है, बावजूद इसके कि इसकी जनसंख्या में काफ़ी वृद्धि हुई है। नवीनतम जनगणना आँकड़ों के अनुसार निर्वाचन क्षेत्रों को संशोधित करने से लोकतांत्रिक समानता को बढ़ावा मिलेगा और चुनावी प्रतिनिधित्व में जनसंख्या असमानताओं को रोका जा सकेगा। झारखंड, जिसे 2000 में बिहार से अलग कर दिया गया था, अभी भी पुरानी निर्वाचन संरचना का पालन कर रहा है, जो राजनीतिक स्पष्टता को कम करता है। अधिक आबादी वाले राज्यों से सांसदों की संख्या में वृद्धि विकास सम्बंधी असमानताओं की ओर ध्यान आकर्षित करेगी, जिससे यह सुनिश्चित होगा कि नीतिगत हस्तक्षेप अविकसित क्षेत्रों की ओर लक्षित हों। मध्य प्रदेश और राजस्थान जैसे राज्यों के लिए अधिक संख्या में सांसदों से बेहतर बुनियादी ढाँचा नियोजन और निवेश का बेहतर आवंटन हो सकता है।

प्रगतिशील राज्यों की घटती भूमिका संघवाद और निष्पक्ष राजनीतिक प्रतिनिधित्व को नुक़सान पहुँचाती है। प्रभावी शासन वाले दक्षिणी राज्यों का प्रभाव कम हो सकता है, जिससे ठोस नीति प्रबंधन के लिए प्रेरणा कम हो सकती है। केरल की उच्च साक्षरता दर से प्रेरित विकास पर्याप्त सीट आवंटन में तब्दील नहीं हो सकता है, जिससे अन्य राज्य समान रणनीति अपनाने से हतोत्साहित हो सकते हैं। अधिक आबादी वाले राज्यों के लिए अधिक प्रतिनिधित्व केंद्रीकृत नीति निर्माण की ओर रुझान को जन्म दे सकता है, जो क्षेत्रीय शासन स्वायत्तता को प्रतिबंधित कर सकता है। कृषि राज्यों के पक्ष में विधायी समायोजन औद्योगिक क्षेत्रों की ज़रूरतों की उपेक्षा कर सकते हैं, जिससे आर्थिक संतुलन बाधित हो सकता है। यह राजनीतिक पुनर्संरेखण वित्त आयोग द्वारा करों के आवंटन को प्रभावित कर सकता है, जो संभावित रूप से बड़ी आबादी वाले राज्यों के पक्ष में हो सकता है।

अपने महत्वपूर्ण आर्थिक इनपुट के बावजूद, तमिलनाडु और महाराष्ट्र कम प्रतिनिधित्व के कारण अपने राजकोषीय हितों की रक्षा करने के लिए संघर्ष कर सकते हैं। केवल जनसंख्या के आधार पर प्रतिनिधित्व में वृद्धि उत्तर और दक्षिण के बीच विभाजन को बढ़ा सकती है, जिससे क्षेत्रीय तनाव पैदा हो सकता है। तमिलनाडु में राजनीतिक दल परिसीमन के खिलाफ हैं, उन्हें डर है कि अधिक हिन्दी भाषी आबादी वाले राज्यों को सत्ता का नुक़सान होगा, जिससे राजनीतिक परिदृश्य और अधिक विखंडित हो सकता है। निष्पक्ष प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने के लिए अधिक आबादी वाले राज्यों के लिए अधिक सीटें जोड़ते हुए वर्तमान सीट अनुपात को बनाए रखना महत्वपूर्ण है। राज्यसभा जैसा मॉडल प्रगतिशील राज्यों को नुक़सान पहुँचाए बिना संतुलित दृष्टिकोण प्रदान कर सकता है। सीटों का पुनर्वितरण करते समय, हमें आर्थिक योगदान, विकास मीट्रिक और शासन प्रभावशीलता को ध्यान में रखना चाहिए।

सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) को प्राप्त करने वाले राज्यों को विशेष राजनीतिक प्रतिनिधित्व दिया जा सकता है, जो अच्छे शासन को पुरस्कृत करता है। क्षेत्रीय संतुलन बनाए रखने और तेजी से बढ़ते राज्यों के प्रभुत्व को रोकने के लिए कानूनी उपाय किए जाने चाहिए। संसद के भीतर एक क्षेत्रीय परिषद की स्थापना से कम प्रतिनिधित्व वाले राज्यों के हितों की वकालत करने में मदद मिल सकती है। 2031 की जनगणना के बाद एक क्रमिक दृष्टिकोण हितधारकों के साथ चर्चा और एक सहज संक्रमण की अनुमति देगा। किसी भी परिसीमन से पहले, एक राष्ट्रीय आयोग को संभावित प्रभावों का आकलन करना चाहिए और आवश्यक सुरक्षा उपाय सुझाने चाहिए। राज्य सरकारों के लिए स्थापित चैनलों के माध्यम से परिसीमन वार्ता में सक्रिय रूप से भाग लेना महत्वपूर्ण है। सहकारी संघवाद को प्रोत्साहित करने के लिए किसी भी सीट के पुनर्वितरण को अंतिम रूप देने से पहले अंतर-राज्य परिषद के साथ अनिवार्य परामर्श होना चाहिए।

एक सुनियोजित परिसीमन प्रक्रिया जनसांख्यिकीय वास्तविकताओं को संघवाद की अखंडता से जोड़ सकती है। क्षेत्रीय असमानताओं से बचने के लिए, हमें दोहरे प्रतिनिधित्व मॉडल, भारित मतदान या राज्यसभा की शक्तियों को बढ़ाने जैसी नवीन रणनीतियों पर विचार करना चाहिए। राजकोषीय संघवाद और संस्थागत ढांचे को मज़बूत करके, हम यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि राजनीतिक निष्पक्षता जनसांख्यिकीय परिवर्तनों के साथ संरेखित हो, जिससे एक सुसंगत और एकजुट भारत को बढ़ावा मिले।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
कार्यक्षेत्र में अधिकारियों से काफी अच्छा सहयोग प्राप्त होगा। आपके द्वारा लिये गये निर्णयों की प्रशंसा होगी। विरोधी आपके सामने कमजोर पड़ेंगे।

**वृषभ**
व्यापार में अनचाही पार्टनरशिप करनी पड़ सकती है। दिखावे के चक्कर में आपका नुकसान हो सकता है। आपको आत्मनिरीक्षण करने की आवश्यकता है।

**मिथुन**
व्यवसाय में हुये नुकसान की भरपायी कर सकते हैं। कोई बड़ा कार्य करने से पहले आपको उसकी योजना अच्छी तरह से बना लेनी चाहिये।

**कर्क**
अति आत्मविश्वास के कारण आपके काम बिगड़ सकते हैं। आपको अपेक्षा के अनुसार व्यवसाय में परिणाम मिलने में कठिनाई होगी।

**सिंह**
वैवाहिक सम्बन्धों में मधुरता बढ़ेगी। कार्यक्षेत्र में आपको मान-सम्मान प्राप्त होगा। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे लोगों के लिये दिन बहुत ही अच्छा है।

**कन्या**
अपनी व्यावसायिक नीतियों में बदलाव ला सकते हैं। आपकी कार्यकुशलता में वृद्धि होगी। आपका सामाजिक वर्चस्व बढ़ने की सम्भावना बन रही है।

**तुला**
उच्च अधिकारी आपके ऊपर काम का दबाव बढ़ा सकते हैं। आप चतुराई से आप अपना काम निकाल लेंगे। कानूनी विवादों को सुलझाने का अवसर मिलेगा।

**वृश्चिक**
माता के स्वास्थ्य की चिन्ता हो सकती है। जोड़ों में दर्द को लेकर थोड़ी समस्या होगी। गलतफहमी को लेकर रिश्तों में अनबन हो सकती है।

**धनु**
घर में मेहमानों की आवाजाही रहेगी। वैवाहिक जीवन में प्रेम भाव बढ़ेगा। निर्माण कार्य से जुड़े हुये प्रोजेक्ट दोबारा शुरू हो सकते हैं। आपके जनसम्पर्क का दायरा विस्तृत होगा।

**मकर**
स्वास्थ्य सम्बन्धी परेशानियों से बाहर आ सकते हैं। अपने लक्ष्यों को लेकर फोकस रहेंगे। आपके काम की गुणवत्ता में वृद्धि होगी। लेकिन आप अपनी उपलब्धियों से सन्तुष्ट नहीं रहेंगे।

**कुंभ**
घर के किसी सदस्य के विवाह को लेकर चर्चा हो सकती है। महिलाओं को कन्धे और कमर के दर्द से जूझना पड़ सकता है। पड़ोसियों के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें।

**मीन**
आपको अपनी प्रतिष्ठा की काफी चिन्ता रहेगी। अपनी दिनचर्या को व्यवस्थित रखें। सिरदर्द और माइग्रेन के रोगियों को कुछ कष्ट हो सकता है।

# दो दिवसीय किसान सह कृषि यांत्रिकरण मेला का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**आरा।** कृषि भवन, आरा के प्रांगण में दो दिवसीय किसान-सह-कृषि यांत्रिकरण मेला का आयोजन किया जा रहा है। उद्घाटन डीएम तनय सुल्तानिया ने दीप प्रज्जवलीत कर किया। डीएम ने किसान मेले में कृषि से जुड़ी सभी गतिविधियों एवं अबतक किए गए विकास कार्यों पर विस्तृत प्रकाश डाला। मेले को आकर्षण एवं भव्यता प्रदान करने में कृषि एवं सबंद्ध विभागो द्वारा लगाए गए स्टॉल, आधुनिक कृषि यंत्रो की सजीव उपलब्धता की मुख्य भूमिका रही। डीएम ने सभी स्टॉलो का निरीक्षण करते हुए स्टॉल में रखे गये आधुनिक प्रदर्शनी एवं कृषि यंत्रो के बारे में जानकारी प्राप्त की गई। डीएम ने जिला कृषि पदाधिकारी को उक्त प्रदर्श एवं यंत्रो को अधिकाधिक संख्या में किसानो को लाभान्वित करने का निदेश दिया। जिला कृषि पदाधिकारी द्वारा आयोजित मेले में कृषि विभाग की अबतक की उपलब्धियो एवं यांत्रिकरण के बारे में उपस्थित किसानों को विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। इस किसान मेले में यांत्रिकरण योजनान्तर्गत कृषि विभाग द्वारा 2264 यंत्रो के क्रय के लिए परमिट निर्गत किए गए है। जिसमें 1652 किसानों द्वारा यंत्र क्रय किया जा चुका है। इसी तरह कस्टम हायेरिग योजना में यंत्र बैक के लक्ष्य 10 के आलोक में 10 की उपलब्धि प्राप्त कर ली गई है सीएचसी-07 में 7 एवं एफएमबी.-03 में 03 की प्राप्ति की जा चुकी है। वर्ष 2024-25 में बीज वितरण के बारे में जानकारी देते हुए बताया गया कि खरीफ में 2596.84 क्विंटल के विरूद्ध 2596.64 क्विंटल का वितरण किया गया। रबी 2024 में 20390 क्विंटल लक्ष्य के विरूद्ध 20368.50 क्विंटन बीज वितरण किया गया है। गरमा-1891 क्विंटल के विरूद्ध 128.38 क्विंटल का बीज का वितरण किया गया है। मंच संचालन आत्मा के उप परियोजना निदेशक, राणा राजीव रंजन कुमार ने की कार्यक्रम में सहायक निदेशक, उद्यान, सहायक निदेशक, पौधा संरक्षण, अनुमंडल कृषि पदाधिकारी सदर आरा, कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक, सभी प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी, सभी कृषि समन्वयक, सभी किसान सलाहकार, सभी कार्यपालक सहायक, सभी सहायक तकनीकि प्रबन्धक उपस्थित थे।




# स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने वाली कंपनी के सौजन्य से किया गया वृक्षारोपण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोइलवर।** प्रखंड के कुल्हड़ियां पंचायत में मुखिया सह मुखिया संघ के अध्यक्ष विनय प्रताप सिंह के मौजूदगी में स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने वाली कंपनी इटेलीस्मार्ट प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के द्वारा पर्यावरण संतुलन हेतु पौधारोपण किया गया। पौधारोपण के दौरान मुखिया संघ के अध्यक्ष विनय प्रताप सिंह के द्वारा आम का एक पौधा लगाकर पौधारोपण की शुरूआत की गई। इसके बाद स्मार्ट मीटर लगाने वाली कंपनी के दर्जनों कर्मियों द्वारा आम, बरगद, निम सहित कई प्रकार के करीब 50 से अधिक पौधारोपण किए गए। वहीं मुखिया संघ के अध्यक्ष विनय प्रताप सिंह ने बताया कि इस प्रकार के कार्यक्रम समय-समय पर होते रहना चाहिए क्योंकि यह पौधे पर्यावरण संरक्षण में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इससे पर्यावरण में फैलने वाले प्रदूषण का स्तर भी कम होता है और लोगों को स्वस्थ रहने में मदद मिलती है। उन्होंने यह भी कहा कि स्मार्ट प्रीपेड मीटर भी लोगों के पैसे के साथ-साथ पर्यावरण को बचाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। सौर ऊर्ज़ा के लिए तो स्मार्ट प्रीपेड मीटर ही अनिवार्य है इसीलिए सभी लोगों को स्मार्ट मीटर प्रीपेड मीटर लगवाना चाहिए। जिससे उनके पैसे और ऊर्ज़ा दोनों की बचत होगी और प्रधानमंत्री सौर ऊर्ज़ा योजना को भी बढ़ावा मिलेगा। बता दूं कि बिहार सहित पूरे देश भर में स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाए जा रहे हैं। बिहार में 60 लाख से अधिक स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाए जा चुके हैं। आम लोगों को इससे फायदे भी हो रहे हैं। साथ ही उन्होंने वृक्षारोपण के दौरान लोगों से स्मार्ट मीटर लगाने की अपील करते हुए इसके दर्जनों फायदे बताएं।

स्मार्ट मीटर के कई फायदे बताएं जैसे यह निशुल्क लगाया जाता है। स्मार्ट मीटर में सटीक और सही बिलिंग होती है। आवश्यक रिचार्ज रखने पर बैंक दर से ज्यादा ब्याज मिलता है।

# दो बाल श्रमिकों को कराया गया मुक्त

**आरा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** एक्सेस टू जस्टिस प्रोग्राम के तहत समाजिक संस्था दिशा एक प्रयास, भोजपुर, श्रम संसाधन विभाग, भोजपुर व स्थानीय पुलिस के सहयोग से बिहिया चौराहा से एक व मेन रोड बिहिया से एक बाल श्रमिक को विमुक्त कराकर बाल कल्याण समिति भोजपुर में प्रस्तुत किया गया। नियोजक रामबाबू साह और योगेंद्र कुमार पर प्राथमिकी दर्ज करायी गयी। बाल श्रम से लिप्त बाल श्रमिक को मुक्त कराने के लिए प्रखंड के बिहिया बाजार में धावा दल की टीम ने कई जगहों पर छापेमारी की। इस दौरान लक्ष्मी स्वीट्स, बिहिया चौराहा से एक बाल श्रमिक और सिंगापुर स्पेशल फास्टफूड, मेन रोड बिहिया से एक बाल श्रमिक को विमुक्त कराया गया। धावा दल की टीम में श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, बिहिया अभिमन्यु कुमार, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी पीरो तनु प्रिया थे।

# लक्ष्य के अनुरूप छात्रों का नामांकन कराना करें सुनिश्चित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**केसठ (बक्सर)।** केसठ प्रखंड के रामपुर में डीएम अंशुल अग्रवाल ने डॉ0 भीम राव अम्बेदकर आवासीय विद्यालय का औचक निरीक्षण किया गया। जिला कल्याण पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि भवन को दो भाग में बनाया गया है। दोनो भागों की कुल क्षमता 720 छात्रों की है। निरीक्षण के क्रम में पाया गया की उक्त विद्यालय में मात्र 308 छात्र नामांकित है। छात्रों का विद्यालय में लक्ष्य के अनुरूप नामांकन नही होने के संबंध में पृच्छा करने पर जिला कल्याण पदाधिकारी बक्सर द्वारा स्थिति स्पष्ट नही की गयी। इस संबंध में जिला कल्याण पदाधिकारी को निर्देशित किया गया कि विभाग से समन्वय स्थापित करते हुए लक्ष्य के अनुरूप छात्रों का नामांकन कराना सुनिश्चित करेंगे। निरीक्षण के क्रम में बताया गया कि दशम वर्ग के नामांकित कुल 14 छात्र इस वर्ष मैट्रिक की परीक्षा दे चुके है। विद्यालय में कुल 22 शिक्षक, आउटसोर्सिंग के माध्यम से विद्यालय में सुरक्षा हेतु 03 गार्ड, 02 कार्यालय परिचारी एवं जीविका के माध्यम से 12 रसोईया एवं 12 सफाईकर्मी कार्यरत है। इसी क्रम में उन्होंने विद्यालय के कार्यालय, पुस्तकालय, कम्प्यूटर कक्ष का निरीक्षण किया गया। तत्पश्चात जीविका द्वारा संचालित भोजनालय की जांच की गई। निरीक्षण के क्रम में छात्रों को उपलब्ध कराये जा रहे भोजन की जांच के क्रम में मेन्यू के अनुसार भोजन बना हुआ पाया गया। जिलाधिकारी द्वारा स्वयं भोजन चखकर भोजन की गुणवत्ता की जाँच किया गया। प्रभारी प्रधानाध्यापक और छात्रावास अधीक्षक को निर्देशित किया गया कि छात्रों को उपलब्ध कराये जाने वाले भोजन को प्रतिदिन जाँच करते हुए स्वयं चख कर छात्रों को भोजन उपलब्ध करेंगे। जीविका के पर्यवेक्षक को निर्देशित किया गया कि सभी खाद्य सामग्री यथा अंडा, पनीर, दूध, सब्जी, मांस एवं मछली आदि अच्छी गुणवत्ता एवं फ्रेश सामग्री उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने खाद्य सामग्री भंडार तथा साफ-सफाई का निरीक्षण के क्रम में पायी गयी त्रुटियों को निराकरण करने हेतु निर्देश दिया गया।जिला कल्याण पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि प्रत्येक शनिवार को विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षाओं हेतु करियर काउंसलिंग के माध्यम से छात्रों को प्रोत्साहित किया जाता है। छात्रों को प्रतियोगिता परीक्षा के संबंध में सभी आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराई जाती है। इस संबंध में छात्रों से भी पृच्छा की गई। छात्रों को मैट्रिक, इण्टरमीडिएट परीक्षाओं में 85% से अधिक अंक लाने तथा प्रतियोगिता परीक्षाओं में उर्तीण होने के संबंध में पृच्छा करने पर प्रभारी प्रधानाध्यापक एवं जिला कल्याण पदाधिकारी द्वारा कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी गयी। निर्देशित किया गया कि गुणवत्तापूर्ण पढ़ाई के साथ छात्रो की पढ़ाई का स्तर उच्च गुणवत्ता के साथ प्रोत्साहित करते हुए नियमित रूप से संचालन कराना सुनिश्चित करेंगे ताकि प्रतियोगिता परीक्षा में अत्यधिक संख्या में छात्र बेहतर अंक के साथ रैंक भी हासिल कर सके। जिला कल्याण पदाधिकारी नियमित रूप से इसका अनुश्रवण करेंगे, ताकि सभी छात्र इससे लाभान्वित हो सके। उन्होंने जिला कल्याण पदाधिकारी को निर्देशित किया गया कि प्रत्येक पक्ष स्वयं भी भौतिक रूप से विद्यालय का निरीक्षण करते हुए एवं छात्रों को उपलब्ध कराये जा रहे भोजन को स्वयं भोजन ग्रहण कर गुणवत्ता की जांच करेंगे। निरीक्षण के क्रम में जिला कल्याण पदाधिकारी बक्सर, प्रखंड परियोजना प्रबंधक जीविका, प्रधानाध्यापक उपस्थित थे।




# गड़हनी विद्यालय में चल रहा ज्ञानोत्सव कार्यक्रम संपन्न

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गड़हनी/भोजपुर।** प्रखण्ड के उच्च माध्यमिक विद्यालय गड़हनी सह उत्क्रमित मध्य विद्यालय पड़रिया में चार दिनों से चल रहा ज्ञानोत्सव कार्यक्रम गुरुवार को संपन्न हो गया। ज्ञानोत्सव कार्यक्रम में विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं ने पेंटिंग, रंगीली, खेल-कूद, खाना बनाना सहित कई तरह की प्रतियोगिता में अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन दिखाया। जिसमे आज समाप्ति पर उत्कृष्ट प्रदर्शन दिखाने वाले छात्र-छात्राओं को शिक्षकों व अभिभावकों के द्वारा मेडल देकर पुरस्कृत किया गया। समाप्ती पर सभी छात्र-छात्राओं के अभिभावक व कई जनप्रतीनिधि उपस्थित थे। विद्यालय के प्रधानाध्यापक ओम नारायण साह ने कहा कि इस तरह के प्रतियोगिता कार्यक्रम से छात्र -छात्राओ का मानसिक, बौद्धिक, समाजिक, खेल सहित कई तरह का ज्ञान मिलता है। सभी छात्र-छात्राओं ने विद्यालय में चार दिनो में शान्तिपूर्ण व अनुशासन पूर्वक प्रतियोगिता का प्रदर्शन किया जो बहुत ही सराहनीय है। अपने बच्चों को मेडल देकर अभिभावक भी बहुत प्रसन्न हुए। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालो में निशा परवीन, शाहीन परवीन, चंद्रशेखर चौरसिया, मो फरहान, मो शहजाद शामिल हैं। मौके पर प्रधानाध्यापक ओमनारायण साह, वरीय शिक्षक तसउवर हुसैन, विष्णु शंकर सिंह, अरविंद उपाध्याय, प्रभाशंकर, आंशिक सिंह, रेसमा परवीन, सबिता कुमारी, चंदन कुमार, अनिल कुमार, प्रकाश सहित कई लोग उपस्थित थे।

## अव्वल स्थान पाने वाले छात्रों को किया गया पुरस्कृत

**कोइलवर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बिहार शिक्षा परियोजना परिषद पटना द्वारा जारी तीन दिवसीय ज्ञानोत्सव दिवस का आयोजन कोइलवर प्रखंड के विद्यालयों में उत्सवपूर्ण माहौल में किया गया। कार्यक्रम में कक्षा पहली से पांचवीं, छठी से आठवीं एवं नवीं से बारहवीं स्तर के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इसके तहत शिक्षकों के निर्देशन में बच्चों ने कविता, कहानी, निबंध, लेखन, भाषण, चित्रांकन, रंगोली, पेटिंग, संगीत, नुक्कड़ नाटक, कबाड़ से जुगाड़ सहित विभिन्न तरह के रचनात्मक कार्यों में सहभागिता दिखाई। बच्चों के द्वारा निर्मित वस्तुओं एवं कार्यों को अभिभावकों ने भी देखा और सराहना की। मध्य सह उच्च माध्यमिक विद्यालय चंदा काजीचक में ज्ञानोत्सव कार्यक्रम के अंतिम दिन पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। ज्ञानोत्सव कार्यक्रम के तहत प्रथम स्थान प्राप्त, कविता लेखन में सुधांशु, कहानी लेखन में सागर, मधुबनी पेटिंग में आयुष, चित्रांकन में पुष्प राज, पुतुल, निबंध लेखन में रितु राय, भाषण में अमित शालिनी, कबाड़ से जुगाड़ में सत्यम, संगीत में लक्ष्मी एवं रंगोली में रजनी, सुष्मिता, अनन्या, और संध्या को मौके पर उपस्थित बीआरपी, राजाराम सिंह ''प्रियदर्शी' के हाथों कलम, कलर पेंट, स्केच पेन आदि देकर पुरस्कृत किया गया और बच्चों को इसी तरह मन लगातार पढ़ने, सीखने में रुचि लेने हेतु प्रोत्साहित किया गया।

मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक, डॉ. दया शंकर प्रसाद, शिक्षक, सुजीत कुमार, प्रदीप कुमार, सुमन कुमार, इमरान अहमद, संजय कुमार राम, चंदन कुमार, सुनील कुमार, कामरान खान, इन्द्रजीत कुमार,अर्चना कुमारी, शालिनी सहित छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही।

# टीबी खोजी अभियान की ट्रेनिंग संपन्न

**केसठ (बक्सर) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** केसठ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में गुरुवार को सघन टीबी खोजी अभियान का ट्रेनिंग कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य वर्ष 2025 में केसठ को टीबी मुक्त बनाना है। इस ट्रेनिंग कार्यक्रम में मेडिकल ऑफिसर इन चार्ज डॉ. विनय कुमार, ब्लॉक हेल्थ मैनेजर सुशील कुमार, स्टेट टीबी सुपरवाइजर वरुण मौर्य और स्टेट टीबी लैब सुपरवाइजर पंकज जायसवाल ने प्रतिभागियों को टीबी खोजी अभियान के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने भाग लिया और टीबी खोजी अभियान के बारे में जानकारी प्राप्त की।

# धान अधिप्राप्ति को लेकर टास्क फोर्स की बैठक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**आरा।** डीएम तनय सुल्तानिया की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में जिला टास्क फोर्स की धान अधिप्राप्ति से संबंधित समीक्षात्मक बैठक गुरुवार को आयोजित की गई। इस दौरान जिला सहकारिता अधिकारी ने बताया कि जिले में 15109 किसानों से 1,69,151.35 मीट्रिक टन धान की अधिप्राप्ति की गई है, जो लक्ष्य का 99.99% है। राज्य खाद्य निगम भोजपुर ने जानकारी दी कि समितियों से सीएमआर चावल की आपूर्ति नियमित रूप से जारी है। अब तक कुल 1305 लॉट चावल प्राप्त किया जा चुका है। डीएम ने जिला प्रबंधक, राज्य खाद्य निगम को निर्देश दिया कि गन्नी बैग, एफआरके सहित अन्य समस्याओं का शीघ्र समाधान सुनिश्चित कर सीएमआर चावल की प्राप्ति में तेजी लाएं। बैठक में रबी विपणन मौसम 2025-26 के अंतर्गत गेहूं अधिप्राप्ति की अग्रिम तैयारी पर भी चर्चा की गई। डीएम ने न्यूनतम समर्थन मूल्य 2425 प्रति क्विंटल के व्यापक प्रचार-प्रसार, क्रय केंद्रों पर आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता एवं भंडारण की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में अपर समाहर्ता, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी (आरा, जगदीशपुर, पीरो), जिला प्रबंधक (राज्य खाद्य निगम) एवं प्रबंध निदेशक (सेंट्रल को-ऑपरेटिव बैंक) सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# ट्रक के तहखाना से 45 लाख की शराब बरामद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**आरा।** होली पर्व में पंजाब से मुजफ्फरपुर जा रहा रहा 9744 बोतल विदेशी शराब भोजपुर जिला के बक्सर-पटना फोरलेन के बीबीगंज के समीप उत्पाद विभाग ने पकड़ा है। शराब की किमत करीब 45 लाख रुपये बताई जा रही है।

पुलिस ने ट्रक व शराब को जब्त कर दिया। ट्रक के साथ दो तस्कर को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार तस्कर मध्य प्रदेश के उज्जैन जिला के करौंदिया निवासी सुनील सोलंकी व मकसी रोड पवासा निवासी नरेंद्र सोलंकी है। होली पर्व को देखते डीएम तनय सुल्तानिया के आदेश पर मद्यनिषेध विभाग द्वारा जिले में अवैध शराब के विरुद्ध लगातार छापेमारी अभियान चला रही है। इस दौरान गुरुवार को सहायक आयुक्त उत्पाद रजनीश को गुप्त सूचना मिली एक छः चक्का ट्रक से भरी मात्रा में बिदेशी शराब पंजाब से बिहार में लाया जा रहा है। उत्पाद विभाग के अवर निरीक्षक राहुल कुमार दुबे के नेतृत्व में एक छापेमारी टीम बनायी गई। छापेमारी टीम को बक्सर पटना फोरलेन पर बीबीगंज मोड़ के पास एक महत्वपूर्ण सफलता मिली। जब एक छह चक्का ट्रक को रोका गया। ट्रक के तलाशी करने पर ट्रक के अंदर रखे चलंत शौचालयनुमा स्ट्रक्चर के अंदर से भारी मात्रा में अवैध विदेशी शराब बरामद किया गया। तहखाना से मैकडोवेल के 180 एमएल का 4272 पीस, 375 एमएल का 1176 बोतल, 750 एमएल का 684 बोतल, इंपेरियल ब्लू 375 एमएल का 2136 बोतल व 750 एमएल का 1476 बोतल बरामद किया गया। जो कुल 3630.96 लीटर है।

# दिशा की बैठक में की गई विभिन्न विभागों के योजनाओं की समीक्षा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**शेखपुरा।** गुरुवार को जिला समाहरणालय में जमुई सांसद अरूण कुमार भारती की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं अनुश्रवण समिति (दिशा), की समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर नवादा सांसद विवेक ठाकुर, राज्य सभा सांसद के साथ-साथ शेखपुरा विधायक विजय कुमार भी उपस्थित थे। बैठक में आवास, योजना, मनरेगा, पेयजल, जीविका, सड़क, शिक्षा, लघु सिंचाई, बिजली एवं स्वास्थ्य इत्यादि के मामलें छाए रहें। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत वर्तमान में आवास हेतु योग्य लाभुकों का चयन करने हेतु सर्वे का कार्यों में और पारदर्शिता लाने को कहा गया है।




**पेयजल की समस्या के निराकरण का निर्देश**

शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में भी साफ-सफाई की उचित व्यवस्था बढ़ाने को कहा गया है। प्रत्येक घर में शौचालय की व्यवस्था हो, इसको सुनिश्चित करने को कहा गया है। साथ ही डोर-टू-डोर कचरा उठाव को सुनिश्चित करने को कहा गया है। वही ग्रामीण कार्य विभाग के तहत जिला में आवागमन की सुविधा को बेहतर बनाने हेतु ग्रामीण कार्य विभाग के कार्यपालक अभियंता को फिर से नया सर्वे कर रिपोर्ट देने को कहा गया है। साथ ही आगामी ग्रीष्म ऋतु में जिला में पेयजल की समस्या के निराकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता देने को कहा गया है। सांसद नवादा द्वारा एक सुझाव देते हुए कहा गया कि प्रत्येक चौक चौराहों पर जिला प्रशासन द्वारा जलापूर्ति के लिए स्थायी उपाय बनाया जाय।

**शेखपुरा में ट्रामा सेंटर व जन औषधि केंद्र की संख्या बढ़ाने का निर्देश**

वहीं स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा में आयुष्मान कार्ड बनाने पर बल दिया गया। सांसद के द्वारा 70 प्लस से अधिक आयु वर्ग के लिए वृद्धजन का अनिवार्य रूप से आयुष्मान कार्ड बनाने को कहा गया। जहाँ सांसद जमुई के द्वारा शेखपुरा में ट्रामा सेंटर पर चर्चा की गई है, वही सांसद नवादा के द्वारा प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र की संख्या बढ़ाने को कहा गया है। विद्युत प्रमंडल को गीष्म ऋतु के पहले जर्जर, ढीले तारों को ठीक करने को कहा गया है। कृषि पदाधिकारी को कृषि यांत्रीकरण योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार कराने को कहा गया है, ताकि ज्यादा से ज्यादा किसान इससे लाभान्वित हो।

**बरबीघा रेलवे परियोजना को लगातार अनुश्रवण का निर्देश**

बैठक के अंत में सभी माननीय के द्वारा निम्न बिन्दुओं पर सभी पदाधिकारियों से जिला के सर्वागींण विकास हेतु कार्य योजना बनाने का सुझाव दिया गया। सांसद नवादा द्वारा जिला पदाधिकारी से बरबीघा रेलवे परियोजना का लगातार अनुश्रवण करने का अनुरोध किया गया है। कुसेढ़ी का पंचबदन मंदिर एवं बरबीघा के गंगटी में 13वीं शताब्दी के मंदिर का सौंदर्यकरण एवं विकास तथा बरबीघा के पुराने औडिटोरियम का पुन निर्माण करने पर बल दिया। वहीं, राज्यसभा सांसद ने छठियारा गांव में तालाब का चौड़ीकरण एवं सौंदर्यकरण तथा रेउता में 10 प्लस टू? उच्च विद्यालय का मुख्य सड़क से सम्पर्क पथ हेतु सुविधा उपलब्ध कराने पर बल दिया गया।

## एक नजर

### तेजस्वी 2025 में बिहार में सरकार बनाएंगे : राजीव रंजन

**जगदीशपुर/भोजपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** पटना के मिलर हाई स्कूल में युवा राजद द्वारा आयोजित युवा चौपाल में जगदीशपुर विधानसभा के राजद नेता राजीव रंजन उर्फ पिंकू भैया ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने कहा कि युवा चौपाल ऐतिहासिक और यादगार रहा और पूर्व उपमुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने कई महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं। इन घोषणाओं में युवा आयोग का गठन, डोमिसाइल नीति लागू करना और प्रतियोगिता परीक्षा के लिए फॉर्म भरने और आने-जाने का पैसा नहीं लेना शामिल हैं। राजीव रंजन ने आगे कहा कि बिहार के विकास के लिए युवा नेतृत्व की जरूरत है और तेजस्वी प्रसाद यादव 2025 में बिहार में सरकार बनाएंगे। उन्होंने कहा कि बिहार में अराजकता की स्थिति है और लूट, अपहरण की घटनाएं आम हो गई हैं। बिहार में बेरोजगारी की समस्या बहुत बड़ी है और जनता वर्तमान सरकार से असंतुष्ट है और बदलाव चाहती है।

### जविप्र की डीएम ने की समीक्षा

**आरा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** डीएम तनय सुल्तानिया की अध्यक्षता में कार्यालय प्रकोष्ठ में जन वितरण प्रणाली से संबंधित समीक्षात्मक बैठक गुरुवार को हुआ। इस दौरान ई-केवाईसी और राशन कार्डधारियों के आधार सीडिंग की अद्यतन स्थिति की जानकारी डीएम ने ली। उन्होंने सभी प्रखंड आपूर्ति अधिकारियों को 31 मार्च तक सभी राशन कार्डधारियों का ई-केवाईसी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही जिन राशन कार्डधारियों का आधार सीडिंग पूर्ण नहीं हुआ है, उनके आधार सीडिंग कार्य को तत्काल पूरा करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने जिला आपूर्ति पदाधिकारी को इसका सतत अनुश्रवण करने का निर्देश भी दिया। मौके पर अपर समाहर्ता, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी (आरा, जगदीशपुर, पीरो), जिला प्रबंधक (राज्य खाद्य निगम) और प्रबंध निदेशक (सेंट्रल को-ऑपरेटिव बैंक) सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

### बिहार बजट की जलेगी प्रतियां

**शेखपुरा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बिहार की संघर्षशील ताकतों की लोकप्रिय मांगों को दरकिनार करने वाले 2025-26 के बिहार बजट का भाकपा माले की ओर से तीन दिनों विरोध दिवस घोषित किया गया है। भाकपा माले जिला सचिव विजय कुमार विजय ने बताया कि शेखपुरा जिला के अरियरी प्रखंड सहित अन्य प्रखंडों में 7 मार्च को बिहार बजट की प्रतियां जलाकर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। बिहार सरकार द्वारा पेश किए गए बजट में आशा, जीवका, रसोईया, आंगनबाड़ी, माइक्रोफाइनेंस कंपनी से जुड़ी महिलाओं की कर्ज माफी, आउटसोर्सिंग पर काम कर रहे सफाई कर्मी, कार्यपालक सहायक और अन्य स्कीम वर्करो सहित ठेका पर काम कर रहे लाखों लोगों की मांगों को कोई जगह नहीं मिली है। 200 यूनिट फ्री बिजली, समाजिक सुरक्षा की राशि 25000 रुपया करने, महिलाओं को 3000 सहायता राशि देने, गरीबों को वास-आवास पक्का मकान आदि सवालों को भी बजट में संबोधित नहीं किया गया है। जिस कारण आंदोलन का रुख अख्तियार करना पड़ रहा है।

### फरार अभियुक्त के घर चिपकाया इश्तेहार

**कोइलवर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बैंड-बाजा लेकर चांदी थाना पुलिस गुरुवार को थाना क्षेत्र के रतनपुर पहुंची। जहां पर शत्रुधन यादव हत्याकांड में फरार चल रहे आरोपित कौशल यादव पिता लक्ष्मण यादव, नवलेश यादव, नीरज यादव दोनों पिता बुटन यादव, बुटन यादव , बिजेंद्र यादव , दोनों पिता स्व.रमुन यादव सभी ग्राम रतनपुर थाना चांदी एवं जंगेश यादव पिता राघव यादव अखगांव थाना संदेश उपर्युक्त सभी फरार अभियुक्तों के घर पर चांदी थाने की पुलिस ने गुरुवार को ढोल नगाड़े के साथ इश्तहार चिपकाया। जिसमें आरोपी को शीघ्र न्यायालय में समर्पण करने को कहा गया है। इस कार्रवाई को देखने के लिए उसके घर पर मुहल्ले वालों की भीड़ जमा हो गयी। बताया जाता है कि हत्या को लेकर चांदी थाना में नामजद छः आरोपित फरार चल रहे हैं जिसकी गिरफ्तारी नहीं होने पर न्यायालय ने इश्तेहार निर्गत किया। चांदी थानाध्यक्ष राकेश कुमार रौशन के नेतृत्व में गाजे-बाजे के बाद पुलिस टीम रतनपुर पहुंची। जहां फरार आरोपितों के घर पर इश्तेहार चिपकाया। घर वालों को कहा गया कि आरोपित को शीघ्र न्यायालय में आत्मसमर्पण करने को कहें। साथ ही माइक से मुहल्ले वालों को जानकारी दी गयी कि यदि आरोपी ने न्यायालय में आत्मसमर्पण नहीं किया तो न्यायालय के आदेश पर शीघ्र ही कुर्की-जब्ती की कार्रवाई की जायेगी। चांदी थानाध्यक्ष ने बताया कि वर्ष 2024 में रतनपुर निवासी सुरेन्द्र यादव के पुत्र शत्रुधन यादव की हत्या हुई थी। जिसमें 10 लोगों पर नामजद मामला दर्ज हुआ था। इसमें चार लोगों को पुलिस गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। छः आरोपित अभी भी फरार हैं।

### नल-जल योजना में गड़बड़ी का मामला उठा विधानसभा में

**शेखपुरा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** स्थानीय विधायक विजय सम्राट के द्वारा लगातार अपने विधानसभा क्षेत्र के विकास एवं जनसमस्याओं जुड़े समस्याओं को लेकर विधान सभा सत्र में लगातार मामला उठाया जा रहा है। जहां विधायक विजय सम्राट ने गुरुवार को विधानसभा के 14वें सत्र में घाटकुसुम्भा प्रखंड के माफो पंचायत में मुख्यमंत्री नल जल योजना में हुई गड़बड़ी का मामला विधानसभा में उठाया है। प्रश्नकाल में उन्होंने ध्यानाकर्षण प्रस्ताव पेश किया। जिसमें उन्होंने माफो पंचायत के ग्राम औरैया एवं फरीदपुर में नल जल योजना में हुई गड़बड़ी को लेकर मामला उठाया। उन्होंने विधानसभा सत्र में विभागीय मंत्री को अवगत कराते हुए बताया कि माफो पंचायत के ओरैया वार्ड नंबर दो के महादलित टोला में पाइप बिछाकर टंकी का निर्माण तो करा दिया गया, लेकिन अभी तक बोरिंग नहीं करवाया गया है। जबकि फरीदपुर गांव के वार्ड नंबर तीन में नल-जल योजना से संबंधित अभी तक कोई निर्माण कार्य नहीं कराया गया है। जिसे ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल नहीं मिल पा रहा है। इसके लिए विधायक विजय सम्राट ने 2 एवं 3 सितंबर 2024 को कार्यपालक अभियंता कार्य प्रमंडल शेखपुरा को पत्र लिखकर इसे यथाशीघ्र चालू कराने को कहा था। बावजूद कार्यपालक अभियंता के द्वारा अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की गई है। जिसका परिणाम आज तक यहां के ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है। वही विधायक ने अरियरी प्रखंड के लटकाना गांव में पशु अस्पताल खोलने के लिए विधानसभा सत्र में मामला उठाया। जहां उन्होंने बताया कि ऐफनी पंचायत के लटकाना गांव में पशु अस्पताल नहीं रहने के कारण यहां के पशुपालकों को 10 से 15 किलोमीटर की दूरी तय कर जिला मुख्यालय एवं अन्य स्थानों पर जाना पड़ता है। जबकि यहां पशु अस्पताल बनाने के लिए सरकारी भूमि उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि इसके लिए विभागीय मंत्री को 8 जनवरी 2025 को पत्र देकर अवगत कराया, उसके बावजूद अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई।

### शराब तस्कर धराया

**बड़हरा/भोजपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** कृष्णागढ थाना क्षेत्र के सरैंया बाजार के समीप पुलिस ने 81 पीस टेट्रापैक शराब पकड़ा है। शराब के संग पिंटू तिवारी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्कर सिन्हा थाना क्षेत्र के कान्हा छपरा गांव निवासी कन्हैया तिवारी का पुत्र है। वह पुरानी इलेक्ट्रिक बाइक से शराब लेकर डिलेवरी करने जा रहा था। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जेल भेजने की कार्रवाई में जुटी है।

# सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की संयुक्त निदेशक ने की समीक्षा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** बिहार सामाजिक सुरक्षा निदेशालय के निर्देश पर गुरुवार को संयुक्त निदेशक गायत्री कुमारी ने काको नगर पंचायत, घोसी नगर पंचायत, घोसी प्रखंड और काको प्रखंड में कबीर अंत्येष्टि अनुदान योजना सहित विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की समीक्षा की।

राज्य में सामाजिक सुरक्षा के तहत छह पेंशन योजनाएं संचालित हैं– राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना, राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना, राष्ट्रीय निशक्तता पेंशन योजना, मुख्यमंत्री वृद्धजन पेंशन योजना, लक्ष्मीबाई सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना, बिहार निशक्तता पेंशन योजना।

जहानाबाद जिले में इन योजनाओं के तहत 1,30,000 से अधिक लाभुक पेंशन प्राप्त कर रहे हैं।

समीक्षा बैठक में कबीर अंत्येष्टि अनुदान योजना, राष्ट्रीय परिवार लाभ योजना, मुख्यमंत्री परिवार लाभ योजना, मुख्यमंत्री कुष्ठ कल्याण योजना, मुख्यमंत्री अंतरजातीय विवाह प्रोत्साहन अनुदान योजना, और मुख्यमंत्री निशक्तजन विवाह प्रोत्साहन अनुदान योजना पर चर्चा की गई।

कबीर अंत्येष्टि अनुदान योजना के तहत चालू वित्तीय वर्ष में 1,045 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 730 परिवारों को लाभ दिया जा चुका है। काको नगर पंचायत और प्रखंड में 285 आवेदन मिले, जिनमें से 236 को स्वीकृति मिल चुकी है। घोसी नगर पंचायत और प्रखंड में 89 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 66 को मंजूरी दी गई। राष्ट्रीय परिवार लाभ योजना में 265 आवेदन, जबकि मुख्यमंत्री परिवार लाभ योजना में 102 आवेदन स्वीकृत किए गए हैं। संयुक्त निदेशक गायत्री कुमारी ने कबीर अंत्येष्टि अनुदान योजना की गहन समीक्षा करते हुए नगर पंचायत क्षेत्रों में वार्ड पार्षदों के साथ विमर्श और उन्मुखीकरण किया। काको नगर पंचायत में कार्यपालक पदाधिकारी प्रेम स्वरूपम ने आवेदनों और अभिलेखों की समीक्षा कराई। घोसी नगर पंचायत में नव नियुक्त कार्यपालक पदाधिकारी ने आश्वासन दिया कि योजना के तहत लाभुकों की संख्या बढ़ाई जाएगी। काको और घोसी प्रखंडों में प्रखंड विकास पदाधिकारियों की उपस्थिति में पंचायत सचिवों और जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक हुई। संयुक्त निदेशक ने निर्देश दिया कि दिव्यांगजनों, वृद्धों और विधवाओं को पेंशन योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ दिलाने पर जोर दिया जाए। उन्होंने संबल योजना के तहत मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल और सहायक उपकरणों की जानकारी दिव्यांगजनों तक पहुंचाने का भी निर्देश दिया। संयुक्त निदेशक ने कहा कि जहानाबाद जिले में सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। तकनीकी और व्यावहारिक समस्याओं के समाधान के लिए जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग और निदेशालय तत्पर हैं।

समीक्षा बैठक में सहायक निदेशक (सामाजिक सुरक्षा) जहानाबाद, पूनम कुमारी भी मौजूद थीं।

## ग्रामीण सड़क को एनएच से जोड़ने की मांग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रक्सौल (पूर्वी चम्पारण)।** भारत नेपाल सीमा की सुरक्षा में तैनात एसएसबी कैम्प सहित विभिन्न ग्रामीण सड़कों को एनएचआई से जोड़ने की मांग को क्षेत्रीय भाजपा विधायक प्रमोद कुमार सिन्हा ने विधानसभा में पूरक सवाल उठा कर कियाद्य उन्होंने कहा कि गम्हरिया नहर चौक से एसएसबी कैम्प पुरन्दरा तक सड़क व आदापुर प्रखंड अंतर्गत घोड़ासहन केनाल से चिलझपटी, माघी, बरवा, कचोरवा आदि ग्राम होते हुए बिसुनपुरवा मुख्य मार्ग तक की सड़क निर्माण की मांग कियाद्य इस दौरान उन्होंने रामगढ़वा प्रखण्ड अंतर्गत अमोदेई के पांच पिछड़े वार्ड व रघुनाथपुर पंचायत तीन पिछड़े वार्डो को आबादी के घनत्व के आधार पर प्रस्तावित नये पंचायत की स्थापना हेतु शून्यकाल में प्रश्न किया ताकि पिछड़े वार्डो का विकास तेजी से हो सकेद्य विधायक के सवाल पर मंत्री ने कहा है कि सड़क का सम्पर्क हो चुका है।

# पैसे के लालच में जीजा ने साली का गला रेता

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** जहानाबाद जिले के हुलासगंज थाना क्षेत्र में एक महिला का गला रेतकर हत्या का प्रयास किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले में हुलासगंज थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। दर्ज कराए गए प्राथमिकी में चचेरे जीजा को नामजद अभियुक्त बनाया गया है। घटना के संबंध में बताया गया कि 26 वर्षीया दीपशिखा सिंह उर्फ रूनी कुमारी जो मखदुमपुर थाना क्षेत्र के मुस्सी गांव की रहने वाली है। घटना के एक दिन पूर्व वह एलआईसी से पैसा निकासी के लिए जहानाबाद गई थी। उसने अपने ससुराल में फोन कर बताया था कि अपने चचेरे जीजा ऋषिकेश कुमार के पास जहानाबाद के होरीलगंज मुहल्ले में बुधवार को देर होने के कारण ठहर गई थी। बताया गया कि रात में उसके जीजा ऋषिकेश कुमार जो घोषी थाना के बाजितपुर गांव के रहने वाले हैं उसने महिला को अपने दोस्त के फ्लैट में ले जाकर वहां दो गोली नशा का खिलाया जिसके बाद महिला बेहोश हो गई। ऐसा प्रतित होता है कि गुरुवार की सुबह महिला को मरणासन्न की स्थिति में बौरी पुल के पास लाकर फेंक दिया गया था। बताया जाता है कि जब महिला को होश आया तो उसका गला रेता हुआ था तथा उसके पेट में भी चाकू से वार किया हुआ था जबकि घायल महिला पांच महीने की गर्भवती बताई गई है। महिला का मायके हुलासगंज थाना क्षेत्र में केवला गांव में है। संयोग बस केवला गांव का ही एक लड़का उस स्थिति में उस महिला को देखकर हुलासगंज थाना को फोन से सूचित किया। हुलासगंज पुलिस द्वारा उसे लाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान महिला ने अपने बयान में पुलिस को घटना के संबंध में बताई है। इस संबंध में महिला के देवर रविशंकर शर्मा के द्वारा हुलासगंज थाना में चचेरे जीजा को नामजद करते हुए प्राथमिक दर्ज कराया है। महिला को तुरंत सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया जहां से उसे बेहतर इलाज के लिए पीएमसीएच रेफर कर दिया है। थानाध्यक्ष पंकज कुमार ने बताया कि महिला के फर्दबयान के आधार पर उसके देवर द्वारा प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

## तीनों सेनाओं के उपकरणों के साथ लगाई गई विस्मयकारी प्रदर्शनी

**मोतिहारी।** आज गांधी कॉम्प्लेक्स में सांसद पूर्व केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री राधा मोहन सिंह ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि मोतिहारी के गांधी मैदान में 7 और 8 मार्च को दो दिवसीय शौर्य वेदनम उत्सव का आयोजन किया गया है, इसमें तीनों सेनाओं के उपकरणों के साथ विस्मयकारी प्रदर्शनी लगाई गई है। प्रदर्शनी में नवयुवकों एवं आम जनता को सेना के साजो सामान को अवलोकन करने का सुनहरा अवसर प्राप्त होगा, साथ ही सेना के क्रियाकलापों को जानने का भी मौका मिलेगा। भारतीय सेना जहां एक ओर रणभूमि में अपना पराक्रम दिखाती है वहीं दूसरी ओर कुछ पल निकालकर अपने देशवासियों से संपर्क में रहकर ऐसे प्रदर्शन के आयोजन से अपने सशस्त्र बलों को जानने का अवसर देती हैद्य सौभाग्य से यह अवसर महात्मा गांधी की कर्मभूमि मोतिहारी को प्राप्त हुआ है।

यात्रियों की सुविधा के लिए रक्सौल स्टेशन का होगा विस्तार

## प्लेटफार्म संख्या दो पर शुरू होगी लिफ्ट सुविधा

**रक्सौल (पूर्वी चम्पारण)।** समस्तीपुर रेल मंडल के प्रबंधक (डीआरएम) विनय श्रीवास्तव ने रक्सौल रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। उनके आगमन को लेकर स्टेशन परिसर में सुरक्षा और व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। डीआरएम अपनी विशेष निरीक्षण यान से पहुंचे और प्लेटफॉर्म संख्या एक से निरीक्षण की शुरुआत की। उन्होंने पार्सल क्षेत्र, यार्ड, प्लेटफॉर्म संख्या दो और तीन के साथ फाटक संख्या 33 व 34 का भी बारीकी से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डीआरएम ने अधिकारियों को कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि रेल यात्री सुविधाओं का विस्तार प्राथमिकता है। इसी के तहत प्लेटफॉर्म के एक छोर से दूसरे छोर तक का निरीक्षण किया गया। उन्होंने जल्द ही प्लेटफॉर्म संख्या 2 पर लिफ्ट चालू करने का निर्देश दिया, जिससे यात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी। डीआरएम श्रीवास्तव ने बताया कि रक्सौल स्टेशन के विकास के लिए अतिरिक्त राशि स्वीकृत की गई है, जिससे प्लेटफॉर्म को और आकर्षक और आधुनिक बनाया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों से यात्री सुविधाओं को उन्नत करने के लिए तेजी से कार्य करने को कहा।निरीक्षण के दौरान सीनियर डीईएन विजय प्रकाश, आरपीएफ कमांडेंट एके जानी, प्रभारी स्टेशन अधीक्षक सतीश कुमार, यातायात निरीक्षक धीरेंद्र कुमार, डीसीआई संजय कुमार, मुख्य टिकट निरीक्षक सुधीर कुमार मिश्रा, वाणिज्य अधीक्षक मानिक चंद्र, आरपीएफ पोस्ट कमांडर ऋतुराज कश्यप सहित कई अधिकारी और कर्मचारी मौजूद थे।

## एनीमिया मुक्त भारत योजना के तहत दिया प्रशिक्षण

**चकिया (पूर्वी चम्पारण)।** एनीमिया मुक्त भारत योजना के तहत इस रोग से बचाव के लिए गुरुवार को अनुमंडलीय अस्पताल स्थित प्रशिक्षण सभागार में प्रखंड अंतर्गत एएनएम,आशा फैसिलिटेटर व आशा कार्यकर्ता सहित अन्य को एक दिवसीय प्रशिक्षण प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी के अध्यक्षता में दिया गया। प्रशिक्षण बीसीएम धर्मेन्द्र कुमार ने दिया। इस दौरान प्रशिक्षणार्थियों को बताया गया कि सभी आंगनबाड़ी केंद्रों व निर्धारित स्थान पर एनीमिया रोग से बचाव के लिए छह माह से उनसठ माह आयु वर्ग के बच्चे को आयरन की दो खुराक गोली सप्ताह में प्रत्येक बुधवार और शनिवार तथा पांच से नौ वर्ष आयु वर्ग के बच्चे को पिंक रंग की एक खुराक गोली खिलाना है। जो बच्चे आंगनबाड़ी व अन्य निर्धारित स्थान पर नहीं आते हैं तो आशा कार्यकर्ताओं को डोर टू डोर घूम कर दवा की खुराक खिलाना है। मौके पर राजन कुमार अस्पताल प्रबन्धक, दिनेश कुमार लेखापाल, प्रवीण कुमार अनुश्रवण सहायक, किरण देवी, मुन्नी देवी, आशा देवी, पुष्पा देवी, रानी देवी सहित अन्य मौजूद थे।

## केसरिया बीडीओ मनीष कुमार सिंह का भव्य विदाई समारोह

**केसरिया (पूर्वी चंपारण)।** केसरिया प्रखंड परिसर स्थित सभागार में गुरुवार को बीडीओ सह डीआरडीए निदेशक मनीष कुमार सिंह के सम्मान में विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रमुख आलिया प्रवीण ने की, जबकि संचालन उपप्रमुख पति आनंद सिंह ने किया। समारोह में निवर्तमान बीडीओ मनीष कुमार सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि स्थानांतरण और सेवानिवृत्ति एक प्रक्रिया है। उन्होंने उपस्थित जनप्रतिनिधियों और प्रबुद्ध नागरिकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सभी के सहयोग से केसरिया के विकास की कड़ी को आगे बढ़ाने का अवसर मिला। जदयू नेता वशील अहमद खां ने कहा कि अधिकारी आते-जाते रहते हैं, लेकिन कुछ अपनी कार्यशैली और समर्पण की छाप छोड़ जाते हैं, जिसे लोग भूल नहीं पाते। वहीं, राजद नेता हातिम खां, मुखिया चंद्रशेखर सिंह, नेजाम खां, चून्नू खां, विश्वनाथ सिंह, और विनोद बेदर्दी सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने बुके और फूल-मालाओं से बीडीओ का सम्मान किया। इस अवसर पर अंचल नाजीर वीरेंद्र कुमार सिंह, बीईओ विनय कुमार तिवारी, पीओ अमित नारायण, आवास लेखापाल सुनील कुमार, लालबाबू राम, चंदन राम, रिजवान, नज्जू आलम, और रुपेश कुमार सहित कई अधिकारी एवं गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## ग्लोबल कायस्थ कॉन्फ्रेंस का होली मिलन 9 मार्च को

**मोतिहारी।** शहर के एलचिको रेस्टोरेंट में ग्लोबल कायस्थ कॉन्फ्रेंस का बैठक जिलाध्यक्ष संजीव कुमार की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से 09/03/25 को महिला दिवस एवं होली मिलन समारोह का आयोजन करने का निर्णय लिया गया साथ हीं संगठन के विस्तार पर भी विशेष रूप से चर्चा करते हुए आगामी 9 मार्च को हीं महिला दिवस पर 11 महिलाओं को सम्मानित किया जायेगा। मौके पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रियरंजन, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बब्बू श्रीवास्तव, प्रदेश उपाध्यक्ष संगीता चित्रांश, प्रमंडल प्रभारी ई. अजय आजाद, मोतिहारी जिलाध्यक्ष संजीव कुमार, सुनील कुमार, कला संस्कृति प्रभारी प्रदीप वर्मा, आलोक कुमार, कुमार नवीन चन्द्र, शैलेश कुमार, मनोहर कुमार, अखिलेश, अजय, जयप्रकाश, रंजीत, कन्हैया, सौरभ, प्रिंस, नन्हें, सुमन कुमार सहित सैकड़ो चित्रांश उपस्थित थे।

## नाबालिग छात्रा के साथ दुष्कर्म

**जहानाबाद।** जिले के हुलासगंज थाना क्षेत्र के एक गांव में एक नाबालिग लड़की से दुष्कर्म किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। नाबालिग लड़की सातवीं कक्षा की छात्रा बताई जाती है जिसकी उम्र 15 वर्ष है। नाबालिग लड़की से दुष्कर्म की घटना को गांव के ही पीड़िता के पड़ोसी सुधीर यादव ने अंजाम दिया है। पुलिस आरोपित को गिरफ्तार करने के लिए अलग अलग स्थानों पर छापेमारी कर रही है। घटनास्थल पर हुलासगंज थाना के थानाध्यक्ष पंकज कुमार के नेतृत्व में पुलिस बल कैंप कर रही है।

## एसबीआई लाइफ ने बच्चों के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए दो नई बीमा योजनाएं लॉन्च की



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस ने माता-पिता को उनके बच्चों के भविष्य को आर्थिक रूप से सुरक्षित करने के लिए दो नई योजनाएं– 'एसबीआई लाइफ- स्मार्ट फ्यूचर स्टार' और 'एसबीआई लाइफ- स्मार्ट प्लेटिना यंग अचीवर' लॉन्च की हैं। ये योजनाएं शिक्षा, करियर और जीवन की अन्य आवश्यकताओं के लिए आर्थिक सहायता प्रदान करेंगी, जिससे माता-पिता को भविष्य की वित्तीय अनिश्चितताओं से राहत मिलेगी।

एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस के अध्यक्ष एवं मुख्य वितरण अधिकारी एम. आनंद ने कहा, ल्हर माता-पिता अपने बच्चे को बेहतरीन अवसर देना चाहते हैं, लेकिन वित्तीय बाधाएं अक्सर चिंता का कारण बनती हैं। हमारी ये योजनाएं माता-पिता को सशक्त बनाने के लिए डिज़ाइन की गई हैं, ताकि वे अपने बच्चों के भविष्य को सुरक्षित कर सकें। ग्राहक अधिक जानकारी के लिए निकटतम एसबीआई लाइफ शाखा में जा सकते हैं या एसबीआई लाइफ की आधिकारिक वेबसाइट पर विजिट कर सकते हैं। ये योजनाएं न केवल वित्तीय सुरक्षा प्रदान करेंगी बल्कि बच्चों को उनके सपनों को पूरा करने की स्वतंत्रता भी देंगी।

# लालू सरकार में अपराधी तो नीतीश सरकार में अधिकारी बेलगाम : पीके

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मोतिहारी।** जन सुराज के प्रणेता प्रशांत किशोर ने कहा कि बेतिया राज की जमीन का अधिग्रहण गैरकानूनी है इसका 1950 में ही सेटलमेंट हो गया था जो सरकार के द्वारा गलत तरीके से यह कानून पारित कर लोगों को प्रभावित किया जा रहा है। वे आज जिले में आयोजित विभिन्न कार्यक्रम के पूर्व आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान एक निजी होटल में पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि लोगों से जमीन छिना जा रहा है, लगभाग 60 प्रतिशत से ज्यादा लोग इससे प्रभावित हैं। जनसुराज उनके साथ हर स्थिति में इसके लिए खड़ा हैद्य बड़े स्तर पर भूमि सुधार की जरूरत है लोगों के जमीन छिनना बिल्कुल ही गलत हो गया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार शरीरिक एवं मानसिक रूप से थक गए हैं वे सरकार नहीं चला रहे है केवल उनका चेहरा सामने दिख रहा है।

उन्होंने कहा कि लालू सरकार में अपराधी एवं नीतीश सरकार में अधिकारी बेलगाम हो गए है और भ्रष्टाचार चरम पर चला गया। उन्होंने शराबबंदी पर कहा कि केवल कागज में शराब बंद है लोगों को होम डिलीवरी के तहत शराब मिल रही है और नीतीश के अधिकारी खूब कमा रहे है। उन्होंने कहा कि अगर उनकी सरकार बनी तो एक घंटे के अंदर शराबबंदी हटा दी जाएगी। राज्य के सवा लाख से ज्यादा लोग जेल में है और बड़े लोग नीतीश के साठ गांठ में रहकर शराब बिक्री कर लाखो कमा रहे है और गरीब तथा बेकसूर सलाखों के पीछे जा रहे है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार बनने पर युवाओं एवं महिलाओं को रोजगार मिलेंगे और मनरेगा से सीधे उन्हें जोड़ा जाएगा। मौके पर राष्ट्रीय सचिव सह पूर्व विधायक किशोर कुमार मुन्ना, पूर्व एम एल सी रामबली चतुर्वेदी, डॉ मंजर नसीम, अफाक अहमद, राघवेंद्र जी, पप्पू मिश्र सहित अनेक जन सुराजी मौजूद थे।

**जाति के नाम पर वोट न देने की अपील : प्रशांत**

**कल्याणपुर (पूर्वी चंपारण)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित मध्य विद्यालय बाकरपुर के खेल मैदान में गुरुवार को जन सुराज पार्टी की ओर से उद्घोष सभा का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष रामशरण यादव ने किया। मंच का संचालन जियालाल यादव व अभिनाश ठाकुर ने किया। सभा को संबोधित करते जन सुराज प्रमुख प्रशांत किशोर ने कहा कि आपने चार किलो अनाज के लिए वोट दिया है। हिंदू व मुस्लिम के नाम पर मंदिरों के लिए वोट दिया है। आप लोगों को इस बार बच्चों के लिए वोट देना है उसके बाद ही बिहार का विकास संभव हो सकता है। आप लोग जिस चीज के लिए वोट दीजिएगा वही आप लोगों को मिलेगा। आप लोग अपने-अपने बच्चे की शिक्षा व रोजगार के लिए ही वोट दीजिए। जाति के नाम पर वोट दीजिएगा तो बिहार का विकास नहीं होगा। आपके बच्चे को रोजगार के लिए दूसरे राज्य में भटकना पड़ता है। लालू जी को अपने बच्चों की चिंता है जो नौवीं पास लड़के को बिहार का राजा बनाना चाहते हैं। मेरी सरकार बनेगी तो नेताओं का नहीं जनता का राज होगा। मेरी सरकार बनी तो 60 वर्ष से ऊपर महिलाओं व पुरुषों को विधवा पेंशन के रूप में चार सौ की जगह दो हजार रुपये दिया जाएगा। छठ पर्व के बाद चुनाव होना है मेरी सरकार बनने के बाद बाहर से आए मजदूरों को 10 से 12 हजार रुपए की नौकरी के लिए कही जाना नहीं पड़ेगा। यही उनको रोजगार मिलेगा।

## महापौर ने किया 20 लाख 32 हजार की लागत वाले निर्माण कार्य का उद्घाटन



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**समस्तीपुर।** नगर निगम समस्तीपुर के वार्ड संख्या-41 में रामसेवक राय के घर से जगदीश राय के घर होते हुए बड़ी जमुआरी नदी तक 969900 की लागत से नाला सह ढक्कन निर्माण, रंजीत साह के घर से देवक सहनी के घर की ओर 919300 रूपये की लागत से पीसीसी सड़क सह नाला निर्माण, तथा आनन्द लाल महतो के घर से लेकर बोरिंग के पास तक 1483300 की लागत से पीसीसी सड़क निर्माण का महापौर अनिता राम ने फीता काटकर उद्घाटन किया। नगर निगम स्वर्णिम विकास के बहुआयामी शिखरों को छूने लगा है स कहा कि आज समस्तीपुर नगर निगम अपनी योजनाओं और कार्यक्रमों की बदौलत बिहार में कई मामलों में अव्वल और लगातार ऊंचाइयां पाता जा रहा है। यह क्षेत्र की जनता का प्यार और विकास योजनाओं और कार्यक्रमों में जन-जन की आत्मीय सहभागिता का ही परिणाम है। उन्होंने कहा कि समस्तीपुर नगर निगम का संपूर्ण विकास ही मकसद रहा है। जनता से जो भी वादा किया था उसे पूरा किया है। मौके पर स्थानीय विधायक प्रतिनिधि राकेश कुमार ठाकुर, सशक्त स्थायी समिति के सदस्य धीरज कुमार शर्मा (13), गौतम कुमार (20), धनश्याम भरोष पंडित (01), सुजय कुमार (22), रूबी कुमारी (33), रंजीत कुमार दास (31), मो0 चाँद (47), स्थानीय वार्ड पार्षद अनिता देवी, के अलावा मुनेस्वर महतो, आन्दलाल महतो, नीरज सुमन, राज कपुर सिंह, जगमोहन सिंह, अनिश कुमार, रवि कुमार, रंजीत कुमार रंभू आदि काफी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## रंगदारी मांगने के मामले में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मखदुमपुर (जहानाबाद)।** जहानाबाद जिले के मखदुमपुर थाने की पुलिस ने हम पार्टी के नेता पम्पी शर्मा के चुन्नी भट्ठे पर रंगदारी मांगने वाले आरोपित को गिरफ्तार किया है। जानकारी देते हुए प्रभारी थाना अध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि अमरपुर गांव के सामने दरधा नदी के समीप पार्वती ईट भट्ठा से सन 2023 में रंगदारी मांगने का मामला मखदुमपुर थाने में दर्ज किया गया था। जिसमें गया जिले के अलीपुर थाना क्षेत्र के डिहुरा गांव निवासी विकास दास फरार चल रहा था। जिसे मखदुमपुर थाने की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर गिरफ्तार किया है।

## बिहार सरकार ने जिलाधिकारी को दिया सैनिक कल्याण कार्यालय स्थापना का निर्देश, पूर्व सैनिकों में हर्ष

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**समस्तीपुर।** बिहार सरकार ने जिलाधिकारी समस्तीपुर को सैनिकों के कल्याणार्थ समस्तीपुर जिला में सैनिक कल्याण कार्यालय स्थापना का निर्देश दिया है। साथ ही सैनिकों के लिए ईसीएचएस, कैंटीन, स्पर्श सेंटर एवं सैनिक सभागार बनाने के लिए एक एकड़ या कम से कम 50 डिसमिल जमीन आवंटित करने का निर्देश भी जारी किया है। पूर्व सैनिक सेवा परिषद जिला समिति की ओर से जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से हर्ष व्यक्त करते हुए बताया गया है किये यह सब तब संभव हुआ है जब इस कार्य के लिए पहली बार वर्ष 2014 के विजय दिवस समारोह में सम्मानित पूर्व सैनिक सेवा परिषद बिहार के महासचिव लेफ्टिनेंट कर्नल लाल साहब ने इसकी अलख जगाई थी। तब से अब तक इसको लेकर हमारा संघर्ष जारी रहा, हमारे पूर्व सैनिकों ने इस आवाज को बुलंद रखा और अनेक स्तरों पर प्रयास जारी रखा। आखिरकार अनुश्रवण समिति के उपाध्यक्ष कमोडोर विनय कुमार, विशिष्ट सेवा मेडल सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट कर्नल कृष्ण कुमार झा, सेवानिवृत्त एवं सचिव पूर्व सैनिक सेवा परिषद के अथक प्रयासों से हमें यह सफलता मिली है। हम सभी पूर्व सैनिक इस कार्य के लिए बिहार सरकार गृह विभाग, जिलाधिकारी समस्तीपुर को धन्यवाद करते हैं।

## यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के द्वारा मेगा एमएसएमई आउटरिच कैंप मे बांटी गई 55 करोड़ की राशि



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**समस्तीपुर।** यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के द्वारा गुरूवार को एक निजी परिसर में मेगा एमएसएमई आउटरिच कैंप का आयोजन कर 55 करोड़ का ऋण वितरण किया गया। इस अवसर पर स्वागत सम्मान की औपचारिकता के बाद जिलाधिकारी रोशन कुशवाहा एवं अध्यक्ष, जिला परिषद खुशबू कुमारी, ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। कैम्प मे यूनियन बैंक ऑफ इंडिया क्षेत्रीय कार्यालय के तरफ से उप क्षेत्र प्रमुख अंजनी कुमार एवं सुबोध मिश्रा, अग्रणी जिला प्रबंधक समस्तीपुर सोनू कुमार उपस्थिति थे। इस मेगा एमएसएमई आउटरेज कैंप में जिला जिला में अवस्थित सभी 19 शाखों ने भाग लिया और इसी क्रम में कुल 300 से अधिक लाभार्थियों, जिसमे उद्यमियों और जीविका समूह की जीविका दीदी उपस्थित थी। जिसमें सभी योजनाओं को मिलाकर लगभग 55. 00 करोड़ रूपया का ऋण स्वीकृत करते हुए स्वीकृति पत्र का वितरण किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी महोदय ने अपने संबोधन में कहा कि सरकार द्वारा उद्यमियों को बढ़ावा देने के लिए लगातार कार्यक्रम और विभिन्न योजनाओं को संचालित की जा रही है वहीं उन्होंने उपस्थित लोगों से कहा कि वे लोग आत्मनिर्भर हो एवं इसी कड़ी में बैंक द्वारा प्राप्त ऋण कि सुविधा लेते हुए उसका अच्छे से उपयोग करें और इसमें बैंक भी अपना भूमिका निभाएंगी। बैंको को भी आगे बढ़कर काम करने को कहा और अग्रणी जिला प्रबंधक को ऐसे कैंप के माध्यम से लोगो को ऋण मुहया कराने हेतु निर्देशित किया। इस दौरान जीविका दीदी ने संगीत के माध्यम से अपना अनुभव साझा किया और बताया कि किस प्रकार बैंक और जीविका उनके जीवन में परिवर्तन लाया है। वहीं अग्रणी जिला प्रबंधक सोनू कुमार ने कहा कि बैंक समस्तीपुर जिले के प्रत्येक परिवार को बैंकिंग सुविधा देने के लक्ष्य में अग्रसर है। इस एमएसएमई आउटरीच कैंप में आरसीटी निदेशक प्रकाश कुमार यूनियन बैंक के मुख्य प्रबंधक रंजीत कुमार, कृषि व्यवसाय अधिकारी अनिल कुमार, एलडीएम कार्यालय के भवानंद गूहा एवं जीविका के माइक्रो फाइनेंस मैनेजर राजेश कुमार समेत विभिन्न शाखा के शाखा प्रबंधक भी उपस्थित थे।

## स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में कुशल पेशेवरों को तैयार करना हमारी प्रतिबद्धता : मोनी रानी



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**समस्तीपुर।** छात्र-छात्राओं के भविष्य निर्माण के साथ साथ व्यक्तित्व व कौशल विकास केलिए भी हम प्रतिबद्ध हैं। आपने जिस भरोसे और उम्मीद के साथ अपने बच्चों को हमारे संस्थान में भेजा है उस उम्मीद और भरोसे पर हम शत-प्रतिशत खरा उतरेंगे। उक्त बातें गुरूवार को लीडर्स इंस्टीट्युट ऑफ हायर एजुकेशन परिसर में आयोजित गार्जियन मीट के दौरान इंस्टीट्यूट की चेयरमैन मोनी रानी ने अभिभावकों को भरोसा दिलाते हुए कही। लीडर इंस्टीट्यूट ऑफ हायर एजुकेशन, समस्तीपुर में हम गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमारे प्रतिष्ठित पाठ्यक्रमों में एएनएम, जीएनएम, और बीएससी नर्सिंग शामिल हैं। हमारा उद्देश्य स्वास्थ्य क्षेत्र में कुशल पेशेवरों को तैयार कर समाज की सेवा करना है। बताते चलें कि गार्जियन मीट के दौरान सबसे पहले लीडर इंस्टीट्यूट ऑफ हायर एजुकेशन, की चेयरमैन मोनी रानी का भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान उन्होंने संस्थान का दौरा कर छात्रों एवं अभिभावकों से मुलाकात की और उनकी शैक्षणिक प्रगति एवं संस्थान द्वारा प्रदान की जा रही सेवाओं की समीक्षा की। संस्थान के दौरे के दौरान, चेयरमैन मोनी रानी ने कक्षाओं, प्रयोगशालाओं और लाइब्रेरी का निरीक्षण किया तथा छात्रों से उनकी शिक्षा और अनुभवों के बारे में फीड बैक लिया। उन्होंने कहा कि देश भर से चुने हुए विशेषज्ञों की निगरानी में हम सैद्धांतिक शिक्षा बल्कि व्यावहारिक प्रशिक्षण भी प्रदान कर रहे है, ताकि हम सर्वश्रेष्ठ स्वास्थ्य सेवा पेशेवर तैयार कर सकें और वे स्वस्थ समाज के निर्माण में योगदान दे सकें। इस दौरान छात्रों और अभिभावकों ने संस्थान द्वारा उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की सराहना की और कहा कि लीडर इंस्टीट्यूट ऑफ हायर एजुकेशन, समस्तीपुर में शिक्षा का स्तर अत्यधिक उत्कृष्ट है।


**बिहार सरकार**

**कार्यालय, नगर पंचायत, नवीनगर (औरंगाबाद)**

बंदोवस्ती हेतु आम सूचना संख्या – 06/2024–25

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत, नवीनगर क्षेत्रान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए सैरातों की बन्दोवस्ती खुले डाक द्वारा दिनांक – 31 मार्च 2026 तक के लिए निम्नांकित शर्तों के अधीन पूर्वा0 11:30 बजे से नगर पंचायत, नवीनगर के सभा कक्ष में किया जायेगा –

**1. सैरात डाक संबंधी विवरण –**

| ग्रुप सं. | बन्दोवस्ती का विवरण | सुरक्षित जमा राशि | अग्रधन की राशि | डाक की तिथि एवं समय | डाक की वैकल्पिक तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | अस्थायी दैनिक दुकानों से दैनिक टॉल वसूली एवं मंगल बाजार – शनिचर बाजार हाट की बंदोवस्ती | 1173048.00 | 117500.00 | 21.03.2025 | 24.03.2025 एवं 25.03.2025 |
| 02 | सवारी वाहनों से दैनिक पड़ाव शुल्क की वसूली | 718405.00 | 72000.00 | 21.03.2025 | 24.03.2025 एवं 25.03.2025 |
| 03 | बस पड़ाव पर अवस्थित सुलभ शौचालय से सेवा शुल्क की वसूली | 32352.00 | 3300.00 | 21.03.2025 | 24.03.2025 एवं 25.03.2025 |
| 04 | जनकपुर वार्ड सं0 – 05 सार्वजनिक शौचालय | 12000.00 | 1200.00 | 21.03.2025 | 24.03.2025 एवं 25.03.2025 |
| 05 | शनिचर बाजार वार्ड सं0– 09 सार्वजनिक शौचालय | 12000.00 | 1200.00 | 21.03.2025 | 24.03.2025 एवं 25.03.2025 |

1. डाक में भाग लेने वाले प्रत्येक डाक वक्ता अग्रधन राशि का बैंक ड्राफ्ट (कार्यपालक पदाधिकारी ,नगर पंचायत, नवीनगर के पदनाम ), नगर पंचायत, नवीनगर द्वारा निर्गत अद्यतन छव क्नमे ब्मतजपपिबंजम , पैन कार्ड, जिला पदाधिकारी /पुलिस अधीक्षक से निर्गत चरित्र प्रमाण–पत्र तथा आधार कार्ड की अभिप्रमाणित छाया प्रति दिनांक– 20.03.2025 तक कार्यालय अवधि में जमा ली जाऐगी ।
2. सफलतम डाकवक्ता , डाक समाप्ति के अगले कार्य दिवस को , सम्पूर्ण डाक राशि का बैंक ड्राफ्ट /बैंकर्स चेक जमा कर नगर पंचायत, नजारत से प्राप्ति रसीद लेंगे ।
3. पांच लाख से उपर के बन्दोवस्ती पर विगत 03 वर्षो यथा 2021–22/2022–23 एवं 2023–24 का आयकर रिर्टन का प्रतिवेदन संलग्न करना होगा ।आयकर रिर्टन की राशि बिल्कुल शून्य मान्य नही होगा ।
4. पॉच लाख से ऊपर के बन्दोवस्ती में डाकवक्ता का ळैज नम्बर रहना अनिवार्य होगा ।
5. पॉच लाख से ऊपर के बन्दोवस्ती में डाकवक्ता को सैरात वसूली में कम–से–कम एक साल का अनुभव आवश्यक होगा ।
6. डाक समाप्ति के पश्चात सफल डाकवक्ता को राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग बिहार , पटना के पत्रांक – 605, दिनांक – 16.08.2018 के अनुसार उच्चतम डाक राशि का 6 प्रतिशत मुद्रांक शुल्क तथा निबंधन अधिनियम 1908 के अनुच्छेद ।;3द्ध;इद्ध के अनुसार उच्चतम डाक राशि का 2 प्रतिशत की दर से निबंधन शुल्क की राशि को भी डाक राशि के साथ अलग से जमा करना होगा ।
7. यदि किसी डाक वक्ता द्वारा अप्रत्याशित बोली (सुरक्षित जमा राशि का 10 : से अधिक) लगाई जाती है तो (अग्रधन के अतिरिक्त) बोली का 50 : राशि तुरंत जमा करने पर ही बोली मान्य होगी ।
8. बन्दोवस्ती प्राप्तकर्ता जो निर्धारित शुल्क वसूली दर परवाना में दिया जायेगा उसी दर पर वसूली करनी होगी । प्रायः ऐसा देखा जाता है कि चलती गाड़ी वालों या अन्य वाहनों से निर्धारित राशि से अतिरिक्त वसूली की जाती है । ऐसी स्थिति में शिकायत मिलने पर नियम संगत डाकवक्ता के विरूद्व कानूनी कार्रवाई की जायेगी । फुटपाथ पर बैठे नाई,मोची, दातुन बेचने वाले से एवं द्विव्यांग तथा विधवा से शुल्क की वसूली नहीं की जायेगी ।
9. जनहित के अन्तर्गत आने वाले सरकारी वाहनों से वसूली नहीं करने संबंधी आदेश देने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित रहेगा ।
10. बंदोवस्तदार को नगर पंचायत, नवीनगर द्वारा निर्धारित अन्य शर्तों , जो नगर पंचायत, द्वारा तय किये जायेंगे का अक्षरशः पालन करना होगा ।
11. किसी प्रकार की विधि व्यवस्था की समस्या या प्राकृतिक आपदा होने पर बन्दोवस्ती की राशि में छूट नहीं दी जायेगी।
12. उपरोक्त में से किसी शर्त का उल्लंघन पाए जाने पर बन्दोवस्ती रद्द करते हुए जमा राशि जब्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित रहेगी ।
13. डाक/बन्दोवस्ती को बिना कारण बताये रद्द करने का अधिकार हर समय अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित रहेगा।
14. शिवराजपुर छठ मेला में आये हुए सवारी गाड़ी, छठव्रती लोगों से वसूली नहीं की जायेगी ।
15. अपरिहार्य कारणवश यदि दिनांक – 21.03.2025 को डाक संपन्न नहीं हो सका तो पुनः उपर्युक्त नियम/शर्तों के अधीन अगले कार्य दिवस दिनांक– 24.03.2025 एवं 25.03.2025 को उपर्युक्त समय पर खुला डाक कराया जाएगा।

PR. No.20972 (B&C) 2024-25

कार्यपालक पदाधिकारी
नगर पंचायत, नवीनगर

नशामुक्त हो जाए बिहार, सुरक्षित रहे घर परिवार।

# भूमि विवाद को लेकर खूनी संघर्ष में दो की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**छपरा।** जिले के डेरनी थाना क्षेत्र के ग्राम सुतिहार में भूमि विवाद को लेकर हुए खूनी संघर्ष में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल है। घटना आज सुबह करीब 07:50 बजे की है, जब अर्जुन प्रसाद, पिता जंगी साह ने शिवपूजन साह, पिता स्व. श्रीराम अयोध्या साह की तलवार से हमला कर हत्या कर दी। इस हमले में शिवपूजन साह के पुत्र राजेश साह को भी तीर से घायल कर दिया गया।

**गुस्साई भीड़ ने हमलावर को पीट-पीटकर अधमरा किया**

इस वारदात के बाद गांव में हड़कंप मच गया। मृतक के परिजनों और ग्रामीणों ने हमलावर अर्जुन प्रसाद को घेरकर बुरी तरह पीटा, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलते ही डेरनी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने गंभीर रूप से घायल अर्जुन प्रसाद को हिरासत में लेकर पहले सदर अस्पताल छपरा भेजा, लेकिन हालत नाजुक होने के कारण उसे पीएमसीएच पटना रेफर किया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना के बाद गांव में तनाव की स्थिति बनी हुई है। किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की गहनता से जांच की जा रही है और पूरे घटनाक्रम को समझने के लिए चश्मदीदों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं।

**सड़क दुर्घटना में युवक घायल, स्थिति गंभीर**

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मैनाटांड़।** मैनाटांड इनरवा मुख्य पथ में गुरूवार को सिंगासनी माई स्थान के समीप बाइक दुर्घटना में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल की पहचान पूर्वी चंपारण के तुरकौलिया निवासी मंटू राम (30) बताया जाता है। बताया जाता है कि उक्त युवक इनरवा थाना क्षेत्र के पिराड़ी इंडियन पेट्रोल पंप पर नोजल मैन का काम करता है। युवक बुधवार को अपने गांव गया था। गुरुवार को अपने काम पर लौट रहा था। उसी दौरान सिंगासनी माई स्थान के समीप मुख्य सड़क पर पड़े गीला मिट्टी में बाइक का पहिया फिसल गया गया। जिससे बाइक चालक गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को देख लोगों ने उसके परिजनों को सूचना दी। घायल के रिश्तेदारों ने घटना स्थल पर पहुंचकर युवक को बेतिया अस्पताल ले गए जहां उसकी इलाज जारी है।

## शिल्हौड़ी मंदिर को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की दिशा में बड़ा कदम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मढ़ौरा।** सारण जिले के प्रसिद्ध शिल्हौड़ी मंदिर को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की दिशा में प्रशासनिक स्तर पर बड़ा कदम उठाया गया है। जिलाधिकारी अमन समीर ने वन प्रमंडल पदाधिकारी और अनुमंडल पदाधिकारी, मढ़ौरा के साथ मंदिर परिसर का स्थलीय निरीक्षण किया और आवश्यक सुधार कार्यों के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने मंदिर के निकास द्वार के सामने निर्माणाधीन चहारदीवारी को तोड़कर बड़ा निकास द्वार बनाने का निर्देश दिया, जिससे श्रद्धालुओं को मंदिर से बाहर निकलने में सुविधा होगी। इसके अलावा, मंदिर के निकास द्वार के पास स्थित सीढ़ी को समतल करने का आदेश दिया गया ताकि आवागमन सुगम बनाया जा सके।

## वाल्मीकि महोत्सव 8 को, मुख्यमंत्री करेंगे उदघाटन

**इंदु सोनाली व अनुपमा यादव की गीतों की होगी प्रस्तुति**

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेतिया।** वाल्मीकिनगर स्थित नदी घाटी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में वाल्मीकि महोत्सव को लेकर तैयारियां पुरी कर ली गयी है। महोत्सव का उदघाटन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार करेंगे। महोत्सव का आयोजन 8 मार्च को निर्धारित किया गया है। महोत्सव की तैयारी को लेकर जिलाधिकारी दिनेश कुमार राय समेत वरीय अधिकारी लगातार वाल्मीकिनगर का दौरा कर रहे है। वाल्मीकि महोत्सव को यादगार बनाने को लेकर कला संस्कृति विभाग एवं जिला प्रशासन पूर्ण रूप से लगा हुआ है। कार्यक्रम के उदघाटन के साथ ही भोजपुरी के राष्ट्रीय, राज्य एवं स्थानीय स्तर के गीतकारों की गीतों की प्रस्तुति होगी। आयोजन में भोजपुरी की राष्ट्रीय स्तर की पार्श्वगायिका इंदु सोनाली एवं अनुपमा यादव शामिल हो रही हैं। वहीं लौरिया के विधायक विनय बिहारी पार्श्वगायक के रूप में अपनी उपस्थित दर्ज करेंगे। इसके अलावा लोक गीतकार, भजन सिंगर एवं स्थानीय थारू कलाकारों की मौजूदगी रहेगी। कलाकारों की जारी सूची के अनुसार लोक गीतकार रंजन बिहारी, भजन गायक झुना मिश्रा, लोक गायिका ममता महतो, अभि सुमन आदि कलाकारों की प्रस्तुति होगी। इसके अलावा स्थानीय स्तर के जिले के असलम कवाल एवं अरविंद लाल यादव भी शामिल होंगे।

**तीन थानों में 38 शस्त्रों का सत्यापन**

**गौनाहा।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार होली पर्व देखते हुए गौनाहा, सहोदरा व मटियरिया थाना क्षेत्र के विभिन्न गांव के लाइसेंसी शस्त्रों का भौतिक सत्यापन किया जा रहा है। गौनाहा थानाध्यक्ष राजीव कुमार ने बताया कि बुधवार के दोपहर तक 22 शस्त्रो का सत्यापन कर लिया गया है। वही सहोदरा थानाध्यक्ष राजीव रंजन कुमार ने बताया कि 6 व मटियरिया थानाध्यक्ष दुर्गेश कुमार ने बताया कि 10 शस्त्रो का सत्यापन किया जा चुका है। बाकी बचे लाइसेंस धारी को सूचना दिया गया है कि अपने-अपने हथियारों का भौतिक सत्यापन जल्द से जल्द करा लें। अन्यथा उनके ऊपर कार्रवाई किया जाएगा। थाना क्षेत्र के विभिन्न गांव के लाइसेंस धारी भौतिक सत्यापन के लिए थाना पर पहुंच कर अपने आपने शस्त्रों का सत्यापन करवा रहे है। थानाध्यक्षों ने बताया कि होली पर्व को देखते हुए पूर्व से ही थाना क्षेत्र के विभिन्न गांव के लाइसेंस धारी का डेटाबेस तैयार किया जा चुका है।

## एक नजर

### 20 हजार का इनामी अभियुक्त गिरफ्तार

**नरकटियागंज।** शिकारपुर पुलिस ने आर्म्स एक्ट में फरार चल रहे 20 हजार के इनामी अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार आरोपी नगर के वार्ड संख्या 15 निवासी परमीत कुमार है। गिरफ्तार आरोपित लंबे समय से फरार चल रहा था। जिसे डीआईयू प्रभारी एवं शिकारपुर पुलिस के द्वारा गिरफ्तार किया गया है। थानाध्यक्ष अवनीश कुमार ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### शराब के साथ दो कारोबारी गिरफ्तार

**लौरिया।** लौरिया पुलिस ने 68 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद कर दो शराब कारोबारियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। एक पंजाब नम्बर कार भी पुलिस ने जब्त की है। थानाध्यक्ष रमेश कुमार शर्मा ने बताया कि रात्रि गश्ती के दौरान पुलिस हनुमान चौक पर एक पंजाब नम्बर गाडी को रोककर शक होने पर पुछताछ करने लगी। अधिक शक होने पर गाड़ी की जांच की गई तो विदेशी शराब प्राप्त हुआ। पुलिस वाहन को थाना लाई और उसपर सवार दो कारोबारियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार कारोबारियों की पहचान बगहा पुलिस जिला के धनहा थाना क्षेत्र के तमकुहा निवासी विजयशंकर यादव के 21 वर्षीय पुत्र मिथलेश यादव और उसी गांव के मुकेश चौहान के 18 वर्षीय पुत्र मनु चौहान के रुप मे हुई है। थानाध्यक्ष ने बताया कि आरोपितों से सघन पुछताछ की जा रही है। इस नेटवर्क से जुड़े सभी माफियाओं को बख्शा नही जाएगा।

### विकास मित्रों के मानदेय में कटौती

**बगहा।** बगहा दो प्रखंड कल्याण पदाधिकारी ने प्रखंड के आधा दर्जन विकास मित्रों पर कार्रवाई करते हुए उनके मानदेय में एक दिन की कटौती की है। साथ ही साथ विकास मित्रों को जवाब तलब करते हुए उनसे स्पष्टीकरण की भी मांग की गई है। विकास मित्र बिना सूचना के गुरुवार को प्रखंड में आयोजित साप्ताहिक बैठक में अनुपस्थित थे। प्रखंड कल्याण पदाधिकारी विकास कुमार ने बताया कि गुरुवार को विकास मित्रों के कार्यों की समीक्षा को लेकर बैठक का आयोजन किया गया था। बैठक से विकास मित्र पप्पू बैठा, करिश्मा देवी,आरजू कुमारी, आशा कुमारी, पलटी देवी, सुभावती देवी बिना सूचना के गायब थे। जिससे उनके कार्यों का मूल्यांकन नहीं हो सका। ऐसे में प्रखंड विकास कल्याण पदाधिकारी ने उक्त सभी विकास मित्रों पर कार्रवाई करते हुए उनसे स्पष्टीकरण की मांग की है साथ ही साथ उनके एक दिन के मानदेय की कटौती करते हुए जिला कल्याण पदाधिकारी को पत्र भी अग्रसारित किया है। प्रखंड कल्याण पदाधिकारी ने बताया कि कार्यों में किसी भी स्तर पर लापरवाही शिथिलता बर्दाश्त नहीं होगी एवं बिना सूचना अपने कार्य क्षेत्र से गायब रहने वाले विकास मित्रों पर कार्रवाई की जाएगी।

### बगहा कारागार में कैदियों की हुई टीबी की जांच

**बेतिया।** स्वास्थ्य विभाग के निर्देशानुसार कारागार में समय समय पर कैदियों के स्वास्थ्य जाँच की जाती है ताकि कैदियों को गंभीर रोगों से सुरक्षित किया जा सके। इस सम्बन्ध में जिले के बगहा अनुमंडल में प्रधानमंत्री टीबी मुक्त अभियान के अन्तर्गत बगहा के कारागार में कैदियों की टीबी, एचआईवी, शुगर, बीपी के साथ कई अन्य जाँच की गई। इस दौरान 12 महिला कैदियों एवं 195 पुरुष कैदियों की जाँच चिकित्सकों के द्वारा की गई। साथ ही दवाएं भी दी गई। इस दौरान महिला व पुरुष कैदियों को टीबी से बचाव हेतु जागरूक किया गया। वहीं स्वास्थ्य कर्मियों के द्वारा टीबी के संभावित मरीजों का सैंपल कलेक्शन किया गया। चिकित्सा पदाधिकारी डॉ शिवांगी गुप्ता ने बताया कि कैदियों के शरीर में संभावित एवं छिपे हुए टीबी का ससमय पता लगाकर स्क्रीनिंग कर उन्हें बेहतर उपचार प्रदान किया जाता है जिससे वे टीबी जैसे गंभीर रोग से बच सके। इस मौके पर डॉ तारिक नदीम, चिकित्सा पदाधिकारी डॉ शिवांगी गुप्ता, रमेश रंजन परामर्शी, शिवशरण प्रसाद शाह, जयप्रकाश त्यागी, रामकिशोर शर्माकांत, रामचंद्र प्रसाद शाह आदि उपस्थित थे।

### जिला परिषद की भूमि को किया जायेगा अतिक्रमण मुक्त

**बगहा।** शहर के नारायणपुर मौज में स्थित जिला परिषद की भूमि को अतिक्रमण मुक्त किया जाएगा। इसको लेकर जिला परिषद की ओर से कवायद शुरू कर दी गई है। डिस्ट्रिक बोर्ड के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी सह उप विकास आयुक्त सुमित ने बगहा दो अंचल के सीओ को पत्र लिखकर बगहा शहर के नारायणपुर मौज में स्थित जिला बोर्ड की खतियानी भूमि को चिन्हित करने का निर्देश दिया है। बगहा अंचल के सीओ को जारी पत्र में उप विकास आयुक्त सह मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी जिला परिषद का कहना है कि बगहा शहर के नारायणपुर थाना 144 में डिस्ट्रिक बोर्ड की खतियानी भूमि है। जिसमें पथ निर्माण विभाग का आईबी बना हुआ है। शेष भूमि अभी खाली है। जिसकी मापी अंचल अमीन से कराकर इसका प्रतिवेदन शीघ्र उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है। उप विकास आयुक्त के पत्र के आलोक में गुरुवार को जिला परिषद के अमीन दीनदयाल प्रसाद व अंचल अमीन मुन्नी कुमारी के द्वारा संयुक्त रूप से जिला परिषद की खाली भूमि का सीमांकन किया गया। अमीन ने बताया कि जमीन का सीमांकन कर इसका प्रतिवेदन अंचल के माध्यम से डिस्ट्रिक बोर्ड को उपलब्ध कराया जाएगा। इसके बाद इस दिशा में अग्रतार कार्रवाई होगी।

### दहेज को लेकर महिला से मारपीट

**नरकटियागंज।** शिकारपुर थाना क्षेत्र के अजुवा सुगौली निवासी सहोदरी देवी ने दहेज को लेकर ससुराल वालों पर मारपीट कर जख्मी करने को लेकर पुलिस से शिकायत की है। आरोप है कि महिला के पति सुनील राम, ससुर मंटू राम, सास समतोला देवी द्वारा दहेज को लेकर महिला का हाथ पैर बांधकर पिटाई कर जख्मी कर दिए। महिला ने बताया कि सभी लोग पचास हजार रुपये दहेज को लेकर हमेशा प्रताड़ित करते है। थानाध्यक्ष अवनीश कुमार ने बताया कि आवेदन मिला है। मामले में जांच पड़ताल करते हुए आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### दो फरार आरोपित गिरफ्तार

**मैरवा /सीवान।** स्थानीय थाना की पुलिस ने एससी-एसटी के मामले में फरार चल रहे आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। इस संबंध में मैरवा थाना अध्यक्ष राकेश कुमार ने गुरुवार को जानकारी दी। उन्होंने कहा कि एससी एसटी के मामले में फरार चल रहे मैरवा थाना क्षेत्र के सिसवा खुर्द निवासी मनीर अंसारी के पुत्र किताबू दिन अंसारी को गिरफ्तार किया गया है। वही गिरफ्तार आरोपित पर आगे की कार्रवाई करने के लिए गुरुवार को सीवान न्यायालय भेज दिया गया।

## उत्कृष्ट योगदान देने वाले चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मियों को मिला सम्मान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**छपरा।** मातृ-शिशु स्वास्थ्य की बेहतरी और परिवार नियोजन कार्यक्रम में उत्कृष्ट योगदान देने वाले चिकित्सकों, स्वास्थ्यकर्मियों, एएनएम और आशा कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया। छपरा सदर अस्पताल के जिला स्वास्थ्य समिति सभागार में आयोजित कार्यशाला के दौरान सिविल सर्जन डॉ. सागर दुलाल सिन्हा ने प्रशस्ति पत्र और अवार्ड देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर परिवार नियोजन की उपलब्धियों, चुनौतियों और आगामी कार्य योजनाओं पर चर्चा की गई। पुरुष नसबंदी में सदर अस्पताल छपरा को प्रथम, मांझी सीएचसी को द्वितीय और एकमा सीएचसी को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। महिला बंध्याकरण में मकेर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को पहला, दिघवारा सीएचसी को दूसरा और अनुमंडलीय अस्पताल सोनपुर को तीसरा स्थान मिला। परिवार नियोजन के अन्य उपलब्धियों में कंडोम वितरण में सदर प्रखंड को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ, जबकि रेफरल अस्पताल तरैया को दूसरा स्थान मिला। पीपीआईयूसीडी में नगरा पीएचसी को पहला, परसा सीएचसी को दूसरा और दरियापुर सीएचसी को तीसरा स्थान दिया गया। आईयूसीडी में इसुआपुर सीएचसी को पहला, लहलादपुर पीएचसी को दूसरा और मढ़ौरा रेफरल अस्पताल को तीसरा स्थान मिला। अंतरा योजना में पानापुर पीएचसी को और पीएआईयूसीडी में जलालपुर तथा अमनौर सीएचसी को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान परिवार नियोजन के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मियों को भी सम्मानित किया गया। सदर अस्पताल के डॉ. आर.एन. तिवारी, बनियापुर की डॉ. सरिता सिन्हा, गड़खा की डॉ. मेहा कुमारी, मशरक की डॉ. कविता सिंह, मढ़ौरा की डॉ. कंचन कुमारी, एकमा की रिंकी कुमारी, गड़खा की प्रभावती कुमारी, अमनौर की माला कुंअर, सोनपुर की संजू देवी और सदर अस्पताल की बबिता कुमारी को विशेष सम्मान प्रदान किया गया। सिविल सर्जन डॉ. सागर दुलाल सिन्हा ने कहा कि काम करने वालों को सम्मानित करने से सकारात्मक प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित होती है, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार आता है। उन्होंने स्वास्थ्यकर्मियों की सराहना करते हुए कहा कि बेहतर काम और मरीजों के प्रति अच्छा व्यवहार ही इस मिशन को सफल बना रहा है। आशा कार्यकर्ता स्वास्थ्य सेवाओं का केंद्र बिंदु हैं और परिवार नियोजन सहित सभी स्वास्थ्य कार्यक्रमों की सफलता में उनकी भूमिका बेहद अहम है। डीपीएम अरविंद कुमार ने बताया कि मिशन परिवार विकास अभियान के तहत 10 मार्च से 29 मार्च तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। 10 मार्च से 16 मार्च तक दंपति संपर्क पखवाड़ा और 17 मार्च से 29 मार्च तक परिवार नियोजन सेवा पखवाड़ा आयोजित किया जाएगा।

## शराबबंदी कानून के तहत बड़ी कार्रवाई अनिल राय को पांच साल की सजा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**छपरा।** जिले में शराबबंदी कानून के तहत कड़ा रुख अपनाते हुए विशेष उत्पाद न्यायालय ने एक महत्वपूर्ण फैसले में सोनपुर थाना कांड संख्या- 749/23 के अभियुक्त अनिल राय को 5 वर्ष के सश्रम कारावास और 1 लाख रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। यदि वह अर्थदंड का भुगतान नहीं करता है, तो उसे अतिरिक्त 1 वर्ष का कारावास भुगतना होगा।

अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अनन्य विशेष उत्पाद न्यायाधीश श्री अतुल वीर सिंह द्वारा यह फैसला सुनाया गया। अभियुक्त अनिल राय, पिता आनंदी राय, निवासी नवल टोला, थाना सोनपुर, जिला सारण, को बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद



अधिनियम की धारा 30 (ए) के तहत दोषी ठहराया गया। सारण पुलिस अपराध और शराबबंदी कानून के उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई कर रही है। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि गंभीर मामलों में त्वरित विचारण कराते हुए अभियुक्तों को कठोर सजा दिलाने की प्रक्रिया जारी रहेगी।

## केसरिया में पैक्स चुनाव को लेकर कर्मियों ने दिया योगदान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नरकटियागंज।** प्रखंड के केसरिया पैक्स में 8 मार्च को होने वाले चुनाव से जुड़े चुनाव कर्मियों व पोलिंग पार्टियों ने गुरुवार को प्रखंड कार्यालय में अपना योगदान कर लिया हैं। निर्वाची पदाधिकारी सह बीडीओ सुरज कुमार सिंह ने बताया कि 30 चुनाव कर्मियों में से 26 ने गुरुवार को योगदान दे दिया हैं। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को पोलिंग पार्टियों को बूथ के लिए रवाना किया जाएगा। मतदान के लिए कुल चार बूथ बनाये गये हैं। मतदान के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पर्याप्त संख्या में सुरक्षाकर्मियों की भी तैनाती रहेगी।

## गन्ना उद्योग विभाग के प्रधान सचिव ने सुनी किसानों की समस्या

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बगहा।** गन्ना उद्योग विभाग के प्रधान सचिव बी.कार्तिकेय धनजी ने बुधवार की देर शाम स्थानीय तिरुपति शुगर मिल में गन्ना किसानों के साथ बैठक की। इस दौरान प्रधान सचिव ने गन्ना किसानों की समस्याओं को सुना। गन्ना किसानों ने क्षेत्र में सिंचाई की समस्या से लेकरचर्चा किया। साथ-साथ परिवहन के को लेकर हो रही समस्याओं से प्रधान सचिव को अवगत कराया। किसानों के द्वारा क्षेत्र में जल जमाव की समस्या के कारण सूख रहे गन्ना के फसलों के संबंध में भी जानकारी दी गई। जिस पर प्रधान सचिव ने कहा कि शीघ्र ही बिजली विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर क्षेत्र में बिजली कनेक्शन को लेकर कैंप लगाया जाएगा। जहां किसानों को सिंचाई के लिए विद्युत कनेक्शन उपलब्ध कराया जाएगा। साथ ही साथ जल जमाव से किस के खेतों को मुक्ति मिले इसको लेकर भी जल संसाधन एवं संबंधित विभाग से समन्वय स्थापित कर इस पर भी विचार विमर्श करने का आश्वासन प्रधान सचिव ने किसानों को दिया। गन्ना ढूलाई को लेकर सड़क एवं परिवहन की समस्या पर भी किसानों ने शहर के लिए वैकल्पिक सड़क की मांग की। ताकि किसान निर्वाध रूप से गन्ने की आपूर्ति मिल को कर सके। जिस पर प्रधान सचिव ने इस संबंध में जिला पदाधिकारी से मिलकर वैकल्पिक सड़क के निर्माण करने की बात कही। वहीं इस अवसर पर प्रधान सचिव ने गन्ना विभाग की ओर से चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी देती है हुए किसानों को प्रोत्साहित किया। उन्होंने बताया कि किसानों को गन्ना विभाग की ओर से कृषि यंत्रों पर अनुदान दिया जा रहा है। किसान 11 मार्च तक विभागीय पोर्टल पर यंत्रों के लिए आवेदन करेंगे एवं माह के अंत तक उन्हें अनुदान पर यंत्र उपलब्ध करा दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री ने प्रगति यात्रा के दौरान गन्ना किसानों को 10 रुपया बोनस देने की बात कही गई थी। जिनकी भुगतान की भी प्रक्रिया जारी है। प्रधान सचिव ने बताया कि माह के अंत तक सभी किसानों को शत प्रतिशत गन्ना मूल्य के बोनस का भुगतान कर दिया जाएगा। वही इस अवसर पर उन्होंने गुण विकास को लेकर सरकार की ओर से चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी एवं किसानों को इसको लेकर प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर प्रधान सचिव के अलावा ईख आयुक्त पीएन. सिंह ईख पदाधिकारी श्रीराम सिंह पदाधिकारी सहित तिरुपति शुगर मिल के प्रबंध निदेशक दीपक यादव, केन महाप्रबंधक बीएन त्रिपाठी सहित मिल के वरीय पदाधिकारी एवं दर्जनों किसान मौजूद थे।

## विधायक ने सदन में उठाई डिग्री कॉलेज खोलने की मांग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गौनाहा।** रामनगर विधानसभा की विधायक पदम्श्री भागीरथी देवी ने बेतिया जिला अंतर्गत रामनगर विधानसभा में एक डिग्री कॉलेज खोलने की मांग सदन में उठाई। विधायक का कहना है कि रामनगर विधानसभा की आबादी चार लाख है किन्तु एक भी डिग्री कॉलेज नहीं है। इसलिए उन्होंने उक्त विधानसभा क्षेत्र में एक डिग्री कॉलेज खोलने की मांग सरकार से की ताकि यहां के छात्र छात्राओं को उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए बाहर जाना नहीं पड़े।


**पूर्व मध्य रेल**

**खुली ई–निविदा सूचना**

**संख्याः–MC-FSDS-FDSS-GAYA-24-27R**
**दिनांक: 03.03.2025**

व०मं०यॉ०अभि० (समाडि)/ पू०म०रे०/ डी०डी०यू०, भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु अनुभवी, सक्षम तथा इच्छुक ऐजेंसी/ ठीकेदार से खुली निविदा सं० **MC-FSDS-FDSS-GAYA-24-27R, Dated: 03.03.2025** के लिये आमंत्रित की जाती है जिसका विवरण निम्न है:– **01. कार्य का विवरण :** डीडीयू डिवीजन में कोचिंग डिपो गया की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए 03 वर्ष की अवधि के लिए शेडयूल ब्रेकडाउन रखरखाव और स्थिति–आधारित स्पेयर के प्रावधान वाले कोचों में एफसडीएस/एफडीएसएस प्रणाली स्थापित करने के लिए एएमसी अनुबंध।, **02. कार्य का अनुमानित मूल्य :** रू. 83,67,907.22/– रू. तिरासी लाख सड़सठ हजार नौ सौ सात एवं बाईस पैसा मात्र, **03. धरोहर राशि :** रू. 1,67,400.00/– रू. एक लाख सड़सठ हजार चार सौ मात्र।, **04. निविदा फार्म जमा करने तथा निविदा खुलने का समय एवं तिथि :** 10.03.2025 से 24.03.2025 को निविदा समाप्ति तिथि 16:30 बजे तक।, **05. वेबसाईट एवं सूचना बोर्ड जिस पर यह सूचना उपलब्ध रहेगी :** IREPS Website:- **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध होगी इसके अतिरिक्त Manual offer स्वीकार्य नही है।

**नोट :** विस्तृत जानकारी हेतु कृप्या निविदा फार्म देखें।

**मंडल यांत्रिक अभियंता (समाडि)**
**वरीय मंडल यांत्रिक अभियंता (समाडि)**
**पूर्व मध्य रेल/डी०डी०यू०**

पीआर/02246/डीडीयू/एमईसीएच/टी/24-25/44


## पटना के रास्ते 3 फेरों में चलेगी सियालदह-गोरखपुर होली स्पेशल ट्रेन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सीवान।** रेलवे प्रशासन द्वारा होली त्यौहार के अवसर पर यात्रियों की सुविधाहेतु 03132/03133 सियालदह-गोरखपुर-सियालदह होली विशेष गाड़ी का संचलन सियालदह से 08, 10 एवं 13 मार्च को तथा गोरखपुर से 09, 11 एवं 14 मार्च को 03 फेरों के लिये किया जायेगा। 03132 सियालदह-गोरखपुर होली विशेष गाड़ी 08, 10 एवं 13 मार्च को सियालदह से शाम 16.15 बजे प्रस्थान कर दूसरे दिन पटना जं. से सुबह 03.00 बजे, पाटलिपुत्र से 04.00 बजे, छपरा से 06.30 बजे, सीवान से 07.35 बजे तथा देवरिया सदर से 08.42 बजे छूटकर गोरखपुर पूर्वाह्न 10.15 बजे पहुंचेगी। वापसी यात्रा में 03133 गोरखपुर-सियालदह होली विशेष गाड़ी 09, 11 एवं 14 मार्च को गोरखपुर से दोपहर 01.00 बजे प्रस्थान कर देवरिया सदर से अपराह्न 02.25 बजे, सीवान से 03.40 बजे, छपरा से शाम 05.05बजे, पाटलिपुत्र से शाम 07.25 बजे, पटना जं. से रात्रि 08.05 बजे प्रस्तांबकर दूसरे दिन सुबह सियालदह 07.30 बजे पहुंचेगी.इस गाड़ी में वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी का 01, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 04, शयनयान श्रेणी के 10, सामान्य द्वितीय श्रेणी के 03 तथा एस.एल.आर.डी. के 02 कोचों सहित कुल 20 कोच लगाये जायेंगे।

## 10 से 16 मार्च तक दम्पत्ति सम्पर्क सप्ताह व 17 से 29 मार्च तक परिवार नियोजन सेवा पखवाड़ा का होगा आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**बेतिया।** जिले में मिशन परिवार विकास अभियान के अंतर्गत 10 मार्च से 16 मार्च, 2025 तक दम्पत्ति सम्पर्क सप्ताह एवं 17 मार्च से 29 मार्च, 2025 तक परिवार नियोजन सेवा पखवाड़ा आयोजित किया जाएगा। इस सम्बन्ध में जिले के सीएस डॉ विजय कुमार ने बताया कि वर्ष 2024 में 45 पुरुष की हुई नसबन्दी एवं 13 हजार 640 महिलाओं का हुआ बंध्याकरण हुआ है। स्थानीय सांसद, विधायक, पंचायती राज संस्था के सदस्य, शहरी स्थानीय निकाय, स्वास्थ्य कर्मी एवं सिविल सोसायटी के सदस्यों से उक्त अवधि के दौरान विभिन्न गतिविधियों में सहयोग लिया जायगा। वहीं प्रचार-प्रसार हेतु प्रिंट, डिजिटल प्लेटफॉर्म एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया चौनलों का उपयोग करते हुए सहयोग लिया जाएगा। राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार द्वारा उपलब्ध कराये गये फ्लेक्स बैनर के माध्यम से सभी स्वास्थ्य संस्थान एवं जन समुदाय में इसका प्रचार किया जाएगा। वहीं अभियान/पखवाड़ा में ई-रिक्शा का संचालन कराया जाऐप मौके पर सीएस डॉ विजय कुमार, डीसीएम राजेश कुमार, डॉ आरएस मुन्ना, डॉ रंजनमिश्रा, समीर दुग्गल व अन्य लोग उपस्थित थे।

## नवविवाहिता की पीट-पीटकर हत्या

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुरा/सीवान।** एमएच नगर थाना के लहेजी टोला मंदरौली में दहेज में एक लाख नकद नहीं मिलने पर दहेज लोभियों ने नवविवाहिता की हत्या कर दी गयी। घटना के बाद सभी आरोपी घर छोड़कर फरार है। बताया जा रहा है कि 9 दिसंबर 2023 को बड़हरिया थाने के बीबी के बंगरा निवासी बृज कुमार यादव की 21 वर्षीय पुत्री नेहा कुमारी की शादी एमएच नगर थाने के मंदरौली निवासी रामनरेश यादव के 28 वर्षीय पुत्र राहुल कुमार के साथ हुई थी। जहां शादी के बाद से ही ससुराल वालों द्वारा दहेज में एक लाख नगद रुपये के लिए प्रताड़ित कर रहे थे। इस मामले में मृतका की मां सुनीता देवी ने नेहा की हत्या मामले में मृतका के पति राहुल यादव, ससूर रामनरेश यादव, सास सुशीला देवी व ननद रमिता देवी उर्फ सबिता देवी के खिलाफ एमएच नगर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। कहा कि मारपीट कर घर से निकाल दिए थे। जहां समझाने बुझाने के बाद 18 जनवरी 25 को विदा करा कर ससुराल ले गए थे। उसके बाद पुनः दहेज के प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। इसकी सूचना नेहा हमेशा मायके में देती थी। अज्ञात ग्रामीण द्वारा 3 मार्च को सूचना दिया कि नेहा के साथ मारपीट कर रहे हैं। जहां आवेदिका के देवर गुड्डू यादव को मंदरौली जाकर समझा बुझाकर आए थे। पुनः 5 मार्च को पड़ोस की किसी महिला ने बताया कि सुबह से नेहा के साथ सभी मारपीट किए हैं, नेहा का आवाज बंद है, घर भी बंद है, तथा चारों घर से फरार है। घर के अंदर जाकर देखें तो वहां नेहा मृत अवस्था में घर में पड़ी थी। नेहा कुमारी के माथा, चेहरा और शरीर पर जख्म के निशान थे। शव का अंतिम संस्कार घर से महज डेढ़ सौ मीटर दूर उतर दिशा में किया गया। इस मामले में थानाध्यक्ष मिहिर कुमार ने बताया कि शव को देखने से ऐसा लग रहा है कि मारपीट कर हत्या की गयी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हत्या के कारणों का पता चल सकेगा।


**केन्द्रीय विद्यालय औरंगाबाद**

**बभंडी, पोस्ट– जोगिया, औरंगाबाद (बिहार) - 824102**

वेबसाइट/Website: https://aurangabad.kvs.ac.in/, ईमेल: kvaurangabaad@gmail.com

दूरभाष: 7091360083

**तात्कालिक साक्षात्कार / WALK-IN-INTERVIEW**

केंद्रीय विद्यालय औरंगाबाद में सत्र 2025-26 के लिए आवश्यकतानुसार निम्नलिखित पदों पर संविदात्मक शिक्षकों का पैनल तैयार करने हेतु साक्षात्कार आयोजित किया जा रहा है।

| पदनाम | साक्षात्कार की तिथि एवं समय |
|---|---|
| प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक (Trained Graduate Teacher - TGT): हिन्दीअंग्रेजी , , संस्कृत, कंप्यूटर प्रशिक्षक | दिनांक 25/03/2025 प्रातः 09:00 बजे से |
| प्राथमिक शिक्षक (PRT - Primary Teacher) | |
| विशिष्ट शिक्षक (Special Educator), खेल प्रशिक्षक (Sports Coach) | |

शैक्षणिक योग्यता इत्यादी से संबंधित अधिक जानकारी के लिएविद्यालय की वेबसाइट https://aurangabad.kvs.ac.in/ देखें। साक्षात्कार के लिए अभ्यर्थियों को कोई मानदेय नही दिया जाएगा।

प्राचार्य

# दरभंगा में पुलों का बिछ रहा जाल, विकास का बन रहा कीर्तिमान : सांसद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**दरभंगा।** लोकसभा क्षेत्र में सड़कों तथा पुलों का जाल बिछाया जा रहा है। आवागमन को सुगम बनाने तथा आमजनों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के लिए वे संकल्पित हैं। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से इस संसदीय क्षेत्र में साढ़े तीन सौ किलोमीटर से अधिक सड़कों तथा लगभग चार सौ छोटे बड़े पुलों का निर्माण कार्य किया जा रहा है जो दरभंगा ही नही पूरे बिहार में एक उदाहरण है।



स्थानीय सांसद सह लोकसभा में भाजपा सचेतक डा गोपाल जी ठाकुर ने संसदीय क्षेत्र के ग्रामीण विधानसभा अंतर्गत प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना फ़ेज 3 के तहत उजान जनता चौक से फुलवन अम्ताही पथ मे कमला नदी पर पांच करोड़ इकतीश लाख रुपए की लागत से ईक्याशी मीटर लंबे उच्च स्तरीय पुल का शिलान्यास करने के बाद वहां आयोजित सभा में उपरोक्त बातें कही। सांसद डा ठाकुर ने आज बुधवार को ग्रामीण कार्य विभाग के द्वारा बनने वाले उक्त पुल का शिलान्यास करने के बाद भाजपा नेताओं तथा कार्यकर्ताओ की मौजूदगी में वहां उपस्थित स्थानीय लोगों के बीच केंद्र और राज्य सरकार की उपलब्धियों की जमकर चर्चा करते हुए कहा कि दरभंगा संसदीय क्षेत्र का ग्रामीण विधानसभा, अलीनगर तथा ग़ौराबौराम विधानसभा भौगोलिक रूप से बाढ़ के कारण पहले दुरूह बना हुआ था लेकिन उनके सांसद बनने के बाद अब पुलों के साथ साथ सड़क कनेक्टिविटी को मजबूत बनाया जा रहा है। सांसद डा ठाकुर ने दरभंगा लोकसभा क्षेत्र को आवागमन की हर दृष्टि से आत्मनिर्भर बनाए जाने की प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि लोकसभा क्षेत्र के कीरतपुर जैसे कमला कोशी जैसी नदियों से घिरे प्रखंड से लेकर हनुमाननगर जैसे धौंस नदी की पेटी में बसे इलाको में भी सड़कों तथा पुलों का जाल बिछाया जा रहा है। सांसद डा ठाकुर सड़क कनेक्टिविटी के मामले में देश स्तर पर वर्तमान औसत उपलब्धि के मामले में दरभंगा के औसत उपलब्धि को बेहतर बताते हुए कहा कि दरभंगा का सर्वांगीण विकास बिहार ही नहीं देश स्तर पर एक मानक बन चुका है। सांसद डा ठाकुर ने पुलों तथा सड़कों के निर्माण कार्य में पारदर्शिता तथा गुणवत्ता को सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए कहा कि उनके संसदीय क्षेत्र में चल रहे हर विकास कार्यों में सुशासन तथा पारदर्शिता को एक मानक बताते हुए कहा कि विभागीय अधिकारी तथा कर्मी ईमानदारी से निर्माण कार्यों में गुणवत्ता को अपनी प्राथमिकता में रखे ऐसा नहीं होने पर उन्हें चिन्हित कर करवाई की जाएगी। इस मौके पर ग्रामीण कार्य विभाग के सहायक अभियंता एवं अन्य अधिकारियों के साथ दिल्ली भाजपा पूर्वांचल मोर्चा के संजय झा स्थानीय मंडल अध्यक्ष दिलीप मंडल, भोगेंद्र मंडल, विद्यासागर यादव, जिला पार्षद अवधेश यादव, पार्टी नेता मदन यादव रजनीश झा जयराम चौधरी, चंदन झा प्रकाश चंद्र मिश्रा दरभंगा दक्षिणी जिलाध्यक्ष विनय पासवान श्रवण चौधरी माधव आजाद आदि मौजूद थे।

## संगठन विस्तार को ले युवा जदयू की बैठक

**आरा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** युवा जदयू भोजपुर ने संगठन विस्तार को लेकर युवा जिलाध्यक्ष मोनू यादव और पूर्व विधायक प्रभुनाथ राम ने की आरा सर्किट हाउस में बैठक की। जदयू पार्टी के नए जिलाध्यक्ष मोनू यादव को बनते ही तमाम युवा साथी के साथ की बैठक साथ ही बिहार के मुख्य मंत्री नीतीश कुमार के बैठक में योजना पर चर्चा हुई और और मोनू यादव और शंभुनाथ और युवा जदयू के महानगर अध्यक्ष विशाल कुमार के द्वारा युवा जदयू को विस्तार करने पर भी चर्चा हुई मोनू यादव के द्वारा यह भी बताया गया की हम भोजपुर जिला के तमाम युवा को एक साथ लेकर चलेंगे। जिला के सभी युवा प्रखंड अध्यक्ष नियुक्त करेंगे। जो पुराने हैं उनको भी बोलेंगे की मजबूती से काम करना है। रिपोर्ट विनय कुमार यादव से बताते हुई विपक्ष पर तंज कसते बोलेंगे की हमलोग उलन खटोला वाला राजनीति नहीं करते हमलोग धरातल पर रहे वाले लोग हैं। बैठक में संजीत कुशवाहा, अमित कुशवाहा, शिवम सिंह, राजू यादव, रंधीर सिंह थे।

## एक नजर

### बखरी के एसीजेएम होंगे मनोज कुमार

**बखरी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बखरी व्यवहार न्यायालय के नए एसीजेएम सह सबजज मनोज कुमार सिंह होंगे। श्री सिंह वर्ष 2018 बैच के न्यायिक अधिकारी हैं, तथा सीतामढ़ी जिला के बेलसंड अनुमंडलीय व्यवहार न्यायालय में एसीजेएम के पद पर आसीन थे। विभागीय तबादले के बाद एसीजेएम बनायें गये हैं। एसीजेएम के नाम की घोषणा होने से बखरी अधिवक्ता संघ के अधिवक्ताओं में हर्ष देखा जा रहा है। अधिवक्ता संघ के महासचिव राजकुमार, गौरव कुमार, मधुसूदन महतो, सुरेंद्र केशरी, प्रमोद कुमार, राम ज्वालेश्वर प्रसाद सिंह, मदन कामती, कपिल देव साह, कृष्णा पासवान आदि ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि उनके योगदान लेने से बचें हुए लंबित कार्यों में तेजी आएगी। बताते चलें कि बखरी एसीजेएम लक्ष्मी नाथ का तबादला नवादा किया गया है।

### महिला फरार

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाने के महेशवाड़ा से एक शादीशुदा महिला ससुराल से फरार हो गई है। उसके पति ने थाने में लिखित आवेदन देकर खोजबीन करने की गुहार लगाई है। उसने बताया कि उसकी शादी 7 मई 2023 को हिंदू रीति रिवाज के साथ हुई थी। बुधवार के अहले सुबह घर से निकल गई। काफी खोजबीन करने पर पता नहीं चला। प्रभारी थानाध्यक्ष अरविंद शुक्ला ने प्राथमिकी दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ कर दिया है।

### विकास मित्र की बैठक

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड मुख्यालय अवस्थित विमर्श कक्ष में पदाधिकारी, आवास सहायक, विकास मित्र की संयुक्त बैठक गुरुबार को आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता बीडीओ चिरंजीव पांडेय ने किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास पलस योजना के तहत सर्वेक्षण कार्य प्रगति पर है। इसमें अनुसूचित समुदाय के पात्र लाभुकों को प्राथमिकता के आधार पर सूची में जोड़ने का निर्देश दिया। यदि एक भी अनुसूचित समुदाय के योग्य लाभुकों के नाम छूटता है तो संबंधित आवास सहायक पर विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी। सर्वेक्षण उपरांत उन्हें इस संबंध में प्रमाणपत्र देना होगा। इस कार्य में किसी प्रकार की राशि लेनदेन की शिकायत मिलने पर कार्रवाई की अनुशंसा की जाएगी। मौके पर कल्याण पदाधिकारी रमाशंकर प्रसाद, पंचायत सचिव सुनील कुमार सिंह, राम विनय कुमार सिंह, आवास सहायक आलोक कुमार, अमन कुमार, राम प्रवेश कुमार, प्रवीण कुमार, विकास मित्र मुकेश कुमार, चंदन कुमार, पूनम कुमारी, मधुमाला कुमारी, सोना मनी कुमारी, विदुषी भारती आदि मौजूद थे।

### जदयू कार्यकारिणी की बैठक

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड जदयू कार्यकारिणी सदस्यों की सैदपुर में गुरुवार को हुई। इसकी अध्यक्षता पूर्व प्रखंड अध्यक्ष केसरी नंदन मिश्र ने की। कार्यकर्ताओं ने होली मिलन समारोह का आयोजन कर आगामी विधानसभा का चुनावी शंखनाद किया। विधानसभा प्रभारी अजय कुमार मंडल ने कहा कि बिधानसभा चुनाव के मद्दे नजर प्रत्येक पंचायत के प्रत्येक बूथ पर 10 कार्यकर्ताओं की बूथ कमेटी बनाने का निर्देश दिया। इसके बदौलत ही हम बूथ जीत सकते हैं। प्रखंड प्रभारी संजय कुमार सिंह ने कहा कि बिहार की जनता नीतीश कुमार के विकास को देखकर गदगद हैं। जिसका लाभ चुनाव में एनडीए को स्पष्ट रूप से मिलेगा। प्रखंड अध्यक्ष मुकेश कुमार सिंह ने कहा कि कार्यकर्ता बिधानसभा चुनाव के लिए कमर कसकर तैयार हो जाएं। प्रवक्ता सुभाकर मिश्रा ने कहा कि बखरी विधानसभा से गठबंधन के जिस दल को भी टिकट मिले एनडीए चट्टानी एकता के साथ चुनाव लड़ेगा और अगले विधानसभा में बखरी में एनडीए का विधायक होगा। बैठक पूर्व मुखिया जय जय राम महतो, अरविन्द पासवान, आदि ने संबोधित किया। बैठक में जिला महासचिव हरिनंदन जायसवाल, .ष्ण नंदन महतो, अनिल महतो,मनोज महतो, विजय शंकर महतो, चंद्रशेखर साह आदि थे।

### मुकेश को गृह मंत्री ने किया पुरस्कृत

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** भारत सरकार के गृह मंत्री अमित शाह ने पुलिस प्रशिक्षण में उत्कृष्ट सेवा के लिए मुकेश कुमार को पुलिस प्रशिक्षण उत्कृष्टता केन्द्रीय गृह मंत्री पदक से सम्मानित किया है। मुकेश कुमार ने मार्च 2001 में सीआरपीएफ में ज्वाइन किया और समाज सेवा के साथ साथ देश सेवा में पूरी निष्ठा से कार्य किया। वे 25 वर्ष के सेवाकाल के दौरान अपनी शारीरिक दक्षता के लिए रोल मॉडल और आज भी युवाओं के साथ प्रतिस्पर्धा में उदाहरण पेश कर रहे हैं। नावकोठी मुखिया राष्ट्रपति कुमार, सरपंच सुशील कुमार, उपमुखिया विजय सहनी,प्रो हरे राम सिंह,पंसस अनीता देवी, पूर्व मुखिया रोहित कुमार, पूर्व सरपंच पृथ्वी राज सिंह ने बधाई दी है।

### 52 बकायेदारों की कटी बिजली

**बेनीपुर (दरभंगा) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** विद्युत विभाग 2 हजार से ऊपर के बकायेदार उपभोक्ता का विद्युत विच्छेदन करने का अभियान चला रहा है। बेनीपुर शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में बुधवार को बकायदार 52 उपभोक्ताओं का लाइन डिस्कनेक्ट किया गया है। विभागीय सूत्रों के मुताबिक 6 मार्च को बेनीपुर के शहरी एवं ग्रामीण जेई राजीव कुमार और बृजेश कुमार के नेतृत्व में 2 हजार से ऊपर बकायेदार उपभोक्ता का लाइन कटा गया है। सूत्रों के अनुसार नगर परिषद बेनीपुर के आशापुर, नवादा, बसुहाम, बहेड़ा में 18 व्यावसायिक घरेलू बकादार का लाइन कटा गया। प्रखंड क्षेत्र के सज्जनपुरा रहियाम, महीनाम, पोहद्दी, रामपुर उदय के 34 घरेलू एवं व्यवसायिक बकायेदारों का लाइन कटा गया है। विद्युत आपूर्ति प्रमंडल बेनीपुर के ईई अमोद कुमार ने बताया कि सकरी बिरौल एवं बेनीपुर विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल के सहायक अभियंता एवं जेई को बकायेदार उपभोक्ता का लाइन काटने के लिए अभियान चलाने का आदेश दिया गया है।

## विधानसभा में विधायक ने रखी टाउन ओपी की मांग

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बखरी।** बखरी में व्यवसायियों द्वारा बाजार में टीओपी की मांग को बखरी विधायक सूर्यकांत पासवान ने विधानसभा में उठाया। व्यवसाइयों ने लगातार चलाये जा रहे आंदोलनों के बीच उपरोक्त मसला गुरुवार को बिहार विधानसभा में गूंजा। बखरी विधायक सूर्यकांत पासवान ने शून्य प्रहर में यह मसला उठाते हुए कहा कि नगर के मुख्य बाजार से थाना स्थानांतरित होकर रामपुर चले जाने से बाजार क्षेत्र में चोरी और अपराध की घटनाएं बढी है। चोर व्यवसायियों के प्रतिष्ठानों को लगातार निशाना बना रहे हैं। दुकानों का गेट तोड़ कर चोरियां हो रही है। व्यवसायियों में असुरक्षा का भाव है। उन्होंने चोरी और अपराध की रोकथाम के लिए नगर के मुख्य बाजार में सहायक थाना के स्थापना की मांग सरकार से की है। विधायक द्वारा जनसरोकार तथा व्यवसायियों के हितों से जुड़े इस मसले को विधानसभा में उठाने पर बखरी व्यावसायी महासंघ के अध्यक्ष दिलीप केसरी और महासचिव नीरज नवीन ने स्वागत किया है। महासंघ के अध्यक्ष दिलीप केसरी ने कहा कि स्थानीय नागरिकों, खासकर शहर के व्यापारी वर्ग द्वारा टाउन ओ पी की मांग लगातार की जाती रही है। अब विधायक द्वारा इसे सरकार के संज्ञान में लाने से इसकी उम्मीद बढी है। विधायक द्वारा सहायक थाना की मांग विधानसभा में उठाने पर व्यापार संघ के अध्यक्ष केदार केसरी, सचिव मनोज चौधरी,सह सचिव अभिमन्यु केसरी, पंकज जायसवाल आदि थे।

## तीन दिनों से अधिक संचिका रुकी, तो होगी कार्रवाई : कुलपति

### डिपार्टमेंटल एडवाइजरी बोर्ड, वर्ग संचालन, वोकेशनल कोर्स, लेशन प्लान, ट्यूटोरियल पर हुई चर्चा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**दरभंगा।** वर्ग संचालन में ढील और समय पर विभाग में उपस्थित नहीं होने पर सख़्त कार्रवाई होगी। किसी भी संचिका का निपटान यदि तीन दिन की अवधि में नहीं हुआ तो सस्पेंशन के लिए हो तैयार। विश्वविद्यालय के सभी स्नातकोत्तर विभागों में समय सारिणी अपडेट करना अनिवार्य है। पाठ्यक्रम का लेसन प्लान, ट्यूटोरियलस का संचालन विभागीय अध्यक्ष की देख रेख में होना सुनिश्चित करें। उक्त बातें ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो संजय कुमार चौधरी ने कही। कुलपति गुरुवार को विश्वविद्यालय जंतु विज्ञान विभाग में विभागाध्यक्षों की आहूत बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने सभी विभागों से



डीक्यूएसी का ब्यौरा लेते हुए विभागों में विकास संबंधी कार्यों का मूल्यांकन किया। मेरु योजना के तहत, शोध विश्वविद्यालय बनने की मानकता को स्थापित करने के क्रम में कुलपति ने सभी विज्ञान संकायों के विभागों में प्रयोगशालाओं के आधुनिकीकरण और आधारभूत संरचनाओं को बेहतर बनाने व परिसर को स्वच्छ रखने के निर्देश दिए। इसी क्रम में कुलपति ने सभी विभागों को डिपार्टमेंटल एडवाईजरी बोर्ड स्थापित करने के आदेश दिए। इस बोर्ड में संबंधित विषय के स्थापित सेवानिवृत्त पांच शिक्षकों की कमिटी बनाने पर बल दिया। कुलपति ने विभाग की समस्याओं को धैर्यतापूर्वक सुनते हुए, उनके समाधान हेतु त्वरित आदेश जारी किए। विश्वविद्यालय में शोध की गुणवत्ता और उच्च शिक्षण में नई शिक्षा नीति 2020 व भारतीय ज्ञान परंपरा के आलोक में अध्ययन-अध्यापन पर ध्यानाकर्षण करते हुए परास्नातक विद्यार्थियों में प्रति समेस्टर शोध- पत्र लेखन, पीपीटी प्रस्तुतिकरण, मॉक इंटरव्यू आदि बिंदुओं पर विचार करते हुए सकारात्मक कार्य करने के लिए प्रेरित किया। वोकेशनल कोर्सेस को शामिल करने की पहल करते हुए डब्लूआईटी, लाईब्रेरी साइंस, प्रबंधन (एमबीए) संस्थानों को महत्वपूर्ण दायित्व सौंपे गए। इस बैठक में डब्लूआईटी निदेशक प्रो अजय नाथ झा, लाईब्रेरी साइंस के निदेशक प्रो दमन कुमार झा, प्लेसमेंट सेल पदाधिकारी डॉ अतनु बनर्जी, एमबीए निदेशक प्रो डी पी गुप्ता और आईक्यूएसी निदेशक मो ज्या हैदर ने भी अपने अनुभाग से संबंधित बिंदुओं पर विचार रखे। अंत में कुलपति की आज्ञा से विश्वविद्यालय सीसीडीसी डॉ गजेंद्र प्रसाद ने बैठक के समापन की औपचारिक घोषणा की। बैठक में कुलसचिव डॉ अजय कुमार पंडित, परीक्षा- नियंत्रक डॉ विनोद कुमार ओझा, स्नातकोत्तर विभागों के अध्यक्ष और विश्वविद्यालय पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## विकास विद्यालय के छात्रों की रही शानदार उपलब्धि

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** शहर के विकास विद्यालय के छात्रों ने नेशनल साइंस डे पर शानदार प्रदर्शन करते हुए कई पुरस्कार हासिल किए। विद्यालय के छात्रों ने राज्य ही नहीं जिलास्तर पर शीर्ष स्थान हासिल किए। ज्ञात हो कि 28 फरवरी को नेशनल साइंस डे पटना के ज्ञान भवन में आयोजित की गई थी। सी वी रमण टैलेंट सर्च टेस्ट इन साइंस में उत्तीर्ण टपर्स को मिनिस्टर अफ साइंस एंड टेक्नोलजी मिनिस्टर सुमित कुमार सिंह के द्वारा मेडल सर्टिफिकेट और कैश प्राइज के साथ सम्मानित किया गया। सी वी रमण टैलेंट सर्च टेस्ट इन साइंस हर साल बिहार स्तर पर आयोजित किया जाता है। इस परीक्षा का उद्देश्य छात्रों में वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देना और विज्ञान विषय में रुचि विकसित करना है। इस प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले छात्रों को पटना में आयोजित एक भव्य समारोह में सम्मानित किया गया। इसमें विकास विद्यालय से बिहार लेवल पर हिमांशु कश्यप क्लास 10 बिहार टॉपर रहा। डिस्ट्रिक्ट रैंक वन लाने वाले में शिवम् कुमार क्लास 9, रोहन कुमार क्लास 6 थे। डिस्ट्रिक्ट रैंक सेकेंड लाने वाले में गोलू क्लास 9 डिस्ट्रिक्ट खुशी कुमारी क्लास 6 थे। डिस्ट्रिक्ट रैंक थर्ड लाने वालों में विष्णु कुमार क्लास 7, तिलक राज क्लास 10 थे। इस प्रकार से रिद्धि कश्यप क्लास 6 और दिव्या क्लास 8 डिस्ट्रिक्ट रैंक पांच पर रहे।तेजस प्रकाश क्लास 9 और दीपक कुमार क्लास 10 डिस्ट्रिक्ट रैंक आठ हासिल किया। आशीष कुमार क्लास 9 डिस्ट्रिक्ट रैंक नौ लाया। हिमांशु कश्यप को बिहार टपर का मेडल सर्टिफिकेट एवं लगभग एक लाख रुपए का एक लैपटॉप और 6000 कैश तथा बाकी सभी स्टूडेंट्स को मेडल सर्टिफिकेट और 4000 रुपया दिया गया। विद्यालय के सचिव राजकिशोर सिंह ने कहा कि विज्ञान में रुचि रखने वाले छात्रों के लिए यह परीक्षा एक महत्वपूर्ण अवसर है। जो न केवल उनकी प्रतिभा को पहचानने में मदद करती है बल्कि उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित भी करती है। विद्यालय के निदेशक श्री सिंह ने आगे भी ऐसे प्रतियोगिताओं में छात्रों को भाग लेने के लिए प्रेरित करने की बात कही। यह सफलता इन छात्रों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। विद्यालय के प्राचार्य मनोज कुमार चौधरी, उपनिदेशक राकेश कुमार सहित शिक्षकों और अभिभावकों ने इन छात्रों की सफलता पर हर्ष व्यक्त किया और उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं।

## दिवंगत पत्रकार के परिजनों से मिल सांसद ने दी सांत्वना



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**एकमा (सारण)।** महाराजगंज के सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल ने बुधवार की देर शाम नगर पंचायत एकमा बाजार के राजपुर गांव पहुंचे, जहां उन्होंने दिवंगत वरिष्ठ पत्रकार वीरेंद्र कुमार यादव के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की। सांसद श्री सिग्रीवाल ने दिवंगत पत्रकार के छोटे भाई अवधेश यादव, मुखाग्नि देने वाले जेष्ठ पुत्र सतीश कुमार यादव के अलावा पुत्रगणों राजीव कुमार यादव, मंगल सिंह यादव, मुलायम सिंह यादव, परिजन देवा यादव आदि को सांत्वना दी। इस मौके पर डॉ अमित तिवारी, भाजपा के जिला उपाध्यक्ष चैतेंद्रनाथ सिंह, हेम नारायण सिंह, मकेश्वर सिंह, प्रमोद कुमार सिंह, अविनाश चंद्र उपाध्याय, बंटी ओझा, श्रीप्रकाश गुप्ता, मुकेश कुमार सिंह, उमा सिंह, चितरंजन सिंह, जयकिशोर सिंह, प्रदीप कुमार पप्पू, नागेंद्र यादव, संतोष कुमार सिंह, विक्रमा मांझी, डॉ परशुराम शर्मा, डॉ सत्यदेव प्रसाद यादव, जदयू नेता राजीव कुमार शर्मा, नेशनल एथलीट विकास सिंह राठौर, पत्रकार मोतीचंद प्रसाद, धर्मेंद्र रस्तोगी, के के सिंह सेंगर, सुनील पंडित, संजीत अकेला, प्रशांत पांडेय, मनमोहन पांडेय आदि अन्य क्षेत्रीय गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## पंचम राष्ट्रीय नाट्य महोत्सव का होगा आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बरौनी।** राजकीयकृत मध्य विद्यालय बीहट परिसर में पांच दिवसीय पंचम राष्ट्रीय नाट्य महोत्सव का आयोजन 27 मार्च से किया जाएगा। जिसमें कुल चार राज्यों के 8 नाटकों की प्रस्तुति की जाएगी। इस बात की जानकारी देते हुए आकाश गंगा रंग चौपाल एसोसिएशन के सचिव व निर्देशक गणेश गौरव ने बताया की पंचम राष्ट्रीय नाटक महोत्सव में पंजाब, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल और बिहार की कुल आठ बेहतरीन नाटकों की प्रस्तुति की जाएगी। साथ इस अवसर पर राष्ट्रीय कला प्रदर्शन का भी आयोजन किया जाएगा। इसमें दो दर्जन से अधिक कलाकारों का प्रदर्श लगाया जाएगा। वहीं एसोसिएशन के संयोजक डा. कुन्दन कुमार ने बताया कि राष्ट्रीय नाट्य महोत्सव का आगाज 27 मार्च को आकाश गंगा रंग चौपाल एसोसिएशन बरौनी की नवीनतम नाट्य प्रस्तुति गंगा स्नान से की जाएगी। जिसका निर्देशन गणेश गौरव ने किया। वहीं 28 मार्च को आशीर्वाद रंगमंडल, बेगूसराय द्वारा डा. अमित रौशन के निर्देशन में पश्मीना और नट रंगभूमि थियेटर, मुंबई द्वारा निर्देशक मनीष शिर्के द्वारा गंध नाटक की प्रस्तुति होगी। वहीं 29 मार्च को कलर व्हील, दरभंगा द्वारा निर्देशक श्याम कुमार सहनी के निर्देशन में अष्टावक्र और अभिरंग फाउंडेशन, मुंबई द्वारा निर्देशक संजय पांडेय के निर्देशन में मेरा कुछ सामान नाटक की प्रस्तुति होगी। जबकि 30 मार्च को एक और युद्ध शांति के लिए बाल रंगमंच आर्ट एंड कल्चरल सोसाइटी, बरौनी द्वारा ऋषिकेश कुमार के संयोजन में निर्देशक गणेश कुमार द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा।

## चरपोखरी में लर्निंग फेस्टिवल सम्पन्न

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**आरा।** स्थानीय प्रोजेक्ट बालिका+2 विद्यालय चरपोखरी के प्रेक्षागृह में, ज्ञानोत्सव (लर्निंग फ़ेस्टिवल) गुरुवार को सम्पन्न हुआ। चार दिनों से अलग अलग गतिविधियों से विद्यालय में कलात्मक माहौल सृजित हो गया था। चित्रकला प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता, गीत संगीत प्रतियोगिता, क्राफ्ट प्रदर्शनी व प्रतियोगिता, खेल प्रतियोगिता। विद्यालय गतिविधि में शिक्षा के साथ कला संस्कृति खेल गीत संगीत और मौलिक गतिविधि पर ध्यान दिया गया। उद्घाटन विद्यालय प्रभारी मो प्रवेज आलम, शिक्षिका पिंकी कुमारी, रिंकल कुमारी, चर्चिल टैगोर, सिकंदर कुमार ने सामुहिक रूप से किया। प्रभारी एचएम मो प्रवेज आलम ने कहा कि सर्व कला मिश्रित ज्ञानोतसव ने विद्यालय में उत्सवी माहौल बना दिया। शिक्षक सिकंदर कुमार ने कहा कि समाज व विद्यालय में लोक शिक्षा और



संस्कृति का विकास जरूरी है। शिक्षिका पिंकी कुमारी व रिंकल कुमारी ने कहा गंवई कलात्मकता इस आयोजन को शीर्ष बना दिया है। खेल प्रतियोगिता में कुर्सी दौड़ में प्रथम खुशी कुमारी, द्वितीय रागीनी कुमारी, तृतीय स्थान सुरभि कुमारी हासिल किया। चित्र प्रदर्शनी व प्रतियोगिता दोनों आयोजित किया गया था। चित्रकला में प्रथम स्थान रागिनी कुमारी, द्वितीय शिवानी कुमारी तृतीय स्थान नेहा कुमारी। संगीत में प्रथम स्थान रितू कुमारी, द्वितीय संध्या कुमारी, तृतीय स्थान जसिका कुमारी ने हासिल किया। चार दिनों तक चलने वाले ज्ञानोत्सव लर्निंग फ़ेस्टिवल में कला संस्कृति का मौलिक रचनात्मकता दिखी जो मन मस्तिष्क को शीतलता प्रदान कर रही थी। कलात्मक क्राफ्ट, खाकागत संदर्भ जनीत चित्र सृजन गीत संगीत ने सबको आकर्षित किया और सोचने पर मजबूर भी। विद्यालय शिक्षा का हिस्सा होता है स्थानीय कला सृजन जो तकरीबन हर छात्राओं ने उकेर रखा था। संचालन करते हुए चित्रकार रौशन राय ने कहा कि चित्रों में छात्राएं परिपक्व कलाकार कि तरह रेखाएं गढ़ी है। कुछ छात्राएं होली गीत भी गाई जो कला के उत्कृष्टता श्रेष्ठता को अपने अंदर समेटे हुए था। मौके पर शिक्षक शिक्षिका व अन्य मौजूद थे।

## पुण्यतिथि पर डा. सच्चिदानन्द सिन्हा को भारत रत्न देने की उठी मांग

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बक्सर।** कायस्थ परिवार के द्वारा जिला कार्यालय में डॉक्टर सच्चिदानंद सिन्हा की 75 वीं पुण्यतिथि पर कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसकी अध्यक्षता कायस्थ परिवार के प्रदेश संयोजक अधिवक्ता सुमन कुमार श्रीवास्तव एवम संचालन राजेश कुमार सिन्हा ने की। उक्त कार्यक्रम की शुरुआत मे डॉक्टर सिन्हा के तैलचित्र पर माल्यार्पण करने के पश्चात दीप प्रज्वलित किया गया। उपस्थित वक्ताओं ने डॉ सिन्हा के जीवन पर प्रकाश डाला। प्रदेश संयोजक सुमन श्रीवास्तव ने अपने संबोधन में कहा कि डॉक्टर सच्चिदानंद सिंन्हा का जन्म बिहार के बक्सर जिले के मुरार गांव में हुआ था और उनकी शिक्षा दीक्षा पटना और कोलकाता के सिटी कॉलेज में हुई थी। उसके बाद उन्होंने लंदन में कानून की पढ़ाई भी की और बैरिस्टर भी बने तथा कलकत्ता पटना इलाहाबाद के हाईकोर्ट में उन्होंने वकालत भी किया एवं प्रख्यात अधिवक्ता के साथ-साथ सांसद और पत्रकार भी थे। वह पटना विश्वविद्यालय के उप कुलपति भी रहे। इसके बाद 1924 में पटना में अपनी पत्नी राधिका सिन्हा की स्मृति में सिन्हा लाइब्रेरी के स्थापना की। डॉक्टर साहब ने बिहार को अलग राज्य बनाने का आंदोलन शुरू किया, जो 1912 में बिहार एवं उड़ीसा प्रांत के गठन के साथ सफल हुआ। उन्होंने अपने संबोधन में यह भी कहा कि सिन्हा साहब 1910 से 1920 तक इंपीरियल लेजिस्लेटिव कॉउंसिल और इंडियन लेजिस्लेटिव असेंबली के सदस्य भी रहे। वह 1921 में इरके उपाध्यक्ष भी बने। बाद में चलकर वह बिहार विधानसभा के सदस्य बने। उनको 9 दिसंबर 1946 को संविधान सभा का अंतरिम अध्यक्ष भी बनाया गया। उसके बाद भी उनको देशरत्न के उपाधि से नवाजा नहीं जाता है तो उनके साथ नाइन्साफी होगी। इस मौके पर मदन मोहन श्रीवास्तव, वैदेही श्रीवास्तव, सौरभ सिन्हा ,सुनील लाल, मनोज सिन्हा ,राहुल सिन्हा, प्रकाश सिन्हा, बिजेन्द्र नारायण चौबे, अजय तिवारी, सुरेन्द्र यादव, गोपाल चौधरी, प्रणेश, सुशील कुमार पाठक, लवकेश मिश्रा आदि थे।


**पूर्व रेलवे**

वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (जनरल), पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंज़िल, रिमोट कंट्रोल बिल्डिंग, पूर्व रेलवे, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्य के सम्बन्ध में निम्नलिखित ई-निविदायें आमंत्रित की जाती हैं: **निविदा संख्या: ईएलईजी-ओटी-1188-2024-25-आर, दिनांक: 03.03.2025। कार्य का विवरण:** पुराना यार्ड नैहाटी (लाइन संख्या 10/ओआर से 14/ओआर) में उचित प्रकाश एवं वेल्डिंग सुविधाओं के लिए एग्जामिनेशन सुविधाओं का सुधार। **निविदा मूल्य:** ₹ 2,11,72,356। **बयाना राशि:** ₹ 2,55,900। **निविदा दस्तावेज की कीमत:** ₹ 0। **पूरा करने की अवधि:** 15 महीना। **निविदा प्रकाशन की तारीख:** 03.03.2025। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 28.03.2025 को दोपहर 2.00 बजे। **निविदा बोली खुलने की तारीख एवं समय:** 28.03.2025 को दोपहर 2.00 बजे। **निविदा बोली शुरू होने की तारीख:** 14.03.2025। निविदा सूचना एवं समय-समय पर जारी की जाने वाली संशोधनी का विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

(SDAH-375/2024-25)

निविदा सूचना वेबसाइट:www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**संक्षिप्त निविदा सूचना संख्या: केपीए-ईआरएस-ओटी-43-24-25, दिनांक: 04.03.2025।** उप मुख्य विद्युत अभियंता, पूर्व रेलवे, कांचरापाड़ा वर्कशॉप, कांचरापाड़ा, उत्तर 24 परगना, पिन-743145, पश्चिम बंगाल द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **निविदा संख्या: केपीए-ईआरएस-ओटी-43-24-25। विवरण:** रेलवे के परिसर/शॉप-10/कांचरापाड़ा में लोको बोगी फ्रेम तथा ईएमयू/एमईएमयू बोगी की बोल्स्टर द्वारा शॉट ब्लास्टिंग। मात्रा: 890 अदद। **निविदा मूल्य:** ₹ 49,14,455.40 (जीएसटी एवं अन्य सभी प्रभार सहित)। **निविदा खुलने की तारीख एवं समय:** 26.03.2025 को अपराह्न 3.00 बजे। **पूरा करने की अवधि:** 24 महीना। निविदा दस्तावेज एवं अन्य विवरण वेबसाइट: **www.ireps.gov.in** से प्राप्त किये जा सकते हैं। निविदा हेतु बोलियां उपर्युक्त वेबसाइट पर ई-निविदा के जरिये जमा करनी होंगी। इस निविदा के तहत मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है तथा कोई भी मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर उसे स्वीकार नहीं किया जायेगा तथा सीधे रद्द कर दिया जायेगा।

(MISC-366/2024-25)

निविदा सूचना वेबसाइट:www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

भारत-न्यूजीलैंड

# गोल्डन बैट के लिए रचिन रविंद्र और विराट कोहली में होगी टक्कर





**नईदिल्ली (एजेंसी)।** चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के तहत भारत और न्यूजीलैंड के बीच फाइनल मुकाबला खेला जाना है। इस दौरान सबकी नजरें टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज पर होगी जिसे गोल्डन बैट मिलेगा। इस अवॉर्ड के लिए रचिन रवींद्र और विराट कोहली के बीच टक्कर है। इसी तरह गोल्डन बॉल के लिए मैट हैनरी और मोहम्मद शमी आमने-सामने हैं।

### चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के टॉप स्कोरर

227 रन - बेन डकेट, इंग्लैंड
226 रन - रचिन रवींद्र, न्यूजीलैंड
225 रन - जो रूट, इंग्लैंड
217 रन - विराट कोहली, भारत
216 रन - इब्राहिम जादरान, अफगानिस्तान

इस लिस्ट में 195 रन बनाकर श्रेयस अय्यर छठे स्थान पर बने हुए हैं। अगर वह ग्रुप स्टेज की तरह फाइनल में भी अच्छी पारी खेलने में सफल रहे तो वह भी गोल्डन बैट के दावेदार हो सकते हैं। लेकिन सबकी नजरें विराट कोहली पर होंगी।

### चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के टॉप विकेटटेकर

10 विकेट - मैट हैनरी, न्यूजीलैंड
8 विकेट - मोहम्मद शमी, भारत
7 विकेट - वरुण चक्रवर्ती, भारत
7 विकेट - मिचेल सेंटनर, न्यूजीलैंड
7 विकेट -बेन द्वारशुइस, ऑस्ट्रेलिया

### बेस्ट स्ट्राइक रेट में फिलिप्स आगे

टूर्नामेंट में ग्लेन फिलिप्स ने फील्डिंग के अलावा बल्ले से भी अपना जलवा दिखाय है। उन्होंने 4 मैचों में 143 रन बनाए है लेकिन उनकी स्ट्राइक रेट (140.20) इस वक्त सबसे ज्यादा है। उनके बाद दक्षिण अफ्रीका के डेविड मिलर (139.08) का नाम आता है। ऑस्ट्रेलिया के जोश इंग्लिस (133.67) भी इस लिस्ट में हैं।

### सबसे ज्यादा छक्के

फिलहाल टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा छक्के लगाने के मामले में उमरजई पहले नंबर पर चल रहे हैं जिन्होंने 3 मैचों में 8 छक्के लगाए हैं। ग्लेन फिलिप्स 7 छक्के लगाकर संयुक्त तौर पर इस लिस्ट में दूसरे स्थान पर हैं। भारत की ओर से हार्दिक पांड्या ने सर्वाधिक 5 छक्के लगाए हैं। केएल राहुल 4 तो श्रेयस अय्यर ने 3 ही छक्के लगाए हैं।

### चैंपियंस ट्रॉफी 2025 गोल्डन बैट

हेड-टू-हेड रिकॉर्ड (वनडे)
कुल खेले गए मैच- 120
भारत जीता- 62
न्यूज़ीलैंड की जीत- 50
टाई - 1
कोई परिणाम नहीं- 7

### सबसे बड़ी जीत (रनों द्वारा)

**भारत** - 190 रन (10 अगस्त, 2022, हरारे - भारत 372/5, न्यूजीलैंड 182)
**न्यूजीलैंड** - 200 रन (26 मार्च, 1987, नागपुर - न्यूजीलैंड 299/8, भारत 99)

### सबसे बड़ी जीत (विकेट द्वारा)

**भारत-** 10 विकेट (कई बार, उदाहरण के लिए, 21 जनवरी, 2019, नेपियर)
**न्यूजीलैंड-** 8 विकेट (कई बार, उदाहरण के लिए, 8 फरवरी, 2020, ऑकलैंड)

# सचिन तेंदुलकर के इस शॉट से 15 साल पीछे पहुंच गए वॉटसन, मैच के बाद खुलकर बात की

**7 चौके और 4 शानदार छक्के की बदौलत तेंदुलकर ने बनाए 64 रन**



**वडोदरा (एजेंसी)।** खचाखच भरे बीसीए स्टेडियम में सचिन तेंदुलकर की शानदार बल्लेबाजी देखने को मिली, जब इस महान बल्लेबाज ने इंडिया मास्टर्स और ऑस्ट्रेलिया मास्टर्स के बीच खेले गए हाई स्कोरिंग इंटरनेशनल मास्टर्स लीग (आईएमएल) 2025 के मैच में शानदार प्रदर्शन किया। तेंदुलकर ने महज 33 गेंदों पर 64 रन की तेज पारी खेली, जिसमें 7 चौके और 4 शानदार छक्के शामिल थे। उनकी पारी का सबसे खास पल तेज गेंदबाज बेन हिल्फेनहॉस की गेंद पर लगाया गया शानदार स्ट्रेट छक्का था, जिसमें उन्होंने बेखौफ होकर ऑस्ट्रेलियाई आक्रमण का सामना किया।

इस शॉट ने न सिर्फ प्रशंसकों को रोमांचित नहीं किया, बल्कि विपक्षी कप्तान शेन वॉटसन को भी पुरानी यादें ताजा कर दीं, क्योंकि बाद में उन्होंने इसे 'रात का शॉट' करार दिया। तेंदुलकर के पुराने शॉट्स पर प्रतिक्रिया देते हुए पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर ने कहा कि भारत के महान बल्लेबाज का स्ट्रेट ड्राइव देखना एक शानदार अनुभव था, और यह उन्हें 15 साल पीछे ले गया।

वॉटसन ने मैच के बाद कहा, हमने मैच जीत लिया, लेकिन मुझे लगता है कि सचिन ने रात का शॉट खेला। वह स्ट्रेट ड्राइव मुझे तुरंत 15 साल पीछे ले गया। जिस तरह से उसने स्ट्रेट ड्राइव से छक्का मारा, मुझे लगता है कि सभी लड़के चुपचाप तालियां बजा रहे थे। दो बेहतरीन शॉट थे, स्ट्रेट ड्राइव से छक्का और फिर कवर ड्राइव से छक्का। आप देख सकते हैं कि सचिन इस शॉट से कितने खुश थे - उन्होंने तुरंत अपना सिर नीचे कर लिया जैसे कह रहे हों कि मैं काफी समय से यह शॉट खेलना चाहता था। वहां खेलना एक शानदार अनुभव था।

**91 रन से हारी सचिन तेंदुलकर की इंडिया मास्टर्स-** ऑस्ट्रेलिया मास्टर्स ने आईएमएल 2025 के एक रोमांचक मुकाबले में इंडिया मास्टर्स को 95 रन से हरा दिया। वडोदरा के बीसीए स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया मास्टर्स ने पहले खेलते हुए 269 रन जड़े थे। जवाब में इंडिया की टीम 174 रन ही बना पाई। जेवियर डोहर्टी को 5 विकेट लेने पर मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी घोषित किया गया। मैच में सचिन तेंदुलकर के नेतृत्व में इंडिया मास्टर्स ने टॉस जीता और पहले क्षेत्ररक्षण करने का फैसला किया था। दोनों टीमों ने अपनी मजबूत लाइन-अप को मैदान में उतारा।

**ऑस्ट्रेलिया मास्टर्स** - 20 ओवर में 269/1

ऑस्ट्रेलिया मास्टर्स ने शुरुआती झटके के बाद बेन डंक और शेन वॉटसन के बीच नाबाद 258 रन की साझेदारी की बदौलत 20 ओवरों में 269/1 रन बनाए। तीसरे ओवर में शॉन मार्श के 11 रन पर आउट होने के बाद बेन डंक (63 गेंदों पर 132*) और शेन वॉटसन (54 गेंदों पर 110*) ने स्कोर आगे बढ़ाया। डंक ने पारी में 14 चौके और 7 छक्के लगाए जबकि वॉटसन ने 10 चौके और 6 छक्के लगाए। भारत की ओर से इरफान पठान (0/45), आरपी सिंह (0/60), और मुनाफ पटेल (0/55) महंगे साबित हुए।

**इंडिया मास्टर्स पारी** - 19.6 ओवर में 174 रन पर ऑल आउट

270 रनों का पीछा करते हुए इंडिया मास्टर्स को तेजतर्रार शुरूआत मिली थी। सचिन तेंदुलकर (33 गेंदों पर 64 रन, 8 चौके, 2 छक्के) और नमन ओझा (11 गेंदों पर 19 रन) ने 4 ओवर में ही स्कोर 48/0 रन बना दिया था। तेंदुलकर पुराने फॉर्म में दिख रहे थे, आसानी से ड्राइविंग और लॉफ्टिंग कर रहे थे। जेवियर डोहर्टी ने 10वें ओवर में तेंदुलकर (लॉन्ग ऑन पर डेनियल क्रिस्चियन द्वारा कैच) को 100/4 के स्कोर पर आउट करके एक बड़ा झटका दिया, जिससे भारत की वापसी की उम्मीदें खत्म हो गईं। डोहर्टी ने 15वें ओवर में 4 गेंदों में 3 विकेट लेकर खेल का रुख निर्णायक रूप से बदल दिया। 141/5 से 141/8 पर आ गया, जिसके बाद वह 174 रन ही बना सका। और मैच गंवा दिया।

### दोनों टीमों की प्लेइंग 11

**इंडिया मास्टर्स** - सचिन तेंदुलकर (कप्तान), नमन ओझा (विकेटकीपर), सौरभ तिवारी, सुरेश रैना, यूसुफ पठान, स्टुअर्ट बिन्नी, इरफान पठान, पवन नेगी, विनय कुमार, आरपी सिंह, मुनाफ पटेल।

**ऑस्ट्रेलिया मास्टर्स** - शेन वॉटसन (कप्तान), शॉन मार्श, बेन डंक, ब्रैड हॉज, ब्रैड हैडिन (विकेटकीपर), डेनियल क्रिश्चियन, जेवियर डोहर्टी, ब्रेट ली, डर्क नैनेस, नाथन रियरडन, पीटर सिडल।

# ग्रुप चरण में भारत से हार अतीत की बात, फाइनल एक नया दिन होगा : डेरिल मिशेल



**दुबई (एजेंसी)।** न्यूजीलैंड के मध्यक्रम बल्लेबाज डेरिल मिशेल ने कहा कि ग्रुप चरण में भारत से हार अतीत की बात है और फाइनल एक नया दिन होगा। न्यूजीलैंड ने लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में पाकिस्तान को 50 रन से हराकर चैम्पियंस ट्रॉफी के फाइनल में प्रवेश किया जहां उसका मुकाबला रविवार 9 मार्च 2025 को भारत से होगा।

उन्होंने कहा, 'फाइनल एक नया मैच होगा और हम वास्तव में इस चुनौती का सामना करने और परिस्थितियों से सामंजस्य बिठाने को लेकर उत्साहित हैं। उम्मीद है कि हम उन पर दबाव बनाने में सफल रहेंगे।% मिशेल इस बहस में नहीं पड़ना चाहते हैं कि भारत को एक ही स्थान पर खेलने का फायदा मिलेगा। उन्होंने कहा, 'यही अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट की प्रकृति है। हमने काफी यात्रा की है और हम इसके आदी हो चुके हैं। टूर्नामेंट का कार्यक्रम तैयार करना मेरा काम नहीं है। मैं अभी आईसीसी प्रतियोगिता के फाइनल में पहुंचने पर रोमांचित हूं और अगला मैच खेलने के लिए उत्साहित हूं।

गौर हो कि आईसीसी टूर्नामेंट्स में दक्षिण अफ्रीका की बुरी किस्मत अभी भी जारी है। टी20 विश्व कप 2024 के फाइनल में पहुंची दक्षिण अफ्रीका की टीम चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में नहीं पहुंच पाई। लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में न्यूजीलैंड के खिलाफ खेले गए दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में उनकी टीम को 50 रनों से झेलनी पड़ी। सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड ने पहले खेलते हुए रचिन रविंद्र (108) और केन विलियमसन (102) के शतक की बदौलत 362 रन बनाए थे। द. अफ्रीकी गेंदबाज लुंगी एनगिडी को 3 तो कगिसो रबाडा को 2 विकेट मिले।

# फाइनल से पहले टीम इंडिया के लिए अच्छी खबर!


**न्यूजीलैंड का घातक गेंदबाज मैट हेनरी हुए चोटिल, बाहर**

**दुबई (एजेंसी)।** चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए 9 मार्च 2025 को होने वाले फाइनल से पहले भारत के लिए एक अच्छी खबर आई है। दरअसल, 9 मार्च को भारत का मुकाबला न्यूजीलैंड के साथ होना है। गौरतलब है कि चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के दूसरे सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दक्षिण अफ्रीका को 50 रनों से मात दे दी। लेकिन इस बीच खबर आई कि, प्रमुख तेज गेंदबाज मैट हेनरी को साउथ अफ्रीकी मैच के दौरान गंभीर चोट लग गई। कयास लगाए जा रहे हैं कि, भारत के खिलाफ फाइनल मुकाबले में उनका खेलना मुश्किल होगा।



- **न्यूजीलैंड के कप्तान मिशेल सेंटनर ने दिया अपडेट** - वहीं मैच के बाद हेनरी की चोट को लेकर अपडेट देते हुए न्यूजीलैंड के कप्तान मिशेल सेंटनर ने कहा, हमें इंतजार करना होगा और देखना होगा कि हेनरी का कंधा कैसा रहता है। अभी उन्हें दर्द हो रहा है, लेकिन अगले कुछ दिनों में स्थिति साफ हो जाएगी।
- **रोहित शर्मा की अगुवाई में टीम इंडिया का शानदार सफर** - बता दें कि, चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में रोहित शर्मा की अगुवाई में टीम इंडिया का अब तक का सफर काफी शानदार रहा है। अब तक भारत ने अपने सभी मुकाबले जीते हैं। वहीं अब 9 मार्च को दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में होने वाले फाइनल में भारत न्यूजीलैंड से भिड़ेगा। वहीं अगर हेनरी फाइनल से बाहर होते हैं, तो कहीं न कहीं ये यह भारतीय टीम के लिए एक बड़ी राहत साबित हो सकती है।

# ऑस्ट्रेलिया के महान टेनिस खिलाड़ी फ्रेड स्टोल का निधन



**मेलबर्न (एजेंसी)।** दो बार के ग्रैंड स्लैम एकल विजेता और ऑस्ट्रेलिया की तीन बार डेविस कप जीतने वाली टीमों का हिस्सा रहे फ्रेड स्टोल का निधन हो गया है। टेनिस ऑस्ट्रेलिया ने गुरुवार को यह जानकारी दी। वह 86 वर्ष के थे। टेनिस ऑस्ट्रेलिया के सीईओ क्रेग टिली ने स्टोल को टेनिस में एक खिलाड़ी के रूप में और बाद में ऑस्ट्रेलिया के नाइन नेटवर्क तथा सीबीएस और फॉक्स स्पोर्ट्स के लिए एक कमेंटेटर के रूप में एक प्रतिष्ठित व्यक्ति बताया। टिली ने निधन का कारण नहीं बताया।

टिली ने कहा, 'उनकी विरासत उत्कृष्टता, समर्पण और टेनिस के प्रति गहरा प्रेम है। ऑस्ट्रेलिया की डेविस कप टीम के स्टार सदस्य, फ्रेड ने एक कोच और चतुर टिप्पणीकार के रूप में अपने शानदार करियर से खेल में महत्वपूर्ण योगदान दिया। स्टोल ने 1965 में फ्रेंच ओपन और 1966 में अमेरिकी ओपन का एकल खिताब जीता था। इसके बाद वह विश्व रैंकिंग में नंबर एक पर पहुंच गए थे। उन्होंने ग्रैंड स्लैम प्रतियोगिताओं में 10 पुरुष युगल और सात मिश्रित युगल भी जीते।

# लेब्रोन जेम्स ने रचा इतिहास, 50,000 करियर पॉइंट बनाने वाले पहले एनबीए खिलाड़ी बने



**लॉस एंजिल्स (एजेंसी)।** तीन बार के ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता लेब्रोन जेम्स 50,000 करियर पॉइंट बनाने वाले इतिहास के पहले एनबीए खिलाड़ी बन गए हैं। 40 वर्षीय लॉस एंजिल्स लेकर्स स्टार ने मंगलवार को न्यू ऑरलियन्स पेलिकन्स के खिलाफ घर पर एनबीए रेगुलर सीजन गेम के दौरान तीन-पॉइंटर स्कोर करने के बाद यह उपलब्धि हासिल की।

न्यू ऑरलियन्स पेलिकन्स के खिलाफ लेकर्स के मैचअप में जेम्स को सिर्फ एक पॉइंट की जरूरत थी। उन्होंने पहले क्वार्टर में 8"34 मिनट शेष रहते लुका डोनसिक फीड से लेफ्ट विंग से तीन-पॉइंटर लगाया। उन्होंने 34 पॉइंट, 8 रिबाउंड और 6 असिस्ट किए, जिससे लेकर्स ने पेलिकन्स पर 136-115 से जीत हासिल की।

अमेरिकी खिलाड़ी के संयुक्त स्कोर में अब 41,871 नियमित-सीजन अंक और 8,162 पोस्टसीजन अंक शामिल हैं। वह एनबीए के इतिहास में एक किशोर के रूप में और 40 वर्ष की आयु के बाद खेलने वाले पहले खिलाड़ी भी हैं। पिछले महीने जेम्स एनबीए के इतिहास में 40 या उससे अधिक उम्र में एक खेल में कई 40 से अधिक अंक हासिल करने वाले पहले खिलाड़ी बने।

दिग्गज माइकल जॉर्डन एकमात्र अन्य 40 वर्षीय खिलाड़ी हैं जिन्होंने 40 से अधिक अंक हासिल किए हैं। पिछले साल दिसंबर में जेम्स ने लॉस एंजिल्स लेकर्स की सैक्रामेंटो किंग्स पर जीत के दौरान लीग के इतिहास में सबसे अधिक मिनट खेलते हुए छह बार के एनबीए एमवीपी करीम अब्दुल-जब्बार को पीछे छोड़ दिया।

# बांग्लादेश के अनुभवी क्रिकेटर मुशफिकुर रहीम ने वनडे क्रिकेट से लिया संन्यास

**दुबई (एजेंसी)।** बांग्लादेश के अनुभवी खिलाड़ी मुशफिकुर रहीम ने बुधवार को अपने वनडे इंटरनेशनल करियर को अलविदा कह दिया। मुशफिकुर ने सोशल मीडिया पर अपनी घोषणा करते हुए कहा कि पिछले कुछ सप्ताह चुनौतीपूर्ण रहे, जब बांग्लादेश आईसीसी पुरुष चैंपियंस ट्रॉफी 2025 से बिना जीत के बाहर हो गया, यह बात आईसीसी मीडिया रिलीज के अनुसार कही गई है।

मुशफिकुर ने अपने बयान में कहा, मैं आज से वनडे फॉर्मेट से संन्यास की घोषणा कर रहा हूं। वैश्विक स्तर पर हमारी उपलब्धियां सीमित रही होंगी, लेकिन एक बात तो तय है- जब भी मैं अपने देश के लिए मैदान पर उतरा, मैंने समर्पण और ईमानदारी के साथ 100त्न से अधिक दिया।



मुशफिकुर ने 2005 में अपना अंतरराष्ट्रीय डेब्यू किया था और उसके अगले साल 2006 में उन्होंने अपना वनडे डेब्यू किया था। अपने वनडे करियर के एक साल बाद ही उन्होंने 2007 के आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप में भारत के खिलाफ 56* रन की शानदार पारी खेली थी, जिसमें बांग्लादेश ने भारत को वैश्विक मंच पर चौंका दिया था। मुशफिकुर ने इस प्रारूप में कई उपलब्धियां हासिल कीं और अपनी टीम का नेतृत्व भी किया।

उन्होंने अपने 274 मैचों के करियर में 9 शतक और 49 अर्द्धशतक के साथ 7795 वनडे रन बनाए। उन्होंने कहा, पिछले कुछ हफ्ते मेरे लिए बहुत चुनौतीपूर्ण रहे हैं और मुझे एहसास हुआ है कि यही मेरी नियति है। मैं अपने परिवार, दोस्तों और अपने प्रशंसकों का तहे दिल से शुक्रिया अदा करना चाहता हूं जिनके लिए मैंने पिछले 19 सालों से क्रिकेट खेला है।


# भारत और न्यूजीलैंड मैच में बारिश हो गई तो कौन होगा विजेता? आईसीसी के नए रूल

**दुबई (एजेंसी)।** चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का फाइनल मुकाबला भारत और न्यूजीलैंड में दुबई के मैदान पर 9 मार्च को निश्चित है। भारतीय टीम ग्रुप स्टेज में न्यूजीलैंड को हरा चुकी है। लेकिन न्यूजीलैंड ने टूर्नामेंट में जिस तरह प्रदर्शन किया है उससे फाइनल और भी रोमांचक हो गया है। न्यूजीलैंड ने बीते दिन ही चैंपियंस ट्रॉफी के दूसरे सेमीफाइनल में दक्षिण अफ्रीका को 50 रन से हराकर फाइनल में जगह बनाई थी। लेकिन क्या हो अगर फाइनल का दिन बारिश की भेंट चढ़ जाए तो। अगर बारिश से मैच प्रभावित हुआ तो आईसीसी का नियम क्या होगा। आइए जानते हैं-

क्रिकेट मैच में बारिश का आना स्वभाविक है। लेकिन यह बड़े मुकाबले धो दे। ऐसा बहुत कम हुआ है। इन्हीं बातों को ध्यान में रखते हुए आईसीसी ने चैंपियंस ट्रॉफी के लिए विशेष नियमों का ध्यान रखा है। आईसीसी ने चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भी एक दिन रिजर्व रखा है। यदि 9 मार्च की निर्धारित तिथि पर बारिश के कारण खेल बाधित होता है, तो मैच अगले दिन फिर से शुरू किया जाएगा।

वैसे भी अगर वेदर रिपोर्ट देखी जाए तो 9 मार्च को दुबई में हलके बादल छाए रहने की उम्मीद है। अधिकतम तापमान 32 तो न्यूनतम 23 डिग्री सेल्सियस रहने की उम्मीद है।

क्रिकेट फैंस को याद है कि चैंपियंस ट्रॉफी 2002 का फाइनल मुकाबला दो बार बारिश के कारण प्रभावित रहा था। उक्त मुकाबला भारत और श्रीलंका की टीमों के बीच खेला गया था। उस समय रिजर्व डे का इतना प्रचलन नहीं था लेकिन जब फाइनल में रिजर्व डे लेकर मैच करवाया गया तो उस दिन इंद्र देवता को आईसीसी मना नहीं सकी। लगातार दूसरे दिन बारिश हुई जिससे फाइनल पूरा नहीं करवाया जा सका।



पहले दिन श्रीलंका ने खेलते हुए 50 ओवरों में 5 विकेट खोकर 244 रन बनाए थे। जवाब में खेलने उतरी भारतीय टीम ने जब 2 ओवरों में बिना विकेट गंवाए 14 रन बना लिए थे तो बारिश आ गई। क्योंकि 15 ओवर पूरे नहीं हो पाए थे इसलिए मैच का नतीजा नहीं निकला।

दूसरे दिन दोबारा फाइनल मुकाबला करवाया गया। श्रीलंका ने पहले बल्लेबाजी की ओर 7 विकेट पर 222 रन बनाए। जवाब में खेलने उतरी टीम इंडिया ने 84 ओवर में जब 1 विकेट खोकर 38 रन बना लिए थे तो फिर से बारिश आ गई। इसके बाद मैच शुरू नहीं हो पाया। आईसीसी ने इसके बाद दोनों टीमों को संयुक्त विजेता घोषित कर दिया। ऐसा आईसीसी के इतिहास में पहली बार हुआ था।

# अपूर्ण योजनाओं को माह के अंत तक करें पूरा : डीएम

## विभिन्न विभागों की समीक्षात्मक बैठक में जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने दिए कई निर्देश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** तकनीकी विभागों एवं एससीए, एडीपी एवं सीएसआर की समीक्षात्मक बैठक जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में आहूत की गई। समीक्षा के क्रम में जिलाधिकारी द्वारा जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (आईसीडीएस), औरंगाबाद एवं कार्यपालक अभियंता, एलएईओ के माध्यम से कराए जाने वाले आकांक्षी जिला कार्यक्रम अन्तर्गत क्रमशः बाला पेंटिंग एवं आंगनबाड़ी का जीर्णोद्धार कार्यों में जिन योजनाओं का कार्य पूर्ण करा लिया गया है, उनका यथाशीघ्र उपयोगिता प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने हेतु निर्देश दिया गया। इसके साथ ही जिन योजनाओं का कार्य अपूर्ण है, उसे मार्च माह 2025 तक निश्चित रूप से पूर्ण कराने हेतु निर्देश दिया। कार्यपालक




अभियंता भवन प्रमंडल, औरंगाबाद के माध्यम से कराए जाने वाले विशेष केन्द्रीय सहायता एवं डिस्ट्रिक्ट ऑफ कंसर्न योजना अंतर्गत योजनाओं का कार्य में तीव्रता लाते हुए माह मार्च 2025 तक निश्चित रूप से पूर्ण कराने हेतु निर्देश दिया गया। जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, सर्व शिक्षा अभियान द्वारा कार्यान्वित योजनाओं का कार्य भी माह मार्च तक निश्चित रूप से पूर्ण कराने हेतु निर्देश दिया गया। बिहार महादलित विकास मिशन योजना अंतर्गत सामुदायिक भवन-सह- वर्कशेड निर्माण कार्य योजना में त्रुटिपूर्ण कार्य को नियमानुसार निराकरण करते हुए उसे हस्तगत कराने हेतु निर्देशित किया गया। जल संसाधन विभाग से संबंधित सभी कार्यपालक अभियंताओं को प्रोजेक्ट में भूमि अधिग्रहण कार्य को लेकर निरंतर अवगत कराने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक के अन्त में विभिन्न कार्यकारी एजेंसियों के माध्यम से कराए जाने वाले कार्य को निश्चित समय-सीमा के अंदर नियमानुसार पूर्ण कराते हुए यथाशीघ्र उन सभी योजनाओं का उपयोगिता प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में जिला योजना पदाधिकारी, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, समग्र शिक्षा अभियान, जिला प्रोग्राम पदाधिकारी, आईसीडीएस, सहायक अभियंता स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन, कार्य प्रमंडल, कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, औरंगाबाद, सहायक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, अंबा उत्तर कोयल नहर प्रमंडल, दाउदनगर सिंचाई प्रमंडल नबीनगर कार्यपालक अभियंता आदि मौजूद रहे।

## जनता दरबार में सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

**औरंगाबाद (नबिटा ब्यूरो)।** अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार लगाकर जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने ग्रामीणों की समस्याओं का सुनवाई किया। जिलाधिकारी द्वारा कुल 10 ग्रामीणों के परिवाद पर सुनवाई करते हुए त्वरित निष्पादन हेतु संबंधित पदाधिकारियों को यथाशीघ्र मामला के निष्पादन करने का निर्देश दिया गया।

## लोक अदालत में बैंक ऋणधारियों को मिलेगी छूट

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** सदर प्रखंड के सेंट्रल बैंक जम्होर में प्रबंधक रंजना कुमारी ने ग्राहकों के साथ एक बैठक की जिसके माध्यम से ज्यादा से ज्यादा लोगों को आठ मार्च को आयोजित होने वाले लोक अदालत के बारे में जानकारी दी गयी। मौके पर प्रबंधक ने कहा कि सभी सहयोग करें और बकायेदारों को जागरूक करें। उन्होंने कहा कि यह एक सुनहरा मौका है, जिसमें ऋण बकायेदार भारी छूट का लाभ उठा सकते हैं। बकायेदारों से समझौता कर ऋण वसूली होगी जिसमें बकायेदारों को भारी छूट मिलेगी। उन्होंने कहा कि लोक अदालत एक सशक्त माध्यम है जिसके तहत जन-जन तक आवाज को पहुंचाने की जरूरत है। मौके पर बैंककर्मी अमित पांडेय, शाखा सहायक उमेश पाल, नीरज कुमार समेत भारी संख्या में ग्राहक उपस्थित थे।

## इंस्पायर अवार्ड के लिए शिवम का चयन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद।** जिला मुख्यालय स्थित पीएम श्री अनुग्रह मध्य विद्यालय के अष्टम वर्ग के छात्र शिवम कुमार को भारत सरकार के साइंस एंड टेक्नोलॉजी मंत्रालय ने उसके द्वारा ऑनलाइन आवेदित विज्ञान के प्रोजेक्ट को चयनित किया है। विद्यालय के प्राचार्य उदय कुमार सिंह ने खुशी जाहिर करते हुए बताया कि शिवम को 10 हजार रुपए की राशि बतौर इंस्पायर अवार्ड प्राप्त होगी। इस राशि से वह अपने नवाचारी वैज्ञानिक सोच के तहत दृष्टिबाधितों के लिए सेंसर वाले चश्मे के मॉडल का निर्माण करेंगे और जिला स्तरीय एवं अंततः प्रांतीय व राष्ट्रीय स्तर पर इसकी प्रस्तुति करेंगे। शिवम के चयनित होने पर विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं बेहद खुश हैं।

## लक्ष्यों के अनुरूप राशि का व्यय न होने पर निदेशक ने जिला मत्स्य पदाधिकारी को लगाई फटकार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना/ औरंगाबाद।** मत्स्य विभाग की बैठक गुरुवार को विकास भवन पटना में आयोजित की गई जिसमें निदेशक ने अपने कार्यालय कक्ष में औरंगाबाद जिले के अंतर्गत संचालित राज्य एवं केंद्र प्रायोजित मत्स्य योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक की। समीक्षा के दौरान प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के कई घटकों में निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप राशि का व्यय नहीं होने पर जिला मत्स्य पदाधिकारी को फटकार लगाते हुए कार्यों में तेजी लाने का निर्देश दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि नया तालाब निर्माण एवं रिवरिंग तालाब निर्माण कार्यों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूरा किया जाए ताकि लाभार्थियों को अनुदान की विमुक्ति का कार्य सुनिश्चित हो सके। बैठक के दौरान 2022 से लेकर वर्तमान वित्तीय वर्ष तक की योजनाओं की प्रगति का गहन विश्लेषण किया गया। इस समीक्षा में प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना सहित अन्य योजनाओं की उपलब्धियों एवं चुनौतियों पर चर्चा की गई। बैठक में कार्यों की उपलब्धियों का भी विश्लेषण किया गया। प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत औरंगाबाद जिले में अब तक 21.55 हेक्टेयर क्षेत्र में तालाब निर्माण का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। इसके अलावा राज्य सरकार द्वारा संचालित सात निश्चय-2 योजना के तहत पठारी क्षेत्रों में तालाब निर्माण आधारित मत्स्य पालन योजना के अंतर्गत 12 एकड़ क्षेत्र में निर्माण कार्य पूरा किया गया है। इन उपलब्धियों के बावजूद अभी भी लक्ष्य को शत-प्रतिशत हासिल करने की दिशा में अधिक प्रयास करने की आवश्यकता जताई गई। निदेशक ने जिला मत्स्य पदाधिकारी को निर्देश दिया कि वे प्राप्त लक्ष्यों के अनुरूप आवेदन सृजित करें और जिला स्तरीय समिति के माध्यम से लाभार्थियों का चयन कर शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने के लिए कार्यादेश जारी करें। साथ ही उन्होंने सुनिश्चित करने को कहा कि योजनाओं के कार्यान्वयन की उपलब्धि तय समय-सीमा के भीतर पूरी हो। बैठक में जिला मत्स्य पदाधिकारी, उप निदेशक (राज्य परियोजना इकाई) मत्स्य प्रसार पदाधिकारी, मत्स्य विकास पदाधिकारी और परियोजना समन्वयक सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## औरंगाबाद की दो घटनाओं की जांच के लिए राजद ने बनाया सात सदस्यीय दल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** बिहार के औरंगाबाद जिले में हाल ही में हुई दो घटनाओं की जांच के लिए राष्ट्रीय जनता दल ने एक सात सदस्यीय जांच दल का गठन किया है। यह दल आज 7 मार्च 2025 को घटनास्थल का दौरा कर 9 मार्च 2025 तक अपनी रिपोर्ट प्रदेश कार्यालय को सौंपेगा। इस संबंध में पार्टी द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार 23 फरवरी 2025 को कुटुम्बा थाना क्षेत्र के ऐरका गांव में जिमेदार पासवान के 12 वर्षीय पुत्र का अपहरण कर 26 फरवरी 2025 को उसकी हत्या कर दी गई थी, यह मामला शांत भी नहीं हुआ था कि 3 मार्च 2025 को प्रमोद साव की पुलिस कस्टडी में पीट-पीट कर हत्या कर दी गई। इन दोनों घटनाओं ने जिले में सनसनी फैला दी है और प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। राजद द्वारा गठित जांच दल में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं को शामिल किया गया है, जो मौके पर जाकर वस्तुस्थिति की जानकारी लेंगे और विस्तृत जांच प्रतिवेदन तैयार करेंगे। जांच दल में शामिल सदस्यों में पूर्व मंत्री सह प्रदेश उपाध्यक्ष सह संयोजक सुरेश पासवान, विधायक डब्लू सिंह, मंजू अग्रवाल, राजेश गुप्ता, कौलेश्वर यादव, मो. युसूफ आजाद अंसारी, डॉ. प्रेम कुमार गुप्ता, अमरेन्द्र कुशवाहा एवं राजद के प्रदेश प्रधान महासचिव रणविजय साहू ने कहा कि यह दोनों घटनाएं बेहद दुखद और गंभीर हैं। उन्होंने कहा कि दोषियों को सजा दिलाने के लिए पार्टी पूरी तरह प्रतिबद्ध है और जांच दल अपनी रिपोर्ट के आधार पर सरकार और प्रशासन से आवश्यक कार्रवाई की मांग करेगा।

## योजनाओं को हर हाल में लाभुकों तक पहुंचाना सरकार का लक्ष्य

### विकास मित्रों के साथ बैठक कर बीडीओ ने दिए कई निर्देश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** प्रखंड परिसर स्थित सभाकक्ष में प्रशासनिक व्यवस्था को सुदृढ़ एवं संवेदनशील बनाने के उद्देश्य से प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रदीप कुमार चौधरी ने विकास मित्रों के साथ बैठक की। जिसमें प्रखंड कल्याण पदाधिकारी अशोक कुमार, सांख्यिकी पदाधिकारी राकेश कुमार, डीआरपी देवेन्द्र नयन, कार्यपालक सहायक शाह फैसल सहित सभी विकास मित्र व प्रखंड के सभी स्वच्छता पर्यवेक्षक उपस्थित थे। बीडीओ ने कहा कि सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर हर हाल



में पहुंचाना है। कोई भी व्यक्ति वंचित नहीं रहे। गांव के अंतिम बसावट तक रहने वाले अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति तक विकास कार्य की जानकारी को लेकर उन्हें मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 7 मार्च से 11 मार्च तक पंचायतवार सभी अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति टोलो में शिविर सुबह 10 बजे से 2 बजे तक लगेगा। इसके लिए सभी विकास मित्र व स्वच्छता कर्मी प्रचार- प्रसार करेंगे। बीडीओ प्रदीप कुमार चौधरी व प्रखंड कल्याण पदाधिकारी राकेश कुमार ने कहा कि कल्याणकारी सरकारी योजनाओं को हर हाल में लाभुकों तक पहुंचाना हमारा लक्ष्य है।

## फ्लैग मार्च निकाल पुलिस ने की शांति की अपील

### होली एवं रमजान को लेकर शांति समिति की बैठक का भी हुआ आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** कासमा थाना परिसर में गुरुवार को होली पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता एवं संचालन थानाध्यक्ष इमरान आलम ने किया। उन्होंने कहा कि होली पर्व के साथ रमजान का महीना भी चल रहा है। ऐसे में सभी लोग सामाजिक सौहार्द बनाए रखने का अधिकतम प्रयास करें। पूर्व के विवादित स्थलों पर निगरानी रखी जायेगी। थानाध्यक्ष ने होली पर्व एवं रमजान को लेकर मुख्यालय से आए दिशा निर्देश के बारे में लोगों को अवगत कराया। अश्लील गानों, डीजे, पटाखा



फोड़ने पर प्रतिबंध लगाया गया है। बैठक में एएसआई किशोरी शाह, अरुण कुमार सिंह, शेख शेरअली के साथ अन्य समाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

बैठक उपरांत थाना क्षेत्र में सामाजिक सौहार्द बनाए रखने के लिए थानाध्यक्ष इमरान आलम, एसटीएफ के सहायक कमांडेंट प्रवीण कुमार, एएसआईप्रदीप कुमार, किशोरी शाह, अरुण कुमार सिंह, शेख शेरअली ने कासमा बाजार एवं ग्रामीण क्षेत्र में फ्लैग मार्च किया। कासमा थाना से फ्लैग मार्च निकाला गया जो मुख्य बाजार, कासमा मदनपुर रोड, कासमा आमस रोड, अरथुआ इंजीनियरिंग कॉलेज मोड़, मियां विगहा मोड़ सहित ग्रामीण क्षेत्र होते हुए कासमा थाना में सम्पन्न हुआ।

## एक नजर

### सीएम की योजनाओं का किया जा रहा प्रचार

**औरंगाबाद (नबिटा ब्यूरो)।** प्रगति यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जिन-जिन योजनाओं की घोषणाएं की, वह सभी योजनाएं स्वीकृति हो गई हैं। अब वह योजनाएं कब से धरातल पर उतरेंगी, इस बात की जानकारी आज जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने कैंप लगाकर दी। आज जिलाधिकारी ने देव प्रखंड क्षेत्र के रुद्रकुंड एवं सूर्यकुंड में प्रेस वार्ता की गई। जिलाधिकारी द्वारा बताया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की प्रगति यात्रा में जिन-जिन योजनाओं की स्वीकृति एवं घोषणा हुई, उसकी जानकारी मीडिया को दी गई है। मौके पर उप विकास आयुक्त अभयेंद्र मोहन सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी संतन कुमार, सभी वरिय उप समाहर्ता, कार्यपालक अभियंता आरसीडी, बीडीओ, सीओ देव, जन प्रतिनिधि एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

### निजी जमीन में पंचायत सरकार भवन बनाने पर रोक की मांग

**हसपुरा (औरंगाबाद)/ नबिटा संवाददाता।** प्रखंड के डुमरा पंचायत में ग्रामीणों के रैयती जमीन पर पंचायत सरकार भवन बनाया जा रहा है, जिसकी शिकायत ग्रामीणों ने हसपुरा सीओ और औरंगाबाद जिलाधिकारी व उप विकास आयुक्त से आवेदन देकर किया है। ग्रामीणों ने आवेदन में बताया है कि रतनपुर में पंचायत सरकार भवन बनाया जा रहा है। जिस जमीन पर भवन बनाया जा रहा है उस जमीन पर हमलोग बीते कई दशकों से काबिज है, जिसका जमाबंदी भी अंचल कार्यालय में चल रहा है। ग्रामीणों का आरोप है की खाता संख्या 96 में जमीन का डिमांड उनके पुर्वजो के नाम से चल रहा है। बटवारा में सभी को तीन डिसिमिल जमीन हिस्सा में मिला है। सभी पाटीदार अपने - अपने नाम से नामांतरण करवा लिए है। जिसका रसीद भी कट रहा है। उसके बाद भी हसपुरा अंचल द्वारा उस जमीन पर पंचायत सरकार बनाने के लिए एनओसी दे दिया गया है। इस सबंध में बीपीआरओ बीरेंद्र कुमार चौधरी ने बताया की एनओसी देना अंचल कार्यालय का काम है, जहां अनुमति मिला है वहां काम हो रहा है। सीओ कौशल्या कुमारी ने बताई की आवेदन मिला है जांच कर उचित कारवाई की जाएगी।

### शादी वाले घर में पड़ोसी के दामाद ने की चोरी

**मदनपुर (औरंगाबाद)/ नबिटा संवाददाता।** घर की खिड़की तोड़ चोरों ने चोरी का अंजाम देकर हजारों रूपये उड़ा ले गए। मामला मदनपुर थाना क्षेत्र के मंगरावां गांव की हैं। हालांकि चोरी के दो दिन बाद ग्रामीणों ने चोर को पकड़ लिया। आरोपित पड़ोसी का दामाद निकला। जानकारी के अनुसार मंगरावां निवासी कारु भुईयां के घर में उसके बेटे की शादी की तैयारी चल रही थी। शादी से संबंधित महंगे सामान एवं नगदी रखी हुई थी, जिसे पड़ोसी का दामाद जो झारखंड के पलामू जिले के हरिहरगंज के रहने वाला सनोज रिकियासन है, ने मौका पाकर हाथ साफ कर लिया। आरोपित ससुराल में ही रहता था। मामले की जानकारी पुलिस को दे दी गई है।

### शराब के साथ आरोपित गिरफ्तार, जेल

**गोह (औरंगाबाद)/ नबिटा संवाददाता।** गोह पुलिस ने थाना गेट के समीप से गुप्त सूचना पर 10 लीटर महुआ शराब के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। साथ ही एक बाइक को भी जब्त किया गया है। जानकारी देते हुए गुरुवार को थानाध्यक्ष सुधीश कुमार ने बताया कि सूचना प्राप्त हुआ कि थाना गेट के समीप एक युवक हीरो स्प्लेंडर बाइक पर शराब लेकर कहीं डिलेवरी करने जा रहा है, जिसे पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तलाशी ली तो दो प्लास्टिक में कुल 10 लीटर शराब बरामद किया गया। किसे कागजी प्रक्रिया पूरी कर गुरुवार को जेल भेज दिया गया है।

### मच्छरों का प्रकोप बढ़ा, लोग परेशान

**औरंगाबाद (नबिटा ब्यूरो)।** बदलते मौसम से मच्छरों का प्रकोप बढ़ने लगा है। शाम होते ही मच्छरों का आतंक फैलता जा रहा है। इस कारण बीमारियों के फैलने की आशंका बढ़ गई है। इससे लोग काफी परेशान हैं। यह प्रकोप एक सप्ताह से अधिक समय से जारी है। नगर परिषद और जिला प्रशासन की ओर से इस स्थिति को लेकर कोई ठोस कदम नहीं उठाए जाने से लोग और भी चिंतित हो रहे हैं। रात नहीं, दिन में भी मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है। वहीं संध्या होते ही लोगों का किसी स्थान पर बैठना मुश्किल हो जाता है। घर हो या दुकान, हर जगह मच्छरों का आतंक बढ़ गया है। भाजपा नेता व समाजसेवी जितेंद्र गुप्ता ने मच्छरों के बढ़ते प्रकोप पर अपनी चिंता व्यक्त किया है। उन्होंने नगर परिषद और जिला प्रशासन से डीडीटी पाउडर का छिड़काव या मच्छरों से निपटने के लिए अन्य उपाय करने की मांग की है।

### नौ को मनेगी वीर लोरिक की जयंती

**रफीगंज (औरंगाबाद)/ नबिटा ब्यूरो।** शहर के डाकबंगला मैदान में होने वाली वीर लोरिक की जयंती मनाने को लेकर तैयारी कर ली गई है। आगमी नौ तारीख को जयंती समारोह का आयोजन किया जाएगा। मौके पर डॉ तुलसी यादव ने बताया कि सभा की तैयारी कर ली गई है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बिहार सरकार के पूर्व मंत्री ददन पहलवान शामिल होंगे। यह कार्यक्रम का नारा है विद्वान, बलवान और भारत का किसान। मौके पर सीधी यादव, लड्डू खान, सुधीर चंद्रवंशी, वीरेंद्र यादव, मुनरिक यादव, मिथिलेश कुमार यादव, संतोष साहू, अमरेंद्र यादव, भोलानाथ वर्मा, सरवन कुमार, धीरज कुमार, सचिन कुमार आदि उपस्थित हुए।

## विद्युत उपभोक्तागण ध्यान दें .....

### बिल नहीं जमा किया तो कट सकती है बिजली

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** होली महापर्व और रमजान के पाक महीने में आपके घर की बिजली गुल हो सकती है। अगर आपके घर या परिसर में बिजली का बिल बकाया है तो तुरंत भुगतान कर दें। जानकारी देते हुए विद्युत कार्यपालक अभियंता अमोल कुमार ने बताया कि विद्युत कंपनी मुख्यालय के द्वारा दिए गए निर्देश के आलोक में बकाया बिल की शत-प्रतिशत वसूली के लक्ष्य के मद्देनजर विशेष टीम का गठन कर बकाया बिल वसूली के लिए अभियान चलाया जा रहा है। जिन उपभोक्ताओं पर बिजली का बिल बकाया है उनका बिल बकाया के आधार पर बिजली का कनेक्शन काट दिया जाएगा। उन्होंने उपभोक्ताओं से बकाया बिल का अविलंब भुगतान करने की अपील की है। कार्यपालक अभियंता ने यह भी बताया कि उपभोक्तागण अपना बकाया बिल कार्यालय में, ऑनलाइन के माध्यम से या मीटर रीडर के माध्यम से भुगतान कर सकते हैं। साथ ही बिल के भुगतान के उपरांत रसीद अवश्य प्राप्त कर लें। इस संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार पूरे शहर में स्पेशल टीम के माध्यम से बिल वसूली का अभियान चलाया जा रहा है और बिल भुगतान नहीं करने वाले उपभोक्ताओं का बिजली कनेक्शन तत्काल काट दिया जाएगा।

## सड़क दुर्घटना में एक घायल

**हसपुरा (औरंगाबाद)/ नबिटा संवाददाता।** संसा रोड में जदुविगहा के समीप बाइक- टक्कर में बाइक चालक अहियापुर गांव निवासी विमल बौद्ध गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया जाता है स्थानीय लोगों के सहयोग से इलाज के लिए हसपुरा सीएचसी अस्पताल भर्ती कराया गया जहां हालत गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए मगध मेडिकल कॉलेज गया रेफर कर दिया। बताया जाता है कि घायल बाइक चालक दाउदनगर अनुमंडल से संसा गांव होते हुए हसपुरा की ओर आ रहा था, उसी क्रम में घटना हुई।